हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

रांची, मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 वर्ष : 13 अंक : 84 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

दिल्ली में सांसदों के लिए बने 184 फ्लैट्सःपीएम मोदी ने उद्घाटन किया... | पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हाउस अरेस्ट? सिब्बल | अमेरिका को चीन में चिप बिक्री से 15% हिस्सा मिलेगा

## वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च

# राहुल-प्रियंका, अखिलेश को हिरासत में लिया, 2 घंटे बाद छोड़ा; प्रदर्शन के दौरान 2 महिला सांसद बेहोश हुईं

**नई दिल्ली**: वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है।

मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ।

### दिल्ली पुलिस बोली- सांसदों ने मार्च के लिए अनुमति नहीं मांगी

मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया और बाद में हिरासत में ले लिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया।








### संसद थाने से छोड़ दिए गए नेता

हिरासत में लिए गए नेताओं को संसद मार्ग थाने ले जाया गया, जहां पुलिस ने उन्हें कुछ देर बाद छोड़ दिया। राहुल गांधी ने कहा, ''सच्चाई देश के सामने है। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है, यह संविधान को बचाने की लड़ाई है, 'एक व्यक्ति एक वोट' की लड़ाई है। हम एक साफ-सुथरी और सही मतदाता सूची चाहते हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भाजपा की कायराना तानाशाही नहीं चलेगी। ये जनता के वोट के अधिकार को बचाने की लड़ाई है। यह लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष है। 'इंडिया' गठबंधन के साथी संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली इस भाजपाई साजिश को बेनकाब करके ही रहेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस के रोके जाने के बाद बैरीकेड फांदकर दूसरी तरफ चले गए। उन्होंने कहा, ''हम वोट बचाने के लिए बैरिकेड फांद रहे हैं। जिन लोगों ने वोट काटे हैं, उनके खिलाफ चुनाव आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए।

### राहुल बोले- चुनाव आयोग का डेटा फटेगा खड़गे बोले- ये वोटों के अधिकार की लड़ाई

***राहुल गांधीः*** *'ये चुनाव आयोग का डेटा है, मेरा डेटा थोड़ी है जो मैं साइन करूं। हमने आपको ही दिया है, आप अपनी वेबसाइट पर डाल दीजिए, सबको पता लग जाएगा। ये सिर्फ बेंगलुरु में नहीं, देश के अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ है। चुनाव आयोग जानता है कि उसका डेटा फटेगा, इसलिए उसे कंट्रोल करने और छिपाने की कोशिश हो रही है।'*

***मल्लिकार्जुन खड़गेः*** *यह लोगों के वोट के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है। यह लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष है।*

***कांग्रेस जयराम रमेशः*** *चुनाव आयोग चुनाव आयोग है, ये चुराओ आयोग नहीं हो सकता।*

***कांग्रेस सांसद अमर सिंहः*** *चुनाव आयोग की समस्या ये है कि वो किसी भी सवाल का जवाब नहीं देता; बल्कि बीजेपी हर सवाल का जवाब देती है। उन्होंने खुद साबित कर दिया कि चुनाव आयोग और सरकार एक ही हैं।*

***कांग्रेस केसी वेणुगोपालः*** *देश में कैसा लोकतंत्र है। सांसदों को चुनाव आयोग जाने की आजादी नहीं है।*

***सांसद सुप्रिया सुलेः*** *हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम महात्मा गांधी को अपना आदर्श मानते हैं।*

***केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजूः*** *कांग्रेस पार्टी और विपक्ष ने बहुत समय बर्बाद किया है। अब हम देश और संसद का समय और बर्बाद नहीं होने देंगे।*

## गुरुजी के श्राद्ध कर्म में विधि व्यवस्था संभालने के लिए आईएएस समेत सात अधिकारी प्रतिनियुक्त

**रांची** : दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री और राजयसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के दौरान विधि व्यवस्था संभालने के लिए रांची के पूर्व डीसी और वर्तमान में खान निदेशक के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी राहुल सिन्हा को वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है. उनके साथ रांची के एडीएम लॉ एन्ड ऑडर राजेश्वर नाथ अलोक, कांके सीओ अमित भगत, अरगोड़ा सीओ नितिन गुप्ता, बुढ़मू सीओ सचिदानंद कुमार वर्मा, खलारी सीओ प्रणव अंबष्ठ और रांची सदर के कार्यपालक दंडाधिकारी असीम कुमार बाड़ा की भी प्रतिनियुक्ति की गई है. क्त सभी



अधिकारी श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संभालेंगे ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो. बता दें कि 16 अगस्त को दिवंगत शिबू सोरेन का श्राद्ध कर्म उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ) में आयोजित होगा. इस दौरान पूरे झारखंड से कई लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचेंगे.

## हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी बेल

**रांची/नई दिल्ली**: रांची पीएमएलए कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के लैंड स्कैम के आरोपी व रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट से बेल मांगी है. दरअसल बीते 6 अगस्त को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने छवि रंजन की जमानच याचिका खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया था. जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है.

छवि रंजन ने जिस मामले में बेल मांगी है, वह रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़ा केस है. इस केस में छवि रंजन के अलावा चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष आरोपी हैं. इसी केस के एक अभियुक्त अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों बेल दी है.

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा में नया आयकर बिल पासःदो खेल विधेयक भी पेश

**नई दिल्लीः** वोटर वेरिफिकेशन और वोटों की चोरी के आरोपों पर हंगामे के बीच सरकार ने सोमवार को नया आयकर बिल (नंबर--2) 2025 और कराधान कानून संशोधन बिल-2025 लोकसभा में पास कराया। राज्यसभा में गोवा विधानसभा एसटी रिजर्वेशन बिल पेश हुआ, 2 स्पोर्ट्स बिल और मणिपुर से जुड़े 3 विधेयक पेश किए गए। हालांकि इन बिलों को पेश करते समय विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस पर राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चर्चा के लिए कहा जा रहा है कि हाउस ऑर्डर में नहीं है और बिल पारित हो रहे हैं। यह लोकतंत्र के साथ धोखा है। लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए। चेयर को, नेता सदन को यह स्पष्ट करना चाहिए। ये कैसा लोकतंत्र है। इससे पहले विपक्ष के 300 सांसदों ने वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।



### राज्यसभा में मणिपुर से जुड़े तीन विधेयक पेश किए गए

राज्य मंत्री पीसी चौधरी ने मणिपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (संशोधन) विधेयक 2025 और मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025 को एक साथ राज्यसभा में विचार के लिए प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मणिपुर 2025-26 बजट को भी चर्चा के लिए प्रस्तुत किया। सीतारमण ने कहा- मणिपुर का बजट प्रगतिशील और विश्वास बहाली वाला बजट है।

## रांची में सेना के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्राः परमवीर अल्बर्ट एक्का को नमन




**रांचीः** स्वतंत्रता दिवस के नजदीक आते ही राज्य की राजधानी का माहौल देशभक्ति के रंग में रंग चुका है. हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को रांची ने एक अद्भुत नजारा देखा, जब भारतीय सेना के जवानों ने शहर के हृदय स्थल अल्बर्ट एक्का चौक से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली. बाइक पर सवार होकर, हाथों में लहराते राष्ट्रीय ध्वज और होंठों पर भारत माता की जय और जय हिंद के नारे से चौक-चौराहे गूंज उठे. यात्रा में शामिल जवान न केवल अपनी वर्दी की शान में थे, बल्कि तिरंगे की आन-बान-शान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिए आगे बढ़ रहे थे.

### परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का को नमन

इस विशेष आयोजन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का को नमन करना भी था. अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचकर जवानों ने तिरंगे के साथ शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र की सेवा में अपने जीवन का बलिदान देने वाले इस वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी.

### हर भारतीय को घर और आंगन में तिरंगा फहराना चाहिए

जवानों का कहना था कि तिरंगा केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, गर्व और स्वतंत्रता का प्रतीक है. स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर इस यात्रा का संदेश स्पष्ट था. हर भारतीय के घर और आंगन में तिरंगा फहराना चाहिए.

देशभक्ति की लहर तिरंगा यात्रा के दौरान रांची की गलियों और सड़कों पर दौड़ पड़ी. राह चलते लोग रुककर इस नजारे को देखते रहे. कई लोग तिरंगे को सलामी देते और वंदे मातरम गाते दिखे. बच्चे और युवा भी इस यात्रा में शामिल होकर तिरंगा यात्रा के साथ कदम से कदम मिलाते चले.

## स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी में राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे ध्वजारोहण, राजभवन में नहीं होगा एट होम कार्यक्रम

**रांची** : स्वतंत्रता दिवस-2025 पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में इस वर्ष झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ध्वजारोहण करेंगे. राज्य सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने स्वीकृति दे दी है. परंपरा के अनुसार हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल उपराजधानी दुमका में और मुख्यमंत्री मोरहाबादी में ध्वजारोहण करते हैं. दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस पर इस बार राजभवन में एट होम कार्यक्रम नहीं होगा. झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस-2025 के अवसर पर रांची के मोरहाबादी में ध्वजारोहण करने का प्रस्ताव दिया गया था. इस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है. इसलिए इस वर्ष मोरहाबादी



में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राजकीय समारोह में राज्यपाल ध्वजारोहण करेंगे.

**राजभवन में नहीं होगा एट होम कार्यक्रमः** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में राजभवन में प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले 'At Home कार्यक्रम' को इस वर्ष आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया है.

**नेमरा में पुत्रधर्म के साथ राजधर्म निभा रहे हेमंत सोरेनः** झारखंड के पूर्व सीएम दिशोम गुरु शिबू सोरेन का चार अगस्त 2025 को दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया. वे कई बीमारियों से पीड़ित थे. सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया. पांच अगस्त 2025 को रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. सीएम हेमंत सोरेन ने उन्हें मुखाग्नि दी. मुख्यमंत्री फिलहाल नेमरा में श्राद्धकर्म में जुटे हैं. पारंपरिक रस्म-रिवाजों का निर्वहन कर रहे हैं. नेमरा से ही पुत्रधर्म के साथ राजधर्म का दायित्व भी निभा रहे हैं.

## रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को मिली धमकी, बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज

**रांचीः** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार को सोमवार 11 अगस्त 2025 की सुबह व्हाट्सएप कॉल पर धमकी मिली है. रिम्स निदेशक ने इसकी जानकारी दी है. इस संबंध में उन्होंने बरियातू थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई है. रिम्स निदेशक ने बताया कि सोमवार सुबह व्हाट्सएप कॉल पर उन्हें धमकी देने वाले शख्स ने कहा कि "15 दिन के अंदर तुम्हें जूते से मार मारकर रांची से बाहर करूंगा." रिम्स के निदेशक ने बताया कि चंदन कुमार नामक का वह व्यक्ति पहले भी उनसे कई बार मिल चुका है और खुद को एक निजी अस्पताल का सीईओ बताता है. डॉ. राजकुमार ने बताया कि जब उन्हें निदेशक पद से हटाने वाला प्रकरण चल रहा था, तब वह मेरी मदद करने की बात कहकर मिला था. लेकिन जब उसने रिम्स के कई कार्यों में दखल देने की कोशिश की और कुछ गलत तरीके से काम कराने की कोशिश की तब उन्होंने उससे मिलना या फोन उठाना बंद कर दिया था.

रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार ने बताया कि सोमवार सुबह व्हाट्सएप कॉल आने पर जब उन्होंने फोन उठाया तो उधर से अनाप- शनाप बोलने लगा.उन्होंने कहा कि धमकी भरे कॉल में कहा गया कि "बहुत सम्मान करा लिया तुमने... अब तुम्हें 15 दिनों के अंदर जूते से पीट कर रांची से बाहर करूंगा". निदेशक ने कहा कि आरोपी ऑफिस के ट्रांसफर-पोस्टिंग में दखल देने की कोशिश करता था और बात नहीं माने जाने पर आज उसने धमकी दी. उन्होंने बताया कि पूरे मामले को लेकर उन्होंने बरियातू थाने में दर्ज करा दिया है.

## बिहार के 7 जिलों में बाढ़, 10 लाख लोग प्रभावितः हिमाचल में 360 से ज्यादा सड़कें बंद, उत्तराखंड में 1000 लोगों का रेस्क्यू

**नई दिल्ली/लखनऊः** उत्तर प्रदेश-बिहार में तेज बारिश के कारण बाढ़ के हालात हैं। बिहार के 7 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 10 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत बिहार की 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। पटना जिले की 24 पंचायतें भी बाढ़ से घिरी हैं। उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां-नाले उफान पर हैं। मुरादाबाद में रामगंगा नदी उफान पर है। रविवार को एक बाइक सवार इसमें बह गया और फिर 22 घंटे तक एक पेड़ पर बैठा रहा। बाद में उसका रेस्क्यू हुआ। पिछले 24 घंटे में यूपी के 54 जिलों में 5.9 मिमी बारिश हुई।



मध्य प्रदेश में बीते कुछ दिनों से बारिश बंद थी। पिछले दो दिन से मौसम में बदलाव हुआ है। बंगाल की खाड़ी में 13 अगस्त से लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव होगा। इससे पूरे प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होगा। अभी कुछ ही जिलों में बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश के हुई लैंडस्लाइड के बाद NH-305 का औट-सैंज मार्ग बंद हैं। राज्य की 360 से ज्यादा सड़कों पर यातायात बाधित है। मानसून से जुड़ी घटनाओं में इस सीजन अब तक 116 लोगों की मौत हो चुकी है। 37 लोग अभी भी लापता हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में रविवार को 20 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करके मातली हेलीपैड लाया गया। धराली और हर्षिल में लोगों को भोजन-पानी पहुंचाया जा रहा है। यहां रेस्क्यू जारी है। लोगों को तलाशा जा रहा है। अब तक 1 हजार लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

### यूपी के बुलंदशहर में मंदिर-धर्मशालाएं बह गईं

बुलंदशहर के अहार क्षेत्र में गंगा उफनाई हुई है। सिद्ध बाबा गंगा घाट पर तेज बहाव में गंगा मंदिर, हनुमान मंदिर, गुरु गोरखनाथ मंदिर, जाहरवीर बाबा मंदिर और तीन धर्मशालाएं बह गईं। महराजगंज में दो अलग-अलग जगहों पर कोबरा देखे गए। देवरुआ में एक महिला को कोबरा ने डस लिया। बुलंदशहर में 10 फीट लंबा अजगर खंभे पर चढ़ गया। फर्रुखाबाद में गंगा नदी की बाढ़ की चपेट में 40 गांव हैं।

### हिमाचल में पहाड़ी से लैंडस्लाइड

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला में शिलाई को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-5 पर आज सुबह बड़ा पहाड़ सड़क पर गिर गया। इसकी चपेट में सड़क पर चलता टिप्पर और एक आयुष विभाग की गाड़ी आई। दोनों गाड़ी के ड्राइवर बाल बाल बच गए। सतौन के पास काली ढांक नामक जगह पर जहां लैंडस्लाइड हुआ, वहां सड़क किनारे पैराफिट नहीं होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। इससे दोनों गाड़ियां बड़ी बड़ी चट्टानों की टक्कर से सड़क से नीचे पलट सकती थी। वहीं मौसम विभाग ने 96 घंटे तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। प्रदेश में आज से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया है। शिमला में आज सुबह से बादल और घनी धुंध छाई हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज कांगड़ा, चंबा और मंडी जिला में एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है।

## सूर्या हांसदा का एनकाउंटर, इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

**गोड्डाः** जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके और कई मामलों में आरोपी सूर्या हांसदा की पुलिस एनकाउंटर के दौरान मौत हो गई. गोड्डा एसपी मुकेश कुमार ने पुलिस मुठभेड़ में सूर्या हांसदा के मारे जाने की पुष्टि की है. जानकारी के मुताबिक, गोड्डा के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जिरली समारी पहाड़ी के पास पुलिस और सूर्या हांसदा के बीच एनकाउंटर हुआ. जिसमे पुलिस ने सूर्या हांसदा को मार गिराया. एनकाउंटर के बाद घटनास्थल के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है. किसी को भी आगे नहीं जाने दिया जा रहा है. सूर्या हांसदा कई मामलों में वांछित था. गोड्डा और साहिबगंज जिले की पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी.

सूर्या हांसदा का राजनीतिक रसूक भी था. वह बोरियो विधानसभा क्षेत्र से कई बार चुनाव लड़ चुका था. उसने झाविमो, भाजपा के टिकट पर भी चुनाव लड़ा. वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में सूर्या हांसदा ने जयराम महतो की पार्टी



जेकेएलएम से चुनाव लड़ा था. सूर्या हांसदा की मां भी जिला परिषद सदस्य रह चुकी है. सूर्या हांसदा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है. उसके बड़े भाई महेंद्र हांसदा का भी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है. कई अपहरण और आपराधिक घटनाओं में उनका नाम सामने आया है.

इधर सूर्या हांसदा की मां ने बताया कि सूर्या का वेल्लोर में इलाज चल रहा था, वहां से वह देवघर लौटकर मोहनपुर के नवाडीह में एक रिश्तेदार के यहां रह रहा था, वहां से सादे कपड़ों में पुलिस बाइक पर आई और उसे ले गई. उसके बाद से वह लापता है, किसी अनहोनी की आशंका है.

## संक्षिप्त खबरें...

### कन्या मध्य विद्यालय में दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण



बड़कागांव (हज़ारीबाग)। झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के द्वारा प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों हेतु जांच शिविर एवं सहायक उपकरण का आयोजन कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव में किया गया। शिविर में कुल 17 बच्चों को सहायक उपकरण दिया गया और सत्र 2025 -26 में कुल 25 दिव्यांग बच्चों का चयन किया गया ।कार्यक्रम का शुरुआत कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव के प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव के रिसोर्स शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, विश्वनाथ कुमार महतो ,रंजीत नाग ,शंभू शरण दास, चंचला कुमारी,एवं दिव्यांग बच्चों के साथ अभिभावक भी उपस्थित हुए ।

### चंदौल पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने पंचवरिया खेल मैदान में पंचायत भवन बनाने की मांग की



बड़कागांव(हजारीबाग)। चंदौल पंचायत के 8 वार्ड सदस्यों एवं पंचायत समिति ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर बड़का गांव प्रखंड मुख्यालय में आवेदन देकर बहुल संख्यक क्षेत्र पंचबरिया खेल मैदान में पंचायत सचिवालय बनाने की मांग किया गया । विनोद यादव ने कहा कि मुखिया के क्रिया कलाप से बहुत खफा है यदि प्रशासन जनता की भावना को दरकिनार करते हुवें गलत स्थल मे निर्माण करवाता है तो हम लोग आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। (वही पूर्व मुखिया प्रतिनिधि असेश्वर राम ने कहा कि ग्राम पंचायत चंदौल के ग्राम चंदौल बहुल जनसंख्या वाला गांव हैं ,पंचयात भवन का निर्माण वही होना चाहिए जहाँ पूर्व पचायत भवन हैं ,नहीं तो बचवारिया मे निर्माण हो। इस मौके पर मांग करने वालों में पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी ,उप मुखिया शमसेर अंसारी, बिनोद यादव, अशेश्वर राम, वार्ड सदस्य सीमा देवी, मीना कुमारी, बसंती देवी, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, पिकी कुमारी, सुरेश चौधरी, महेंद्र यादव, राहुल पासवन रोहित कुमार महतो, विक्की सिंह,पिंटू भुईया, संतोष सिन्हा के साथ सैकड़ो ग्रमीण शामिल है।

### सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति गठन को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगपांचो गांव में सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति गठन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हेमलाल चौधरी ने की व संचालन सुनील चौधरी ने किया।बैठक में दुर्गा पूजा धूम-धाम से मनाने को लेकर पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष दयानंद चौधरी, उपाध्यक्ष कामेश्वर नायक, सचिव राजेश रजक उर्फ लालू, कोषाध्यक्ष जयश्री प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, महासचिव गंगाधर साव, संयोजक इन्द्रदेव प्रसाद का चयन किया गया. जबकि नाटक समिति के अध्यक्ष युगल ठाकुर, उपाध्यक्ष जितेंद्र राणा, डायरेक्टर परमेश्वर प्रसाद एवं प्रदीप पंडित को मनोनीत किया गया।बैठक में किशोरी चौधरी, प्रकाश महतो, परमेश्वर चौधरी, कामेश्वर नायक, दोलत तुरी, रविंद्र कुमार, मनोज चौधरी, इंद्रदेव प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, कुलदीप चौधरी, सतीश चौधरी, परमानंद चौधरी, कृष्णदेव प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, हेमराज प्रसाद, प्रदीप शर्मा समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### महटिकरा में कमेटी का गठन, शिक्षा पर जोर दिया गया



बड़कागांव (हज़ारीबाग)। महटिकरा गांव में समाज को संचालन को लेकर कुर्मी समाज की अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कृष्णा पटेल एवं संचालन जागेश्वर महतो ने किया। बैठक में समाज के विकास के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। समाज को बेहतर ढंग से संचालन को लेकर सर्व सहमति से अध्यक्ष जगन महतो ,सचिव निर्मल महतो,कोषाध्यक्ष जयंती देवी एवं नारायण महतो ,मोहन महतो ,महेंद्र महतो को संरक्षक बनाया गया । वहीं गोवर्धन महतो अजय कुमार ,दासो महतो, करम महतो, गंगाधर महतो, फुलदेव महतो, सुनील कुमार, प्रीतम महतो ,पूनम देवी ,ममता देवी, शांति देवी ,किटी देवी को सदस्य बनाया गया है। बैठक में संबोधित करते हुए सचिव निर्मला माता ने कहा कि हमें अपने समाज के शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है, लोग शराब से दूर रहें ,अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दें ,ताकि आगे चलकर आपका बच्चा आपका सहारा बन सके।

### अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोग घायल, 3 गंभीर

दुमकाः दुमका जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गये. इनमें 3 की हालत गंभीर है. उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया. दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर जरमुंडी के नीचे बाजार वाटर सर्विसिंग के पास दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई. घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गए. एक बाइक सवार भाग निकला. गंभीर रूप से घायल दूसरे बाइक सवार सुमित कुमार स्थानीय लोगों ने जरमुंडी सीएचसी पहुंचाया. दूसरा हादसा जरमुंडी-कैराबनी मुख्य मार्ग पर हुआ. जरमुंडी थाना क्षेत्र के हिरणाडंगाल निवासी युवक पप्पू राय अपने साथियों के साथ बाइक से रिश्तेदार के घर जा रहा था. तभी तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. दुर्घटना में पप्पू राय और उसके 3 साथी घायल हो गए. चारपहिया वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया. सभी घायल करीब डेढ़ घंटे तक सड़क पर पड़े रहे. राहगीरों ने इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को दी. लोगों ने घायलों को जरमुंडी सीएचसी पहुंचाया. वहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया. डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल दो लोगों को एंबुलेंस से पीजेएमसीएच भेज दिया. जबकि एक घायल को देवघर रेफर किया गया.

## बुढ़वा महादेव परिसर में एजेसीएस के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया, एजेसीएस की सफाई अभियान को श्रद्धालुओं ने की सराहना



बड़कागांव(हजारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड के महुदी पहाड़ स्थित सुप्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर में एक माह का आयोजित श्रावणी मेले में लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन रहा, मेले में प्रत्येक मंगलवार को आजाद जागृति छात्र संघ (एजेसीएस) द्वारा सफाई अभियान चलाकर साफ करने का प्रयास किया जाता रहा है । श्रावणी मेला संपन्न होने के बाद 11 अगस्त सोमवार को एजेसीएस टीम द्वारा बृहद रूप से मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सूखे - गीले कचरे को ट्रैक्टर में लादकर हटाया गया। संस्था के लोगों ने कहा मेले में आए दुकानदार व्यवसाय वर्ग, वैसे संस्था समूह या सज्जन जो श्रद्धालुओं की सेवा के लिए खीर, चना, खिचड़ी, शरबत या अन्य तरह का सेवा देते रहे वे धन्यवाद के पात्र हैं। पर उन्हें भी गंदगी पर नियंत्रण रखने,स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं सहयोग करना की आवश्यकता है। धार्मिक स्थलों में लोगों को आस्था के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरुकता जरूरी है, तभी धार्मिक स्थलों को साफ एवं सुंदर रखा जा सकता है। सफाई अभियान में मुख्य रूप से एजेसीएस के अध्यक्ष भादेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव विनोद प्रसाद, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, सदस्य-शिबू सोनी, श्रवण सोनी, भुगेश्वर प्रसाद ,गंगाधर प्रसाद ,दीनानाथ प्रसाद, अनुज कुमार, संजीवन कुमार, अभिषेक कुमार ,रिझेश्वर प्रसाद ,दीपक कुमार, अनिलेश कुमार ,सेवक कुमार पवन कुमार, अर्जुन कुमार, नितिन राज, दिवाकर कुमार , जितेंद्र कुमार,नंदकिशोर महतो अन्य शामिल थे।

## पिकअप के धक्के से 4 साल के बच्चे की मौत, विरोध में सड़क जाम



लातेहारः लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से हृदयविदारक घटना सामने आयी है. लाधुप गांव में तेज रफ्तार पीकअप वैन ने एक चार साल के मासूम बच्चेम को अपनी चपेट में ले लिया. बच्चे की घटना स्थकल पर ही मौत हो गयी. मृत बच्चेय की पहचान नायाब राय के रूप में की गयी है. वह यूनस राय का बेटा था. घटना के बाद चालक पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया. वह पुलिस के डर से बिजुपाड़ा के पास वाहन खड़ा कर फरार हो गया. दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने बच्चे के परिजनों के साथ रांची-मेदिनीनगर राष्ट्री य उच्चअ पथ-39 को जाम कर दिया. जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी. सूचना मिलने पर चंदवा बीडीओ व थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया. बीडीओ ने पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा व अन्य सुविधायें देने की बात कही. इसके बाद जाम हटा लिया गया. पुलिस ने शव को पोस्मानर्टम के लिए सदर अस्पलताल, लातेहार भेज दिया है.

## सखिया पंचायत में उप प्रमुख की अध्यक्षता में जुलजुल पहाड़ संरक्षण समिति का हुआ गठन



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिलें के सदर प्रखंड के सखिया पंचायत के जुलजुल पहाड़ के समीप सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह उर्फ़ गोविंद सिंह ने की। इस सभा में पंचायत के सभी प्रमुख सदस्य और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्य चर्चा जुलजुल और सीतागढ़ा पहाड़ के संरक्षण को लेकर हुई। ग्राम सभा में सभी उपस्थित सदस्यों ने इस बात पर अपनी सहमति जताई कि पहाड़ों के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण की रक्षा के लिए एक विशेष समिति का गठन आवश्यक है। इस सर्वसम्मति से जुलजुल सीतागढ़ा पहाड़ संरक्षण समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष के रूप में इम्तियाज आलम, उपाध्यक्ष के रूप में मुखिया लाल धारी राम (पौंता पंचायत) तथा सचिव के पद पर महेश तिग्गा (मुखिया, गुरहेत पंचायत) को चुना गया। इसके साथ ही पवन उर्फ़ पप्पू यादव (मुखिया, बैहरी पंचायत) को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महिला अध्यक्ष के रूप में अनीता देवी तथा महिला सचिव के रूप में भी एक सदस्य को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सक्रिय सदस्यों का भी चयन किया गया, जिनमें स्थानीय समाजसेवी और ग्रामीण शामिल हैं, जिनमें अनिल हीरो, प्रकाश कच्छप, उदय ठाकुर, श्याम रविदास, सहवान अंसारी, शशि होरो, सुरेश लकड़ा, रवि राम, महेंद्र साल, गोपाल यादव, संजय यादव, कपिल महतो और सचिन आइंद। इसके अतिरिक्त संरक्षण समिति के अन्य सदस्यों का भी चयन सर्वसम्मति से किया गया, जिनमें सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह उर्फ़ गोविंद सिंह, संजू देमता, कुलदीप ठाकुर, विनोद कुमार दास, मनोज ठाकुर और विजय मिंज शामिल हैं। इस समिति के गठन का उद्देश्य जुलजुल और सीतागढ़ा पहाड़ों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करना है, ताकि क्षेत्र का प्राकृतिक वातावरण सुरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियां भी इसकी सुंदरता का अनुभव कर सकें।

## धनबाद रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाया जाएगाः डीआरएम



धनबाद : डीआरएम रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने कहा कि मंडल ने पिछले दो-तीन महीनों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट पर विशेष ध्यान दिया है. धनबाद रेलवे स्टेशन के नॉर्थ साइड (प्लेटफॉर्म संख्या 1 के आगे) से दो नई लाइनों को जोड़े जाने की योजना है.स्टेशन को वर्ल्ड क्लास लुक दिया जाएगा. इसके लिए नया, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस भवन बनाया जाएगा. इसका प्रारूप तैयार कर लिया गया है. लागत राशि भी तय हो चुकी है. धनबाद रेल मंडल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन के साथ-साथ माल ढुलाई में पुनः पहला स्थान हासिल करने के लिए तेजी से कदम उठा रहा है.

डीआरएम सोमवार को प्रेसवार्ता में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि रेलवे में माल ढुलाई का सरताज माने जाने वाला धनबाद मंडल इस वर्ष जुलाई में तीसरे स्थान पर खिसक गया है. इसका मुख्य कारण लगातार भारी बारिश का होना है. डीआरएम ने कहा कि जुलाई में बिलासपुर मंडल 15.26 मिट्रिक टन के साथ पहले स्थान पर रहा. कुरनुल मंडल 14.55 मिट्रिक टन के साथ दूसरे और धनबाद मंडल 13.64 मिट्रिक टन के साथ तीसरे स्थान पर रहा. अप्रैल से जुलाई तक के कुल आंकड़ों में बिलासपुर रेल मंडल 63.19 मिट्रिक टन, धनबाद 62.67 मिट्रिक टन और कुरनुल मंडल ने 57.31 मिट्रिक टन माल ढुलाई की है.

आय के मामले में जुलाई में धनबाद मंडल ने 1695.476 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि बिलासपुर मंडल की आय 1667.042 करोड़ रुपये रही. डीआरएम ने कहा यात्री आय में भी इस बार धनबाद मंडल पिछड़ गया. इसे देखते हुए मंडल में परिचालन दक्षता बढ़ाने, ट्रैक सुधार कार्य और माल ढुलाई नेटवर्क को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य तेजी के किया जा रहा है.

### हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की हुयी शुरुआत, रंगोली प्रतियोगिता व कार्यशाला का आयोजन



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गयी। इसके तहर स्थानीय राजकीय मध्य विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने सील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा नगर परिषद कार्यालय के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में सभी नप कर्मी,स्वच्छता मित्र,सीआरपी व एसएसजी की महिला समितियों ने भाग लिया। मौके पर दीपक कुमार,सुमित कुमार,रमेश कुमार,रवि चौधरी,मुबारक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने कार्यपालक पदाधिकारी से की शिष्टाचार मुलाकात, गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत




संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विधायक प्रतिनिधि हेसामुद्दीन अंसारी व कृष्णा कांत यादव उर्फ मुन्ना यादव सोमवार को विश्रामपुर नगर परिषद के नये कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही उक्त दोनों विधायक प्रतिनिधि हेसामुद्दीन अंसारी व मुन्ना यादव ने कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। हेसामुद्दीन अंसारी ने उम्मीद जताया कि अब नगर परिषद का समुचित विकास होगा। कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने कहा कि विकास की गति को तेज करना मेरी पहली प्रथनिकता होगी। मौक पर इम्तियाज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## मोर्चा ने 5 सूत्री मांगों को लेकर सेल वाशरी गेट पर किया प्रदर्शन




धनबादः विस्थापित ग्रामीण संघर्ष मोर्चा ने पांच सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को धनबाद के चासनाला स्थित सेल वाशरी के कांटाघर के समीप धरना दिया गया. इस दौरान कंपनी की ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप रही. कांटाघर के समीप हाइवा की लंबी कतार लग गई. प्रदर्शनकारियों ने सेल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

मोर्चा नेताओं ने कहा कि प्रबंधन के साथ कई बार वार्ता हुई, लेकिन मांगों की पूर्ति की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. प्रबंधन ने किये गए वादों को भी दरकिनार कर दिया है. इससे कांडरा व चासनाला के लोगों में आक्रोश है.

उन्होंने सेल प्रबंधन से स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता के साथ रोजगार देने, कांडरा बस्ती में बिजली की समुचित व्यवस्था करने व पुराने पोल व तारों को बदलने की मांग की. साथ ही बस्ती के युवकों को गार्ड की नौकरी देने, बस्ती में उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने व सीएसआर मद में अब तक हुए कार्यों का ब्योरा सार्वजनिक करने की भी मांग की. मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के अंदर मांगों की पूर्ति की दिशा में पहल नहीं हुई, तो सेल चासनाला का पूरा कामकाज ठप कर दिया जाएगा.

## भाकपा माले ने मनाया खुदीराम बोस का शहादत दिवस, दी श्रद्धांजलि




धनबादः धनबाद के पुराना बाजार टेम्पल रोड स्थित भाकपा माले कार्यालय में सोमवार को शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस मनाया गया. पर्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहीद खुदीराम बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. माले नेता हरि प्रसाद पप्पू ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में शिरकत करने वाले असंख्य क्रांतिकारियों की श्रृंखला में शहीद खुदीराम बोस एक चमकता हुआ सितारा हैं. वह आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा क्रांति की राह दिखाने वाले लाइट हाउस की तरह रहेंगे.

उन्होंने कहा कि नई गुलामी से त्रस्त और कॉर्पोरेट समाज के विरुद्ध आज के दौर में इंकलाब का नारा बुलंद करने के लिए शहीद खुदीराम बोस का रास्ता ही परिवर्तन ला सकता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष प्रसाद सिंह ने, जबकि संचालन पवन महतो ने किया. मौके पर राज्य कमिटी के सदस्य आनंद मय पाल, सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, पवन महतो, विश्वजीत राय, सुशांतो नायक, वेद प्रकाश सिंह, राजकुमार रवानी, प्रदीप गोराइ, अनूप प्रसाद, सत्येंद्र वर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय माधोपुर में विद्यार्थियों के बीच नोट बुक एवं वार्षिक कैलेंडर वितरित



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय माधोपुर में विद्यार्थियों के बीच नोट बुक एवं वार्षिक कैलेंडर वितरित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया सरयू प्रसाद यादव, प्रधानाध्यापक यमुना बैठा, वार्ड सदस्य गायत्री कुमारी ने छात्र छात्राओं के बीच नोट बुक और कैलेंडर वितरण किया. जिसमें विद्यालय में अध्यनरत वर्ग प्रथम से अष्टम तक के 61 बच्चे शामिल हैं।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बसंती देवी, बैजनाथ प्रसाद यादव, सहायक अध्यापक महेश यादव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### जादूगोड़ा में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय, तैयारी शुरू



जादूगोड़ाः जादूगोड़ा में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू हो गई है. वीर ग्राम में सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक ग्राम प्रधान डॉ सुंदरलाल दास की अध्यक्षता में हुई. बैठक में हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. आयोजन को सफल बनाने के लिए फनीभूषण दास को पूजा कमेटी का सचिव बनाया गया. डॉ सुंदरलाल दास ने कहा कि इस बार दुर्गोत्सव के मुख्य अतिथि जेवियर पब्लिक स्कूल के निदेशक सुनील सिंह होंगे. यहां दुर्गोत्सव की शुरुआत 2017 में की गई थी. तब से हर साल पूरे विधि-विधान व धूमधाम से पूजा हो रही है. बैठक में बादल दास, संतोष दास, प्रणव भकत, मनोज रजक, नरोत्तम महतो, लखी दास, मानिक दास, अशोक दास, गोपी दास, आकाश दास, शंकर भकत, रमेश पांडा, राजू दास, पद्योलोचन दास, विकास दास समेत वीरग्राम, बिरधा, डोरकासाई, भालुकडीह व नारायणपुर के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

## बैडमिंटन कोच यशराज ने लगाया मानसिक उत्पीड़न व वेतन में कटौती का आरोप




देवघरः देवघर के बैडमिंटन कोच यशराज गुप्ता ने जिला खेल प्राधिकरण व बैडमिंटन अकादमी पर मानसिक उत्पीड़न, वेतन में कटौती व वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने देवघर डीसी को आवेदन देकर मामले की जानकरी देते हुए न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन में उन्होंने कहा कि वह पिछले चार वर्षों से देवघर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, लेकिन बीते कुछ वर्षों से उनके साथ लगातार अन्याय हो रहा है. मानसिक रूप प्रताड़ित भी किया जा रहा है. पिछले फरवरी में बिना लिखित सूचना के उन्हें अकादमी में कार्य करने से मना कर दिया गया. कोच का आरोप है कि बैडमिंटन के कोषाध्यक्ष ने फोन पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि "हम तुम्हें नहीं रखेंगे, हटाकर अच्छा कोच लाएंगे.

कोच यशराज गुप्ता ने कहा कि उनका मासिक वेतन 15,000 से घटाकर 13,000 रुपए कर दिया गया. जबकि खिलाड़ियों की फीस 1,000 से बढ़ाकर 1,350 रुपए प्रतिमाह कर दी गई है. इसका कारण पूछने पर स्पष्ट जवाब भी नहीं दिया जाता है. उन्होंने कहा कि अकादमी में करीब 70 खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते हैं, जिससे हर माह लगभग 94,500 रुपए की आय होती है. खर्च और वेतन देने के बाद भी 48,500 की राशि बचती है. लेकिन इसकी सही जानकारी खिलाड़ियों व कोच को नहीं दी जाती है.

कोच का आरोप है कि कोषाध्यक्ष के देवघर में अनुपस्थित रहने के कारण वेतन भुगतान में हमेशा देरी होती है. अगस्त में 2 तारीख को वेतन मिलना था, लेकिन 6 तारीख तक भुगतान नहीं हुआ. बैडमिंटन के उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों को निर्देश दिया है कि वे कोच के पैर न छुएं. कोच ने इसे व्यक्तिगत व सामाजिक अपमान बताया. कोच का कहना है कि वह झामुमो खेल मोर्चा के उपाध्यक्ष भी हैं. उनके साथ किया जा रहा व्यवहार न केवल व्यक्तिगत बल्कि संस्थागत असम्मान है. उन्होंने डीसी नमन प्रियेश लकड़ा पूरे मामले की जांच कराने की मांग ही है. साथ ही अकादमी की वित्तीय स्थिति का ऑडिट करा की भी मांग की है.


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम परीना खातून, उम्र करीब–19 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–05 फीट
पहनावा–पीला रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला परीना खातून, उम्र–19 वर्ष, लुकमान अंसारी, ग्राम–चोड़ा, थाना–चान्हो, जिला–राँची जो दिनांक–09.07.2025 को अपने घर से सिलाई सेन्टर को कहकर निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चान्हो थाना सनहा संख्या–10/2025, दिनांक–23.07.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID** (rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, रॉची। – 9431742777
थाना प्रभारी चान्हो, रॉची। – 9431706184

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 359361 Police (25-26)_D

# संक्षिप्त खबरें

## मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी तेज

**रांचीः** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार शाम मोरहाबादी मैदान का दौरा किया और स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को साफ-सुथरी और बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम बिना किसी रुकावट के सफलतापूर्वक हो सके. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मुख्य मंच, परेड ग्राउंड, अतिथि दीर्घा, जनता के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, रोशनी, सजावट, सुरक्षा, पार्किंग, ट्रैफिक, डॉक्टर और एम्बुलेंस की व्यवस्था समेत सभी जरूरी तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि सभी काम तय समय और अच्छी गुणवत्ता में पूरे हों. सुरक्षा को लेकर उन्होंने पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, ट्रैफिक प्लान और पार्किंग की स्पष्ट पहचान करने के निर्देश दिए. नगर निगम को मैदान और आसपास सफाई अभियान, पेयजल टैंकर, मोबाइल शौचालय और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया. निरीक्षण के समय उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक, एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार, आईटीडीए परियोजना निदेशक संजय कुमार भगत, नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद थे.

## मंत्री ने की राहुल गांधी की गिरफ्तारी की निंदा

**रांचीः** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य सांसदों एवं नेताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग से पूछे गए सवालों का अब तक जवाब नहीं मिला है. मंत्री ने बताया कि राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों जैसे मृत लोगों के नाम, जीवित लोगों को मृत सूची में डालना, एक ही पते पर सौ से दो सौ लोगों के नाम और एक ही वोटर कार्ड का कई राज्यों की सूची में होना, जैसे चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए थे. इसके बावजूद चुनाव आयोग ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है. शिल्पी नेहा तिर्की ने सवाल उठाया कि क्या 2024 में बनी केंद्र सरकार सही तरीके से चुनी गई है या हेराफेरी का नतीजा है. उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को तुरंत देश की जनता के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास कायम रहे.

## राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की महासचिव नीलम बिरुली की संदिग्ध मौत, पति गिरफ्तार

**रांचीः** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की महासचिव नीलम बिरुली की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। सोमवार को रिम्स रोड स्थित लेक व्यू मेंशन अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 416 बी के कमरे में उनका शव पंखे से लटकता हुआ बरामद हुआ है। मृतका नीलम के मायके वाले इसे सुनियोजित हत्या बता रहे हैं। मृतका की मां मुक्ति बिरुली ने आरोप लगाया कि नीलम को उसका पति संतोष कुमार बारला , जो सिमडेगा के ग्रामीण बैंक में मैनेजर हैं, कई वर्षों से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। उन्होंने बताया कि रविवार को कार धुलवाने के बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद वो कमरे में चली गई। कुछ घंटे बाद जब दरवाजा खोला गया, तो नीलम का शव पंखे से लटकता हुआ पाया गया। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पति को गिरफ्तार किया गया है। मृतका की मां के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## मंत्री रामदास को देखने पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा व सांसद विद्युत महतो दिल्ली अपोलो अस्पताल पहुंचे

**रांचीः** सांसद बिद्युत बरण महतो एवं झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज नई दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का चिकित्सकीय हालत जानने पहुंचे । इस क्रम में नेता द्वय ने अस्पताल के चिकित्सकों से उनके स्थिति के बारे में जानकारी ली। मंत्री के ईलाज में लगे चिकित्सकों ने अद्यतन स्थिति की जानकारी दी एवं बताया कि हर संभव प्रयास किया जा रहा है , ताकि उनकी स्थिति तीव्र गति से सुधार हो। अस्पताल में शिक्षा मंत्री के पुत्र भी थे । नेता द्वय ने उनके पुत्र को ढाढ़स बंधाया और कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा ।

## संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक संपन्न, झारखंड राज्य के निर्माता शिबू सोरेन को दिया श्रद्धांजलि

**संवाददाता रांचीः** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बिमल दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, झारखंड राज्य के निर्माता शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। 27 नवंबर 1993 में महाजनी प्रथा के खिलाफ संघर्ष में उनके पिता सोबरन सोरेन की हत्या के पश्चात 4 फरवरी 1972 को झामुमो के महासचिव चुने गए,1975 में आपातकाल में जेल में रहे,7 अगस्त 1995 को झारखंड क्षेत्र स्वायत परिषद के अध्यक्ष बने,23 मई 2004 को केन्द्रीय कोयला मंत्री बने, 3 मार्च 2005 को झारखंड के मुख्यमंत्री 10 दिनों के लिए बने, उसके बाद दो बार 5-5 माह के लिए मुख्यमंत्री बने, तीन दशक तक झामुमो के अध्यक्ष रहे, झारखंड निर्माण में उनका सर्वोपरी योगदान रहा, महाजनों के खिलाफ संघर्ष में वर्षों भूमिगत रह कर संघर्ष किया,

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा को आदर्श गांव के रूप में विकसित करे सरकार



**संवाददाता रांचीः** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा को सर्वसुविधायुक्त आदर्श गांव के रूप में विकसित करे सरकार उपरोक्त बाते आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक ईमेल भेजकर कही। इन्होने आगे कहा कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक, आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन और उनका योगदान इस राज्य की आत्मा में बसा है। उनका जन्म रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव में 11 जनवरी 1944 को हुआ, जो न केवल उनके जीवन की शुरुआत का गवाह है, बल्कि जल, जंगल, और जमीन के लिए उनके ऐतिहासिक संघर्ष का प्रारंभिक स्थल भी है। यह गांव झारखंड की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है।

# डीएवी हेहल स्कूल के निशानेबाजों ने शूटिंग चैम्पियनशिप में जीता 14 पदक

## छह स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल



**रांचीः** झारखंड की राजधानी रांची के डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के निशानेबाजों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ईस्ट ज़ोन शूटिंग चैम्पियनशिप-2025 में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के खिलाड़ियों ने जो पदक जीते हैं, उनमें छह स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में स्थित सनबीम एकेडमी में आयोजित हुई। इसमें झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लगभग 150 शीर्ष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सीबीएसई ऑब्ज़र्वर के रूप में मनीषा रानी उपस्थित रहीं।

डीएवी हेहल के 17 खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित आयोजन में भाग लिया और अपनी मेहनत, लगन और अनुशासित खेल भावना के दम पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की।

**टीम इवेंट में स्कूल की उपलब्धियांः** अंडर-19 बॉयज़ (पीप साइट राइफल) में सूरज प्रताप सिंह, वेद शाहदेव और आयुष कुमार ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-19 गर्ल्स (पीप साइट राइफल) में अन्वेषा तिवारी, सृष्टि प्रिया और उन्नति बाघवार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर-17 बॉयज़ में अवतार आनंद राज, यथार्थ पराशर और नितिन राज ने रजत पदक जीता। व्यक्तिगत पदक विजेताओं में

सृष्टि प्रिया रजत पदक (अंडर-19 गर्ल्स), उन्नति बाघवार कांस्य पदक (अंडर-19 गर्ल्स), तनु वर्मा कांस्य पदक (अंडर-17 गर्ल्स), सूरज प्रताप सिंह रजत पदक (अंडर-19 बॉयज़), अवतार आनंद राज कांस्य पदक (अंडर-17 बॉयज़) का नाम शामिल है।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य और सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी (डीएवी पब्लिक स्कूल्स,झारखंड ज़ोन-जी) बिपिन राय ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों की यह सफलता उनकी अथक मेहनत, सटीक तैयारी और अनुशासित दृष्टिकोण का परिणाम है। इस उपलब्धि ने विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे रांची का मान बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि हमारे छात्र आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इसी तरह इतिहास रचेंगे।

विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी शिक्षकों एसएम अज़ीम, संजय मंडल,प्रोलय करमाकर और सुशांति टोपनो को भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अवैध कोयला खनन में शामिल कॉर्पोरेट माफिया की हो जांच : पूर्व विधायक अंबा



**रांचीः** कांग्रेस की राष्ट्रीकहाय सचिव और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य में अवैध कोयला खनन में शामिल कॉर्पोरेट माफिया की निष्पोक्ष जांच करने की मांग राज्य सरकार से की है। उन्होंने सोमवार को धुर्वा के सेक्टर-3 स्थित एफ-44 में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कोयला माफिया रैयतों को उनकी जमीन से बेदखल कर रहे हैं, लेकिन इस लडाई को वे अपने परिवार के साथ मिलकर लडेंगी। चाहे इसके लिए उन्हें। कोई भी कीमत क्यों नहीं चुकानी पडे। अंबा ने कहा कि कोयलांचल में फैले अवैध कोयला खनन और इसमें शामिल कॉर्पोरेट-प्रशासनिक गठजोड़ की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। ताकि लोगों को न्याय मिल सके और उनकी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि कोयला माफियाओं के खिलाफ लडाई में उनके परिवार ने बडी कीमत चुकाई है। बावजूद इसके वे विस्थापितों की लडाई पूरी ताकत से लडेंगी।

**विस्थापितों के बच्चे दर-दर भटकने को विवशः** उन्होंने कहा कि कोयले की अवैध माइनिंग कॉर्पोरेट माफिया का साथ राज्य के भ्रष्ट अधिकारी दे रहे हैं। इन भ्रष्टद अधिकारी अमीर हो रहे हैं और उनके बच्चे विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं, विस्थापितों के बच्चे दर-दर भटकने को विवश हैं। इन विस्थापितों की क़ीमत चूका रहे परिवारों को देखने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे और मेरे परिवार को वर्षों से प्रताड़ित किया जा रहा है, लेकिन मैं यह लड़ाई जारी रखूंगी। कोयलांचल में लोगों को घरों से बेदख़ल किया जा रहा है। ताकि यहां के संसाधनों को लूटा जा सके। कोयलांचल के जल-जंगल-ज़मीन की लड़ाई में मैं और मेरा परिवार झुकने वाला नहीं है। अंबा ने कहा कि कोयला खनन क्षेत्र के विस्थापितों को न्यायपूर्ण मुआवज़ा और सम्मानजनक पुनर्वास दिया जाना बेहद जरूरी है। यहां के आदिवासी और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा आरआर एसी एक्ट- 2013 और संबंधित नियमों के तहत पूरी सख़्ती से होनी चाहिए, ताकि उनकी आजीविका, संस्कृति और ज़मीन सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर रोक और विस्थापितों की चिंता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी है।

## श्रीकृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने दी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



**रांचीः** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सचिव मनोज चौधरी एवं कोषाध्यक्ष सज्जन पाड़िया नेमरा गांव पहुंचकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिशोम गुरुजी दिवंगत शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने ट्रस्ट की ओर से गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गुरुजी के निधन को राष्ट्र, समाज एवं आदिवासी समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि अर्पण के पश्चात ट्रस्ट प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को व्यक्तिगत रूप से शोक संदेश पत्र सौंपा तथा उनके दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि जनजातीय चेतना, न्याय और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक थे। उन्होंने जन-जन की आवाज को संसद और सड़कों पर मुखर किया, जिससे आदिवासी समाज को नई पहचान मिली।

## हरिकनक ग्रेटर क्लब के लायन को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया



**संवाददाता रांचीः** लायंस डिस्ट्रिक्ट 322 ए द्वारा पुरस्कार समारोह में लायंस क्लब ऑफ राँची हरिकनक ग्रेटर को सत्र 2024-2025 के लिए अध्यक्ष लायन राजेश केडिया के नेतृत्व में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सीमा बाजपेयी के द्वारा हरिकनक ग्रेटर क्लब के लायन को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया,जो इस प्रकार हैंः 5 स्टार रीजन चेयरपर्सन पुरस्कार, मिशन 1.5 चैलेंजर पुरस्कार, अंतराष्ट्रीय अध्यक्षीय पदक पुरस्कार- लायन पी.एस. मिश्रा की मिला, 5 स्टार क्लब पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष पुरस्कार, स्टार अध्यक्ष पुरस्कार, क्लब प्रशंसा पुरस्कार, सेवा गतिविधि रिपोर्टिंग पुरस्कार लायन राजेश केडिया को मिला। सर्वश्रेष्ठ सचिव पुरस्कार- लायन अमित मिश्रा को मिला, सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष पुरस्कार - लायनअंकित सर्राफ को मिला, सदस्यता वृद्धि तृतीय स्थान पुरस्कार लायन रविरंजन मिश्रा को मिला, प्रशंसा पुरस्कार- लायन डॉ.राजेंद्र कुमार हाजरा, लायन डॉ.दीपक कुमार, लायन विजय कुमार पाठक एवं लायन दीपक कुमार साहू को मिला, प्रशंसा प्रमाण पत्र पुरस्कार- लायन शिव किशोर शर्मा को मिला, एवं सर्वश्रेष्ठ सहायक लायन पुरस्कार लायन सोनाली भट्टाचार्य को मिला। मौके पर अपनी प्रतिक्रिया मे लायन राजेश केडिया ने अपने पूरी टीम को तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और उम्मीद जताई कि वर्तमान अध्यक्ष के नेतृत्व में भी पूरी टीम अपनी पूरी क्षमता से काम करेगी और क्लब को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से डिस्ट्रिक्ट से आये अन्य क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ हरिकनक ग्रेटर से लायन प्रेमशंकर मिश्रा, लायन राजेश केडिया, लायन अंकित सर्राफ, लायन विजय पाठक, लायन सोनाली भट्टाचार्जी, लायन ममता मिश्रा, लायन प्रशांत कुमार, लायन शिव किशोर शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की नई कमेटी के गठन के बाद पहली वार्षिक आमसभा

**संवाददाता रांचीः** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ( जेएससीए) की नई कमेटी के गठन के बाद पहली वार्षिक आमसभा (एजीएम) रविवार को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में हुई। बैठक में सदस्यता विस्तार से लेकर अनुशासनहीनता पर कार्रवाई और नई चयन समितियों के गठन तक, कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। संघ के सचिव सौरव तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि संगठन के हित में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि यह वार्षिक आमसभा हमारे लिए खास है, क्योंकि नई समिति बनने के बाद यह पहली बैठक थी। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो आने वाले समय में संघ और खिलाड़ियों दोनों के लिए लाभकारी होंगे। उन्होंने बताया कि वार्षिक आमसभा में 8 वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों, 2 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस )और 2 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधकारियों समेत कुल 29 लोगों को आजीवन सदस्यता देने का रास्ता साफ हुआ।

यह प्रस्ताव विशेष जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर लाया गया, जिसे आमसभा ने मंजूरी दी। सदस्यता विस्तार को संघ के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इससे खेल से जुड़े अनुभवी और प्रभावशाली लोगों का जुड़ाव बढ़ेगा।

## झारखंड के श्रम मंत्री संजय यादव की बीमार माँ को देख भावुक हुए स्वास्थ्य मंत्री



**रांचीः** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को राज्य के श्रम मंत्री संजय यादव की इलाजरत माँ को देखने बिहार की राजधानी पटना स्थित मेदांता अस्पताल पहुंचे। बीमार माँ को देखकर वे भावुक हो गए और श्रम मंत्री संजय यादव को ढाढस बंधाया। दरअसल, श्रम मंत्री संजय यादव की बीमार माँ का पटना के मेदांता में इलाज चल रहा है।

उनकी माँ के बिस्तर पर बेसूध देखकर इरफान अंसारी ने कहा कि उन्होंने अपनी माँ को खोया है। जीवन में माँ का होना कितनी सुकून की बात है, वे यह भली-भांति जानते हैं, ऐसे में बड़े भाई संजय यादव पर क्या बीत रही होगी, महसूस किया जा सकता है।

उन्होंने संजय यादव की माँ के जल्द ठीक होने की कामना की। इसके साथ ही अस्पताल के डॉक्टरों से मुलाकात कर बेहतर इलाज के लिए कहा। प्रेस विज्ञप्ति के जरिए मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि अस्पताल परिसर में दोनों नेताओं के बीच राजनीति से परे मानवीय रिश्तों और पारिवारिक बातचीत हुई।

## मेदांता हॉस्पिटल ने बार-बार बेहोश हो रहे व्यक्ति को ऑपरेशन कर राहत दिलाई







**संवाददाता रांचीः** हृदय की अनियंत्रित धड़कन के कारण बार-बार बेहोश हो रहे 50 साल के एक व्यक्ति को मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, रांची में जटिल ऑपरेशन कर राहत दिलाई गई। इस दौरान उसे आई.सी.डी. नामक उपकरण प्रत्यारोपित कर उसके हृदय की धड़कन को सामान्य किया गया। हृदय की अनियंत्रित धड़कन को अतालता नामक बीमारी कही जाती है, पर यह मरीज अतालता वी.टी. से ग्रसित था। साधारणतया शरीर से हृदय में खून दायीं धमनी होकर जाता है, पर इस मरीज के हृदय में खून बायीं धमनी होकर जा रहा था जिसे असाधारण बीमारी मानी जाती है। ऑपरेशन कर बायीं धमनी के द्वारा आई.सी.डी. उपकरण लगाया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब बिल्कुल फिट है और अपना सारा काम स्वयं कर रहा है। ऑपरेशन करने वाले हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश अग्रवाल ने बताया कि मरीज को जब यहां लाया गया, उस समय उसका हृदय काफी कमजोर था, हृदय मात्र 30 प्रतिशत काम कर रहा था, उसकी जान जाने की आशंका बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि जब आई.सी.डी. प्रत्यारोपित करने के लिए ऑपरेशन किया गया तो पता चला कि बायीं धमनी से ही होकर खून उसके हृदय में जा रहा है जिसके कारण उसकी धड़कन अनियंत्रित चल रही थी। डॉ. अग्रवाल बताते हैं कि तब हमने उसे वायीं धमनी होकर खून जाने का रास्ता बनाया। काफी मशक्कत के बाद यह काम सफलतापूर्वक पूरा हुआ। बायीं धमनी जिसे एल.एस.वी.सी. कहते हैं, को कोरोनरी साइनस धमनी में, फिर उसके बाद दायें एड्रियम में तब राइट वैट्रिकल धमनी में भेजा। उन्होंने कहा कि इस दौरान जरा सी चूक हो जाने पर मरीज की जान जाने का खतरा बना रहता है।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने कहा कि हमारे यहां हृदय रोग विभाग में काफी अनुभवनी डॉक्टर्स मौजूद हैं जो मरीज को राहत दिलाने के लिए काफी मेहनत करते हैं। डॉक्टरों को मदद करने के लिए हॉस्पिटल में अनेक अत्याधुनिक मशीनें, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉक्टर्स इनका इस्तेमाल कर मरीज को बीमारी रहित होकर घर भेजते हैं।

# हटिया मजदूर यूनियन का ऐलान- हमारी मांगे एक भी कम नहीं होंगी

## सिर्फ सप्लाई का सेंटिमेंट जगाकर अपना अल्लू सीधा करना चाह रहे हैः भवन सिंह



**संवाददाता रांचीः** हटिया मजदूर यूनियन सीटू के अध्यक्ष ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा है कि फरवरी 2010, 2006एवं 2011 तीनो समझौता पूरे तौर पर लागू रहेगा। यही समझौता ही नहीं बल्कि आदेश सरकूलर और लागू किया जा चुका है। एच.ई.सी प्रबंधन का प्रयास विफल होगा। जो लोग आन्दोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, उनके पास जानकारी का सर्वया अभाव तो है ही वह हथियार भी नहीं है चलाकर ठेकेदार को एवं प्रबंधन को धारा साईं कर सकें। सिर्फ सप्लाई का सेंटिमेंट जगाकर अपना अल्लू सीधा करना चाह रहे है। मांग करना तो दूर वल्कि तनख्वाह में भरी इजाफा करना पड़ेगा। दरअसल ये नेता माँग कम पुराने ठिकेदार के चक्कर में फंसे हैं, जो अब संभव नहीं है। ठिकेदार का गुस्सा सीटू यूनियन और नेतृत्व से था जो इनके हाथ से पेमेंट का हक छिवाकर प्रबंधन को सीधे पेमेंट 21 (4) के तहत करवा दिया तभी से बदले की भावना से ग्रसित होकर सीटू के विरुद्ध भड़क रहा था और नेताओं को पाले में करके हटिया मजदूर यूनियन को संग्राम करने का इंतजाम किया। जब-जब यूनियन द्वारा एफ. एफ. पी शेड में मीटिंग बुलाया गया मजदूरों को रोकने का काम हर संभव किया। आम सप्लाई मजदूर हटिया मजदुर यूनिया के कार्यों एवं दिलाये गये मांगो से काफी प्रभावित रही है। आगे भी यूनियन अपनी माँग काटने नहीं देगी भरोशा रखें भरोशे पर खरा उतरेंगे 16 माह के लिए सीधे ले जाने का आर. एल.सी का निर्देश और प्रबंधन को यूनियन ने 25 (F) के तहत सारे भागने का दरवाजा बंद कर दिया था, तब जाकर सभी सप्लाई मजदूर काम पर ले जाये गये। रांथू लोहरा, ओवैस आजाद, शकील राजनाथ सिंह, राजेशवर यादव कहीं न कहीं हमारे द्वारा तिरस्कृत लोग हैं। और ये सभी कुछ कुछ गलत किए हैं और सीटू और नेतृत्व गलती को सुधारने या फिर माफ नहीं करती। सीटू के साथ रहना है तो चाल चरित्र और चेहरा सुधारकर रखना होगा। अन्यथा दरवाजा खुला है। शनिवार को मेरे साथ किसी भी सप्लाई कामगर ने कोई नाराजगी प्रगट नहीं किया हो ओ बैंस आजाद ने रथू को जरूर अंड-भंड बोलने को भड़काया। बाद में घर आकर देखा कि भवन सिंह को बंधक उत्पादन निर्देशक के यहां बनाये है दलाली करने गया है जल्द आये। 2.03 मिनट पर वीडियो और 2.19 मैं बाहर खड़ा हूं। क्या सामने आने पर कोई मजदूर और नेता भी कुछ बोला नहीं, दरअसल जमीन का दलाली करने वाला दूसरे को उसी चश्मे से दिखेगा, कहावत है जैसा खाओगे अन्न वैसा बनेगा मन ठेकेदार का खाए हो तो ठेकेदार के साथ ही रहोगे हटिया मजदूर यूनियन आंदोलन में साथ नहीं आए इसीलिए सप्लाई संघर्ष समिति का बैनर लगाया गया और सप्लाई का सेंटीमेंट भड़का कर नेता गिरी चमकाना ही इन नेताओं का मकसद है, तमाम नेताओं का मकसद बदले की भावना ने ही या स्थिति पैदा किया इसे कहते हैं, सुवा ना सुतरी बन गए कटहल के व्यापारी।

## शिबू सोरेन को भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दी श्रद्धांजलि



**रांचीः** भीम आर्मी के प्रमुख और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके पैतृक गांव नेमरा में मुलाकात की और दिशोम गुरू शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उन्होंने शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत और उनके योगदान को याद किया. कहा कि शिबू सोरेन ने राजनीति को कभी सत्ता का साधन नहीं माना, बल्कि अपने लोगों के हक और अधिकारों की लड़ाई का हथियार बनाया. उन्होंने हमेशा झारखंड के लोगों के लिए आवाज उठाई और उनके अधिकारों की रक्षा की. चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि शिबू सोरेन ने झारखंड के लोगों की पहचान को हमेशा महत्व दिया.

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के गांव नेमरा पहुंचे जेडीयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी



**संवाददाता रांचीः** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के गांव नेमरा जनता दल यूनाइटेड के साथियों के साथ पहुंचा। जेडीयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता सौमेन दत्ता, प्रदेश महासचिव, आशीष शीतल मुंडा, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के मोहम्मद हुसैन, मीर असरार, इम्तियाज अहमद खान, रिंकू, मोहम्मद साजिद खान, नदीम खान अशरफ समीर सद्दाम हुसैनसभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर भगवत गीता पुस्तक भेंट किया और सांत्वना दिए। इस विषम परिस्थिति में जेडीयू आपके साथ है। पहाड़ों जंगलों से घिरे छोटे से गांव से निकलकर गुरुजी राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष को पहुंचाए। गरीब आदिवासियों की आवाज बने। केंद्र सरकार में मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री बने, अपने पुत्र और परिवार को सेवा का गुण सिखाए।

उनके मार्गदर्शन में आज हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं और अपने रीति रिवाज से गांव में रहकर अंतिम विदाई का करम पूरा कर रहे हैं। हेमंत सोरेन गुरु के अधूरे सपने को पूरा करेंगे झारखंड के गांव के विकास में कदम बढ़ाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें...

### जुलूटो फाउंडेशन के तरफ से सिनेस्टर जयाप्रदा के हाथों प्रांतिक कुमार दास को किया गया सम्मानित




जमशेदपुर । जुलूटो फाउंडेशन टीम के द्वारा यूनाइटेड ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन सोशल जस्टिस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रांतिक कुमार दास को "अल्टीमेट ग्लोरी अवॉर्ड 2025" से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान बॉलीवुड सिनेस्टर सह पूर्व सांसद सह तीन टाइम के फिल्मफेयर अवार्ड जीतने वाली जयाप्रदा जी के हाथों से प्रदान किया गया। संयुक्त मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार विरोधी सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रांतिक कुमार दास ने एक्सक्यूटिव कमिटी के तरफ से जुलूटो फाउंडेशन टीम को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### सामाजिक बुराई को दूर करने के लिए लोगों को संगठित और जागरूक होना होगा- परवेज खान



अनगड़ा(मोहसीन): समाज में दिनों दिन बुराई और एक दूसरे के प्रति नफरत बढ़ती जा रही है,और लोग एक दूसरे की मदद करने से पीछे हटते जा रहे हैं.बुराई के रोकथाम व समाज में आपसी प्रेम भाव व नफ़रत क्रो मिटाने के लिए समाज के बुद्धिजीवी वर्ग और युवाओं क्रो आगे आना होगा,समाज में लोग आज जाति धर्म उच्च नीच के चक्कर में आकर एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं,उक्त बातें अंजुमन इस्लाह ए मुआसरा कमेटी अनगड़ा रांची के नवनियुक्त सदर परवेज खान ने बताया,वहीं उन्होंने बताया कि दहेज का लेन देन,गांजा डाग भांग का घुले आम सेवन करना फैशन बन गया है,समाज में बेटी के बनिस्बत बेटे क्रो ज्यादा तरजीह दिया जाता हैं,आज के समाज में मां-बाप व बड़ो का इज्जत करना लोग भूलते जा रहे हैं,समाज में शादी विवाह को इतना महंगा कर दिया गया हैं कि मां बाप कर्ज के तले हमेशा दबे रहते हैं,दहेज देने के चलते लोग अपने बच्चियों क्रो माँ के पेट में ही मार कर शर्मनाक घटनाओं क्रो चोरी छुपी अंजाम दे रहे हैं,लोगों का माल हड़पना,और बेईमानी में उतर जाना आम बात बन गई है,लोग उच्च शिक्षा से भाग रहे हैं,जब तक शिक्षा के क्षेत्र में लोग आगे नहीं आएंगे समाज उन्नति व विकास की ओर नहीं बढ़ेगा,समाज में बुराई के सबसे बड़ा कारण मोबाइल बन गया है,सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए विशेष कदम उठाने होंगे,जिसमें युवा वर्ग को आगे आना होगा।इस के अलावा समाज को जागरूक करना बहुत जरूरी है।भले ही चारों ओर बड़े-बड़े बिल्डिंग,लंबे चौड़े सड़क,नाली,अस्पताल बन रहें हैं उसी रफ्तार से बुराई भी बढ़ रही हैं,बुराईयों को खत्म करने के लिए सिर्फ सरकार को पुलिस प्रशासन के भरोसे नहीं रहना चाहिए बल्कि बुराईयों को दूर करने के लिए युवा वर्ग के साथ-साथ स्वयं सेवी संस्थाओं की भागीदारी भी जरूरी है। समाज में जागरूकता की लहर की शुरूआत ही युवा वर्ग से होनी चाहिए। वहीं परवेज खान ने लोगों से अपील किया है कि जहां कहीं भी बुराई होते देखे हमें उसकी सूचना दें बुराई करने वालों पर कार्रवाई होगी।

### हिंदुस्तान क्लब फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन मलकपुर की टीम हुई विजयी



इटखोरी (चतरा) इटखोरी प्रखंड के हलमता पंचायत अंतर्गत राजबर मैदान में हिंदुस्तान क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन का किया गया,मुख्य अथिति जिला परिषद सदस्या सरिता देवी,हलमता मुखिया आरती देवी,उपमुखिया गीता देवी, पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी,मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच मलकपुर और झारदाग के बीच खेला गया। जिसमें झारदाग से मलकपुर की टीम 02 गोल से जीत हासिल की। इस मौके पर राजेश प्रजापति, मुंशी राम, नंकू राम, कारू रविदास, किशोर प्रजापति, महेश यादव,रेफरी सनोज रविदास, कॉमेंट्री में अजय शर्मा,संतोष यादव,ऋषि राज, पंकज रविदास,राहुल कुमार, सन्नी कुमार, रोशन कुमार, पंकज कुमार, बालेश्वर रविदास,अमित कुमार, सचिन कुमार समेत मौजूद थे।

### चौपारण के दनुवा घाटी में पेट्रोल से भरा टैंकर पलटा चौपारण थाना प्रभारी पहुंचे घटनास्थल पर



चौपारण (हजारीबाग) रविवार देर शाम चौपारण के दुर्घटना की घाटी के नाम से मशहूर दनुवा घाटी में पेट्रोल से भरा एक टैंकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सूरज सिंह चौधरी अभिलंब सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी में पुलिस बल की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त टैंकर में फंसे ड्राइवर को सुरक्षित निकालकर सामुदायिक अस्पताल चौपारण भिजवाए जहां पर मामूली रूप से घायल टैंकर ड्राइवर का इलाज किया गया। थाना प्रभारी ने बताया की घटनास्थल पर वे मौजूद हैं और किसी प्रकार की अनहोनी और कोई घटना ना हो इसके लिए उन्होंने घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड को बुला लिया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा कार्यकर्ताओं को भेंट किया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, नागरिकों से घरों में तिरंगा लगाने की अपील की



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने सोमवार को एग्रिको स्थित अपने आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडल अध्यक्षों को सम्मानपूर्वक तिरंगा सौंपा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत के स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। उन्होंने एक राष्ट्र-एक भावना के तहत सभी झारखंडवासियों एवं जमशेदपुरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घर, दुकान और फ्लैट पर सम्मानपूर्वक तिरंगा लगाएं। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे स्वतंत्रता संग्राम की भावना का प्रतीक है और जब पूरा जमशेदपुर, झारखंड व देश तिरंगामय होगा तो देशभक्ति का ज्वार देखने को मिलेगा। साथ ही, घर-घर राष्ट्रीय ध्वज लगाने से खादी ग्रामोद्योग और हमारे बुनकर भाई भी सशक्त होंगे और देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में और मजबूती से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, जीवन लाल, पप्पू उपाध्याय, बबलू गोप, विकास शर्मा, सूरज सिंह, युवराज सिंह, रंजीत सिंह समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश

## तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल, दो फरार, सात मोटरसाइकिल बरामद





दुमकाः जामा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीनों बाइक चोर जामा, हंसडीहा और पकुड़िया थाना क्षेत्र के रहने वाले है। मामले में दुमका पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बीते कुछ दिनो से दुमका जिला अन्तर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरी की घटना हो रही थी। इस तरह की चोरी की घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के द्वारा सभी थाना प्रभारी को मोटरसाईकिल चोर गिरोह पर कड़ी निगरानी रखते हुए जगह बदल-बदल कर वाहन जाँच कर कांड का उद्भेदन करने का निर्देश दिया गया था।इसी क्रम में रविवार को गुप्त सूचना मिली कि जामा थाना क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के तीन मोटरसाईकिल से मोटरसाईकिल चोर गिरोह के सदस्य घुम रहे है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए छापामारी दल का गठन किया गया एवं थाना गेट पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया।चैकिंग के दौरान दुमका की ओर से आ रहे खाकी रंग की बुलेट पर सवार एक व्यक्ति, काले रंग की ग्लैमर पर सवार दो व्यक्ति एवं काले रंग की पल्सर पर सवार दो व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, परंतु तीनो मोटरसाईकिल पर सवार सभी लोग मोटरसाईकिल को घुमाकर पुनः दुमका की ओर भागने लगे। तत्पश्चात छापामारी दल के द्वारा गाड़ी से पीछा कर थाना से करीब पांच सौ मीटर आगे दुमका की ओर बुलेट पर सवार एक व्यक्ति एवं ग्लैमर पर सवार दो व्यक्ति को ओवरटेक कर रोका गया।जिसके उपरांत दोनो मोटरसाईकिल सावर व्यक्ति मोटरसाईकिल छोड़कर भागने लगे, जिसे छापामारी दल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया। पल्सर मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति भागने में सफल रहे।गिरफ्त में लिए गए तीनों व्यक्ति से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम क्रमशः अजय चौधरी, पिता देवल चौधरी, ग्राम बलवारा थाना हंसडीहा जिला-दुमका, विरेन्द्र राय पिता स्वर्गीय हरिकिशन राय, ग्राम-कुण्डाडीह, थाना- जामा जिला- दुमका तथा राजेश कुमार गुप्ता पिता स्व० हीरालाल गुप्ता ग्राम चौकीसाल, थाना- पाकुडिया, जिला पाकुड़ बताया। उनसे बुलेट एवं ग्लैमर मोटसाईकिल के संबंध में कागजात की माँग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नही किया गया।गहन पुछताछ करने पर तीनो व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि हम तीनो के अलावे दो अन्य साथी मिलकर दुमका जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो से तथा अन्य कई जगहो से मोटरसाईकिल चोरी करते हैं। तीनों ने चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग एवं मोटरसाइकिल चोरी करने में तथा बेचने की बात स्वीकार की। उक्त तीनो अभियुक्तो के स्वीकारोक्ति ब्यान एवं निशानदेही के आधार पर कुल- सात मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में जामा थाना प्रभारी के ब्यान के आधार पर गिरफ्तार तीनों अभियुक्त एवं दो अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध जामा थाना कांड संख्या -45/25 धारा- 317 (4),317 (5), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत् प्राथीमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनो अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।छापेमारी दल में एसडीपीओ जरमुंडी अमित कुमार कच्छप, पु०अ०नि० सह थाना प्रभारी जामा अजीत कुमार , पु०अ०नि० संजय कुमार जामा थाना, स०अ०नि० अनुरंजन मिंज, स०अ०नि० मधुसूदन प्रसाद सहायक पुलिस- दिपक चन्द दे,सहायक पुलिस- मदन मोहन वर्मा
एवं सहायक पुलिस- पंकज मंडल शामिल थे।

# चौपारण पुलिस ने नशे के सौदागर को किया गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

## 91.350 किलोग्राम अवैध डोडा लदा वाहन किया जब्त

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**



चौपारण (हजारीबाग) नशे के कारोबारीयों के विरुद्ध चौपारण पुलिस को सोमवार की सुबह एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी, जिला पुलिस अधीक्षक की गुप्त सूचना के आधार पर अवैध डोडा लदी एक स्विफ्ट कार को चौपारण पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया। सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार जिनकी संख्या जे एच 01 ई पी-4454 चतरा से चौपारण आ रही है। प्राप्त सूचना के आलोक में बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी चौपारण सूरज सिंह चौधरी ने सशस्त्र बलों के साथ चतरा मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान आरंभ किया इसी दौरान चतरा की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार का ड्राइवर गाड़ी को तेज गति से भगाने लगा जिसे सशस्त्र बलों के द्वारा पीछा कर सियारकोनी में जयराम होटल के समीप पकड़ा गया। पकड़े गए वाहन की तलाशी लेने पर उसमें सात बोरे में लगभग 91.350 किलोग्राम अवैध डोडा बरामद किया गया जिसे तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। गिरफ्त में लिए गए वाहन के ड्राइवर जो गोविंद राणा पिता स्वर्गीय दासो राणा ग्राम एदला थाना सिमरिया जिला चतरा का रहने वाला है। उसे गिरफ्त में लेते हुए उसे चौपारण थाना कांड संख्या 224/25 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अभियुक्त के पास से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार, सात बोरे में 91.350 किलोग्राम डोडा और एक ओप्पो मोबाइल जप्त किया गया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में द्वारा चलाए गए इस अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक थाना प्रभारी चौपारण सरोज सिंह चौधरी, सहायक और निरीक्षक बादल कुमार महतो समेत चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान सम्मिलित थे।

# जमीअतुल मोमेनीन चौरासी के कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक



कांके(मोहसीन): जमीअतुल मोमेनीन चौरासी,रांची क़ी कार्यकारिणी समिति की बैठक विलेज ढाबा,कांके रोड लॉ कॉलेज के पास में हुई.इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मो० मजीद अंसारी ने की.इस बैठक में निम्नलिखित सात बिंदुओं पर चर्चा कर फैसला लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से संस्था का पंजीकरण और बैंक खाता खोलने पर चर्चा किया गया। चर्चा में बताया गया कि संस्था का कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों से प्रोत्साहन राशि के रूप में संस्था कार्यों के लिए लिया जायेगा। सोशल मिडिया साईट पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर अंकुश एवं व्यक्तिगत कार्यवाही का फैसला लिया गया है,कि कार्यकारिणी समिति सदस्य इमरान क्रांतिकारी द्वारा तत्काल साइबर थाना में एक आवेदन किया जायेगा.कार्यकारिणी समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न पंचायतों से बैठक कर उपसमिति बनाने पर चर्चा करते हुए कार्यकारिणी समिति सदस्य मो० लतीफ़ अंसारी को जिम्मेदारी दी गई है, की 15 दिनों के अन्दर कड़रु,पुन्दाग, डीपाटोली, इलाहिनगर,हरमू,नगड़ी प्रखंड के सभी पंचायतों में उपसमिति का गठन किया जाये.अंजुमन इस्लामिया रांची के बायोलॉजी में दर्ज मोजाफात के सिलसिले में मंत्री जनाब हफिजुल हसन साहब से मुलकात किया जायेगा साथ ही झारखण्ड राज्य सुन्नी वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन से भी एक प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करेगें।यदि देहि इलाके के वोटरों को नहीं जोड़ा जाता है,तो आंदोलन किया जाएगा.रांची अंजुमन इस्लामिया के चुनाव में वोटर बनवाने में सभी पंचायतों को जागरूक किया जायेगा. संस्था द्वारा कब्रिस्तान,मस्जिद, ईदगाह,मदरसा,इमामबाड़ा का सर्वे के लिए कमिटी गठन कर आगामी बैठक में चर्चा कर फैसला लिया जायेगा.जमीअतुल मोमेनीन चौरासी, रांची,झारखण्ड स्वतंत्रता दिवस पर झंडात्तोलन के लिए रिंग रोड,हुसिर मोड़ के पास का जगह का चयन किया गया है, सुबह 10:30 बजे झंडा फहराया जायेगा।साथ ही जमीअतुल मोमेनीन चौरासी के इतिहास का पत्रिका का विमोचन किया जायेगा।बैठक में अध्यक्ष मो० मजीद आलम,सचिव नूर आलम,कोषाध्यक्ष मो० अरशद जिया, उपा अध्यक्ष मो० रिजवान,उप सचिव मो० हरीश अंसारी, प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी जुनैद आलम, कार्यकारिणी सदस्य मो० जमील अख्तर, मो० लतीफ़ आलम, इजराइल अंसारी, मो० नौशाद,आजाद,नुरुल होदा, रमजान अंसारी,मो० ताजुद्दीन अहमद, रफ़ीक अंसारी,मो० सलामत अंसारी, मो० अलाउद्दीन,मो० शमीम आलम, अफरोज आलम,इमरान अंसारी, इम्तियाज़ अंसारी,तबारक हुसैन,अब्दुल इमाम अंसारी,तबरेज आलम,मोख्तार अंसारी,मो०परवेज आलम, मो० अख्तर अंसारी शामिल थे।

# भद्रकाली महाविद्यालय में हुआ नूतन छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**



इटखोरी (चतरा) : प्रखंड के एकमात्र ख्याति प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के निर्देशानुसार स्नातक बीए/बीएससी/बीकॉम नए सत्र 2025/2029 में नवनामंकित छात्र छात्राओं का पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं द्वारा आरती उतारकर एवम तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि , समाजसेवी देवकुमार सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि देव कुमार सिंह,प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ,प्रो. ललित मोहन सिन्हा, के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद शिक्षकों और छात्र छात्राओं का परिचय सत्र चला।विषय प्रवेश कराते हुए प्रो0 ललित मोहन सिंहा ने कहा कि महाविद्यालय इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा का एकमात्र आधार स्तंभ है। अपने स्थापना काल से ही यह महाविद्यालय छात्र छात्राओं को फॉर्मल के साथ साथ वोकेशनल शिक्षा प्रदान करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय अपने अनुशासन के लिए भी जाना जाता है,इटखोरी के विकास पुरुष एवं महाविद्यालय के संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह ने 3 दिसंबर 1985 को जो बीज बोया था,आज वह पूरी तरह से छतनार वृक्ष का रूप ले चुका है।भूमि दान दाताओं को नमन करते हुए कहा की उनके त्याग का ही परिणाम है कि इस महाविद्यालय का भवन निर्मित हो सका। उन्होंने छात्र छात्राओं को नियमित क्लास करने की सलाह देते हुए कहा कि ऑनलाइन कक्षाएं कभी भी ऑफलाइन कक्षाओं का विकल्प नहीं हो सकता है।गरीब छात्र छात्राओं के लिए यह महाविद्यालय वरदान साबित हो रहा है।मुख्य अतिथि श्री देव कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।इस महाविद्यालय से हजारों छात्र छात्राओं ने स्नातक की डिग्री लेकर विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में नौकरी कर रहे हैं। ऑनलाइन के बदले ऑफलाइन कक्षाओं में उपस्थित होने की नसीहत देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ महाविद्यालय में समय समय पर आयोजित होनेवाले अन्य क्रियाकलापों में उपस्थित होना भी आवश्यक है।प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के स्थापना काल से लेकर अब तक के इतिहास और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रो. जानकी प्रसाद दांगी,प्रो. सकेन्दर मिस्त्री ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बालेश्वर पासवान, ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. ललित मोहन सिंहा द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।कार्यक्रम में प्रो. जानकी प्रसाद दांगी,प्रो. सकेंद्र मिस्त्री, डॉ. मंसूर आलम फखरी ,प्रो. बालेश्वर पासवान,डॉ. ईवा सिन्हा,डॉ. संदीप कुमार,प्रो.राकेश कुमार,डॉक्टर असलम ,प्रो. अखिलेश पांडेय,प्रो. मोइनुद्दीन अंसारी,प्रो. ललित कुमार सिंह,मोहम्मद रफीक अंसारी,दशरथ राणा, पुस्तकालय प्रभारी शिव कुमार सिंह,पुनीत राहुल चौरसिया सहित शिक्षक सिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया अमर शहीद खुदीराम बोस की पुण्य तिथि

जमशेदपुर। अमर शहीद खुदीराम बोस की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने मनाया । मानगो के सुभाष कॉलोनी स्थिति बंग समाज के कार्यालय में मानगो गोल चक्कर में स्थापित की गई प्रतिमा को रखा गया है जहां उपस्थित होकर लोगों ने अमर शहीद खुदीराम बोस प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । मौके में मौजूद विकास सिंह ने कहा की अमर शहीद खुदीराम बोस की जीवनी पढ़ने से रोंगटे खड़े हो जाते हैं खेलने कूदने आयु में देश के सपूत खुदीराम बोस ने मात्र 18 वर्ष किया आयु में अंग्रेजी फांसी के फंदे को चूमने का काम किया था आज उनके इस बलिदान के कारण ही भारत माता के पैरों में पड़ी गुलामी की जंजीर टूटकर लोगों को आजादी मिली । विकास सिंह ने राज्य सरकार से बलिदान दिवस के दिन राज्य सरकार से मांग किया है की मानगों में बन रहे फ्लाई ओवर का नाम अमर शहीद खुदीराम बोस ऊपरी पुल रखा जाए । विकास सिंह ने बताया कि झारखंड बनने के बाद राज्य सरकार के द्वारा मानगो गोल चक्कर में अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा लगाई गई है और प्रतिमा के ठीक ऊपर से ही फ्लाई ओवर का निर्माण हो रहा है इसलिए फ्लाई ओवर का नाम अमर शहीद खुदीराम बोस के नाम से ही होना चाहिए ।

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय भागलपुर**

**न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता, जिला विधि शाखा, भागलपुर**

**कोर्ट नोटिस**

**प्रेस विज्ञप्ति सं0–199 / म0नि0, भागलपुर**

चू वजरिये इस कोर्ट नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम, 2018 की धारा 56 (ख) के अन्तर्गत अवैध रूप से देशी / विदेशी शराब का परिवहन एवं भंडारण करने के आरोप में निम्नलिखित वाहन एवं घर / परिसर / भवन / भूखंड भिन्न–भिन्न थाना कांडों / उत्पाद अधिनियम में जप्त / सील (Seal) कर अधिहरण प्रस्ताव वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर / उत्पाद अधीक्षक, भागलपुर के माध्यम से प्राप्त होने के फलस्वरूप विविध उत्पाद अधिहरण वाद प्रारम्भ किया गया। नव संशोधित बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 एवं नियमावली, 2022 का नियम 12 (क) के अंतर्गत जप्त वाहन को नवीनतम बीमाकृत मूल्य का 10 प्रतिशत से कम और 05 लाख रू0 से अधिक नहीं होगी। शास्ति (जुर्माना) राशि के आधार पर जप्त वाहन को विमुक्त किया जा सकता है एवं 12 (ख) के अंतर्गत सीलबंद किसी घर / परिसर / भवन / भूखंड को सक्षम प्राधिकार के आदेशानुसार शास्ति (जुर्माना) राशि का निर्धारण किया जाएगा, परन्तु किसी भी दशा में न्यूनतम एक लाख रूपये से कम नहीं होगा। अधिहरण योग्य जप्त वाहन / सीलबंद घर / परिसर / भवन / भूखंड का विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 | उत्पाद वाद सं0 | थाना का नाम व कांड सं0 | वाहन या घर / परिसर / भवन / भूखंड का विवरण | वाहन या घर / परिसर / भवन / भूखंड के स्वामी का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 76 / 2024–25 | घोघा थाना कांड संख्या–32 / 2024 दिनांक–13.01.2024 | Reg. No. JH10T-4266 , Chasis No. MA6MF481F9T030072, Engine No. B10S1275059KC2 | शुधाकर प्रसाद राय (वाहन मालिक), पिता–स्व0 विष्णु देव राय, सा0–हाउस नं0–04, बंगाली टोला, निकट सब्जी मार्केट, जिला–साहेबगंज, झारखंड |
| 2 | 96 / 2024–25 | गोराडीह थाना कांड संख्या–572 / 2023 दिनांक–20.10.2023 | Reg. No. JH17Z-9286 , Chasis No. MD626AK4XN1E14641, Engine No. BK4EN1813640 | सुमंत कुमार, पिता–विजय ठाकुर, सा0–नारायणपुर, पो0–हनवारा, थाना–हनवारा, जिला–गोड्डा (झारखण्ड), पिन–814154 मो0–6207406817 |
| 3 | 07 / 2025–26 | उत्पाद थाना कांड संख्या–925 / 2024 दिनांक–30.11.2024 | Reg. No. JH17D-4805 , Chasis No. MA1XA2GHKB5J93273 Engine No. GHB4H21845 | सोभन सौरेन, पे0–स्व0 संग्राम सौरेन, सा0–बड़ा रकसो, थाना–बोरीयो, साहेबगंज, जिला–गोड्डा, पिन–816120 |
| 4 | 09 / 2025–26 | उत्पाद थाना कांड संख्या–71 / 2025 दिनांक–31.01.2025 | Reg. No. JH17E-3573 , Chasis No. MBLHA10AMCHK01114 Engine No. HA10EJCHK01587 | किरोध मंडल, पे0–किस्टो मंडल, सा0–सबईजोड़ा, पो0–चिनादेव, थाना–गोड्डा, जिला–गोड्डा, पिन–814156, मो0–7858849690 |

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है यदि इस जप्त वाहन / सीलबंद घर / परिसर / भवन / भूखंड में किन्हीं व्यक्ति / संस्था का हित–निहित हो तो नव संशोधित नियमावली, 2022 के आलोक में जप्त वाहन एवं सीलबंद घर / परिसर / भवन / भूखंड के स्वामी नोटिस गजट प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर अपना जप्त वाहन / सीलबंद घर / परिसर / भवन / भूखंड का शास्ति (जुर्माना) राशि प्रपत्र IV वाहन हेतु एवं प्रपत्र V सीलबंद घर / परिसर / भवन / भूखंड हेतु वरीय उप समाहर्त्ता न्यायालय, जिला विकास शाखा, भागलपुर में दाखिल करेंगे। अन्यथा अनुपस्थित होने की स्थिति में समझा जाएगा कि उक्त जप्त वाहन एवं सीलबंद घर / परिसर / भवन / भूखंड से आपको कोई सरोकार नहीं है। तत्पश्चात उक्त जप्त वाहन एवं सीलबंद घर / परिसर / भवन / भूखंड को अधिहरण / नीलाम कर लिया जाएगा।

इसे सख्त ताकीद समझें।

इसे आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

**वरीय उप समाहर्त्ता,**
**जिला विधि शाखा न्यायालय, भागलपुर**

**PR. No. 011167 (Excise) 2025-26**

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**

# चतरा उपायुक्त ने की भू राजस्व से संबंधित विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**

चतराः जिला मुख्यालय के समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सोमवार को उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन, परिवहन, राजस्व, राजस्व संग्रहण, अभिलेखागार, खनन, निबंधन एवं उत्पाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उक्त सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। इसमें प्रमुख रूप से विभिन्न परियोजनाओं हेतु भूमि हस्तांतरण एवं भूमि चिन्हितिकरण, सीए लैंड, एफआरए, एनओसी से जुड़े मामलों की अद्यतन स्थिति, एनजीडीआर एस पोर्टल (प्रतिबंधित सूची) पर प्रविष्टि हेतु सूची प्राप्त करने एवं प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रगति, राजस्व शिविरों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, लंबित दाखिल-खारिज एवं अस्वीकृत किए गए आवेदनों की स्थिति, उत्तराधिकारी एवं आपसी बंटवारा के आवेदन, परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों का निष्पादन, ई-कोर्ट के माध्यम से राजस्व न्यायालय में लंबित एवं निष्पादित मामलों का ब्योरा तथा आयोजित राजस्व न्यायालय दिवस से संबंधित समीक्षा शामिल रही। इसके अतिरिक्त भूमि-मापी से संबंधित लंबित मामलों, राजस्व शाखा के द्वारा विभिन्न कार्यालय पत्रांक से मांगे गए प्रतिवेदनों की प्रगति, आम गरमजरूआ भूमि के भूमापन हेतु लंबित प्रकरणों एवं लंबित जाति, आय, आवासीय एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

चतरा उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं, निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा जनहित से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो।

## संक्षिप्त खबरें...

### लाश लेकर बिहार आ रही एम्बुलेंस के उड़े परखच्चे, मृतक की बीवी, साली समेत 3 मरे, 2 बच्चे हुए अनाथ

गया . बिहार की धर्मनगरी गया जी के गुरारू थाना क्षेत्र के ददनापुर गांव के लिए सोमवार की सुबह मनहूस साबित हुई। उत्तर प्रदेश के भदोही में सोमवार तड़के एक एम्बुलेंस सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें एक ही परिवार के दो लोग समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। मृतक के दो बच्चे अनाथ हो गए क्योंकि पहले पिता फिर मां की भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, 8 अगस्त को अपनी बच्ची को स्कूल छोड़ने जा रहे (40) वर्षीय वरुण कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। सोमवार की सुबह उनका शव पोस्टमार्टम के बाद एम्बुलेंस से गांव लाया जा रहा था। एम्बुलेंस में उनकी पत्नी श्वेता सिन्हा (37),जेठ साली बेबी देवी (42), छोटा भाई निर्भय कुमार और चालक समेत कुल छह लोग सवार थे। भदोही के पास सुबह करीब 6 बजे एम्बुलेंस चालक को झपकी आ गई और उसने सड़क किनारे खड़े कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इस हादसे में एम्बुलेंस के परखच्चे उड़ गए। पत्नी श्वेता सिन्हा, जेठ साली बेबी देवी और चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निर्भय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी भी हालत नाजुक बनी हुई है। एम्बुलेंस का खलासी भी घायल है। यूपी पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही ददनापुर गांव में कोहराम मच गया। मृतक वरुण कुमार के दो छोटे-छोटे बच्चे अब अनाथ हो गए हैं। पूरे गांव में शोक की लहर है। दोनों बच्चों से सिर से एक साथ मां पिता का साया उठ गया। ग्रामीणों ने बिहार सरकार से बच्चों के लिए उचित सहायता की मांग की है। शव लाने के लिए गांव से परिजन निकल चुके हैं। आने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### दोस्तों के साथ पार्टी, फिर तालाब में डुबोकर युवक को मार डाला, बेतिया में पैसों के विवाद में हत्या

बेतिया. बेतिया जिले के नगर थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर निवासी राजू राउत के पुत्र बिट्टू कुमार (18) को दुर्गाबाग पोखरा में डूबा कर हत्या कर दी गई है। घटना रविवार की देर रात की है। एसडीआरएफ की टीम ने सोमवार की सुबह बिट्टू के शव को पानी से बाहर निकाला है। मृतक के परिजनों ने रुपये के विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया है कि मृतक के शव के नाक के ऊपर कटे व ललाट पर खरोच का हल्का निशान मिला है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### ऑफिस अटेंडेंट कैंडिडेट्स ने जेडीयू दफ्तर घेराः जॉइनिंग की मांग को लेकर प्रदर्शन

पटना. नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में परिचारी संघ से जुड़े लोगों ने पटना स्थित जेडीयू कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारी कार्यालय के बाहर धरना दे रहे थे। भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। हालात को देखते हुए जेडीयू दफ्तर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई और गेट को अंदर से बंद कर दिया गया। प्रदर्शन करने पहुंची एक महिला ने कहा कि 'गांधी जी ने हमसे कहा है कि सीएम हाउस जा कर घेरिए। उनके आवास को घेरिए, तब सुनेंगे। वो जल्दी सुनते नहीं हैं। संजय गांधी जेडीयू के MLC हैं।' प्रदर्शनकारियों के हाथों में बैनर-पोस्टर थे और वे "हमारी मांग पूरी करो", "परिचारी संघ जिंदाबाद" तथा "न्याय करो" जैसे नारे लगा रहे थे।

### पटना में नीतीश कुमार ने किया विकास कार्यों का शिलान्यासःएम्स के पास 138.5 करोड़ की सड़क

पटना. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। फुलवारी एम्स गोलंबर के पास आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विभागीय मंत्री मौजूद रहे। एम्स गोलंबर से नेव जंक्शन तक बनने वाली सड़क 10.5 किलोमीटर लंबी होगी। यह सड़क जानीपुर और पैनापुर होते हुए बिहटा-सरमेरा पटना रिंग रोड को जोड़ेगी। इस दो लेन सड़क के निर्माण पर 138.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नौबतपुर में 73.6 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर बनेगा। यह नौबतपुर-मसौढ़ी पथ के 17वें किलोमीटर पर स्थित नौबतपुर लख में बनेगा। फ्लाईओवर बनने से यहां लगने वाली पुरानी जाम की समस्या खत्म होगी। इस फ्लाईओवर से पटना से मसौढ़ी और विक्रम की यात्रा सुगम होगी। व्यवसायिक वाहनों का आवाजाही आसान होगा। यात्रियों का समय बचेगा। इन परियोजनाओं से क्षेत्र का औद्योगिक और आर्थिक विकास होगा। ब्रिटिश काल में बना नौबतपुर लख अब जर्जर हो चुका है। वाहन चालकों को इस मार्ग पर परेशानी होती है। नए फ्लाईओवर की घोषणा से नौबतपुर, मसौढ़ी और विक्रम के लोगों में खुशी है।

### हथियारबंद अपराधियों से भिड़े कल्याण ज्वेलर्स के कर्मचारीः 2 मिनट तक लड़कर 18.50 लाख बचाए

पटना. पटना के बोरिंग रोड में सोमवार को बैंक ऑफ बड़ोदा में हथियार के साथ 2 अपराधी घुस गए। सुबह 11 बजे कल्याण ज्वेलर्स के 2 कर्मचारी 18.5 लाख कैश जमा करने पहुंचे। दोनों अपराधी उनके पीछे आए और सीढ़ी पर घेर लिया। एक कर्मचारी अनंत की कनपटी पर पिस्टल सटाकर कहा कि पैसे दे दो वरना गोली मार देंगे। अनंत और उनके साथ आए रंजीत डरे नहीं, वो दोनों अपराधियों से भिड़ गए। करीब 2 मिनट तक हाथापाई होती रही। इस दौरान थक हारकर दोनों अपराधी अपनी पिस्टल वहीं छोड़कर भाग निकले। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है। बैंक के अंदर और बाहर की सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद हुई है। इसमें कल्याण ज्वेलर के कर्मचारी पीठ पर बैग लेकर बैंक के अंदर जाते दिख रहे हैं। जैसे ही वो बैंक के गेट से 10 फीट दूर पहुंचते हैं। सफेद शर्ट में हेलमेट लगाए एक लड़का उनके पीछे लग जाता है। बैंक से पहले 20 फीट लंबा गलियारा दिखाई दे रहा है। इसके बाद सीढ़ियां हैं जो बैंक तक जाती हैं। बदमाश कर्मचारियों को इसी गलियारे में रोकता है। पिस्टल तानकर उनसे कैश देने को कहता है।

### चांदन नदी में डूबे तीन चचेरे भाईयों का शव मिला

बांका. बांका में रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रजौन प्रखंड के सिंहनान गांव के तीन नाबालिग बच्चे चांदन नदी में नहाते समय डूब गए थे। घटना के बाद ग्रामीणों ने तीनों को काफी देर तक खोजा, लेकिन वो नहीं मिले। घटना की सूचना मिलते ही रजौन पुलिस और भागलपुर से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। देर रात तक सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सोमवार सुबह से SDRF ने दोबारा खोजबीन शुरू किया। शाम को जगदीशपुर थाना क्षेत्र से तीनों के शव बरामद किए गए।

### बेगूसराय में डूबने से बच्चे की मौत

बेगूसराय. बेगूसराय में बाढ़ के कारण डूबने की घटना सामने आई है। आज बछवाड़ा थाना क्षेत्र के बेगमसराय घाट पर पांव फिसलने के कारण एक नाबालिग लड़के की डूबने से मौत हो गई। मृतक समस्तीपुर जिला के पटोरी थाना क्षेत्र स्थित शिवराम निवासी अरविंद साह का बेटा संजय कुमार (8 ) है। स्थानीय लोगों ने बताया कि संजय रक्षाबंधन के अवसर पर चार दिन पहले अपनी मां नीलम कुमारी के साथ ननिहाल बेगमसराय आया था। आज वह नानी के साथ स्नान करने के लिए घर से थोड़ी दूर बेगमसराय घाट पर गया था। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया।

### परीक्षा देने जा रहे छात्र को बस ने कुचला, मौत

मधेपुरा. मधेपुरा के पुरैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बघरा मोड़ के पास SH-58 पर सोमवार की सुबह हुए सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान फूलपुर वार्ड सात निवासी सियाराम यादव के बेटे सुमित कुमार (22) के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बघरा मोड़ के पास SH-58 को जाम कर दिया। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। आक्रोशित लोगों की मांग है कि बस मालिक को घटनास्थल पर बुलाया जाए। साथ ही मृतक के परिजन को उचित मुआवजा दिया जाए।

# 'चुनाव आयोग के नोटिस का सम्मानपूर्वक जवाब दूंगा':डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बोले- संविधान में विश्वास, राहुल-तेजस्वी की तरह ढोल पीटने वाला नहीं हूं

पटना. बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दो वोटर आईडी कार्ड के मामले में चुनाव आयोग से मिले नोटिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करते हैं। पारदर्शिता के साथ जवाब देंगे। उन्होंने कहा, 'मैं उस तरह के राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे लोगों की तरह ढोल पीटने वाला नहीं हूं। संविधान में मेरा पूरा विश्वास है। संवैधानिक संस्था ने जो नोटिस भेजा है, उसका सम्मानपूर्वक जवाब दूंगा। संस्था पारदर्शी ढंग से काम कर रही है और इसका सभी को सम्मान करना चाहिए।'





#### नौटंकी कर रहा है विपक्ष

विजय कुमार सिन्हा ने विपक्षी दलों के मार्च को लेकर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "विपक्ष पूरी तरह से नौटंकी कर रहा है। लोकतंत्र के साथ मजाक कर रहा है। यह परिवार तंत्र को स्थापित करने के लिए डकैती में लगे हुए हैं। पहले ये बूथ से वोट चुराते थे। फर्जी मतदान कराते थे। लेकिन अब उनका यह 'जिन्न' खत्म हो रहा है।" इस बीच सोमवार को बिहार विधानसभा स्थित सप्त मूर्ति परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत के साथ हुई। इसके बाद शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर नेताओं ने आज़ादी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों के बलिदान को याद किया। भावपूर्ण माहौल में सभी ने शहीदों के आदर्शों और त्याग से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी शहीदों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके बलिदान से ही आज का लोकतांत्रिक भारत संभव हुआ है। समारोह में कई विधायक, मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### 'विजय सिन्हा को नोटिस भेजा है तो कार्रवाई भी हो':राजेश राम

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का नाम दो जगहों की वोटर लिस्ट में होने का मामला सामने आया था। इस मामले में अब चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अब नोटिस आया है तो उसपर कार्रवाई भी हो, लीपापोती न हो।

विजय सिन्हा का यह नोटिस दर्शाता है कि इलेक्शन कमीशन अब अपना गलती मानने को तैयार होगी। अंत में यही जवाब होगा कि डेटा मिस प्रिंट हुआ है या फिर एरर बता दिया जाएगा। राहुल गांधी को नोटिस भेजे जाने पर उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन सीधे-सीधे बात नहीं करता है। इलेक्शन कमीशन के प्रवक्ता भाजपा के नेता और कार्यकर्ता है। यदि इलेक्शन कमीशन ऑथेंटिक रूप से यह बातें कहती, तो हमारे नेता जरूर जवाब देते। अभी राहुल गांधी के जवाब देने का कोई मामला ही नहीं बनता है। कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह से प्रेजेंटेशन दिया, उसे लेकर इलेक्शन कमीशन क्यों नहीं करती है कि वह गलत हैं। उनके प्रवक्ता के रूप में भाजपा कहती है कि वह गलत हैं। क्या बीजेपी ने एफिडेविट ली है जो आपके बदले उत्तर दे रही है?

# नेपाल में बस की टक्कर से वैन के उड़े परखच्चे; सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत, 23 घायल

अररिया. नेपाल के सुनसरी में सोमवार की सुबह भयंकर सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गयी वहीं करीब 23 लोग घायल हैं। इसमें चार की हालत गंभीर बतायी गयी है। सभी घायलों का बिराटनगर व इनरवा के के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ओवरटेक के कारण हादसा हुआ है। जिला पुलिस कार्यालय सुनसरी के पुलिस नायब उपरीक्षक (डीएसपी) योगराज खतिवड़ा ने घटना की पुष्टि की है। घटना स्थल जोगबनी बॉर्डर से करीब 40 किमी दूर है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह सुनसरी जिले के पूर्व-पश्चिम राजमार्ग पर भोकराहा नरसिंह गांवपालिका वार्ड संख्या तीन जलुवा टोल के समीप माइक्रो वैन द्वारा ओवर टेक किये जाने से उनकी टक्कर एक बस से हो गयी। बताया गया कि अधिकांश मृतक माइक्रो वैन पर सवार थे। मृतकों में कोशी गांवपालिका निवासी 70 वर्षीय






लक्ष्मण सदा, सप्तरी के मधावे गांवपालिका निवासी 35 वर्षीय शंकर मण्डल , सप्तरी के अशोक यादव व विराटनगर निवासी एक 50 वर्षीया एक अज्ञात महिला शामिल है। अज्ञात महिला की पहचान की जा रही है। इधर पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। दोनों चालक भी पुलिस हिरासत में है। इधर सूचना मिलते ही सुनसरी के प्रमुख जिला अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, पुलिस पदाधिकारी सुमन कुमार तिम्सिना व प्रदेश पुलिस विभिन्न अस्पताल में जाकर घायलों का हालचाल जाना और घटना की जानकारी ली। इससे पहले घटना के तुरंत बाद सुनसरी जिला पुलिस की टीम ने घायल को रेस्क्यू कर अस्पतालों में भर्ती कराया। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। जिला पुलिस कार्यालय सुनसरी के पुलिस नायब उपरीक्षक (डीएसपी) योगराज खतिवाड़ा ने बताया कि 1 ख 1799 नम्बर की मातृ डीलक्स बस कांकडभिट्टा से खोटाग दिक्तेल जा रही थी जबकि 2-01-001 ज 0048 नंबर की विंगर माइक्रो वैन सप्तरी राजविराज से विराटनगर आ रहा था। भोकराहा नरसिंह गांवपालिका वार्ड संख्या तीन जलुवा टोल के समीप वैन द्वारा ओवरटेक किये जाने के कारण दोनो वाहनों में आमने-सामने टक्कर हो गयी। इस कारण चार की मौत हो गयी वहीं दो दर्जन के करीब लोग घायल हो गयी। घटना के बाद वैन के परखच्चे उड़ गये। पुलिस के अनुसार तेज गति में रहे वैन द्वारा बस को ओवरटेक करने के क्रम में यह घटना हुई है। बस चालक झापा जिले के अर्जुनधारा नगरपालिका वार्ड एक के 36 वर्षीय गोपाल अधिकारी को पुलिस ने हिरासत में लिया है । वहीं वैन चालक का पुलिस हिरासत में इलाज जारी है।

## उत्तराखंड के धराली में आई आपदा में बिहार के 11 लापता, मृत मानकर पांच का अंतिम संस्कार

बेतिया. उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में आई आपदा में पश्चिम चंपारण के और 11 लोग लापता हैं। इनमें पांच लोगों के परिजनों ने उन्हें मृत मानकर अंतिम संस्कार कर दिया है। लापता लोगों में सिकटा प्रखंड के मंगलहिया के सात, चनपटिया के तीन व बैरिया के एक व्यक्ति शामिल हैं। मंगलहिया के पिता व दो पुत्रों को मृत मानकर परिजनों ने पहले ही अंतिम संस्कार कर दिया था। इस तरह धराली की आपदा में अब तक जिले के कुल 14 लोग लापता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सिकटा प्रखंड के मंगलहिया गांव के परशुराम ठाकुर के पुत्र राकेश कुमार (22), रिपोर्ट दास के पुत्र गुड्डू कुमार (18), स्व. रामेश्वर यादव के पुत्र बृजेश यादव (30), हरिलाल मुखिया के पुत्र संदीप कुमार (18), इन्द्रजीत साह के पुत्र संदीप कुमार (18) का पुतला बनाकर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। इनके अलावा मंगलहिया के छोटेलाल मुखिया के पुत्र रामाकांत कुमार (18) व हरिओम कुमार भी लापता हैं। बैरिया प्रखंड के वृता टोला निवासी चन्द्रदेव मुखिया के पुत्र रंजन कुमार (18) तथा चनपटिया प्रखंड के सुगर महछी वार्ड नं. 10 निवासी रुदल राम के पुत्र कृष्णा राम (22), दक्षिणी घोघा पंचायत के वार्ड नं. 4 निवासी किशुन कुशवाहा के पुत्र रामाधार कुशवाहा (31) तथा उत्तरी घोघा के घोघा घाट निवासी स्व. चंचल शर्मा के पुत्र निशु शर्मा (48) घटना के बाद से लापता हैं। उनके परिजन खोजबीन के लिए धराली गए हैं। अब तक सफलता नहीं मिली है। स्थानीय प्रशासन व पुलिस से वे लोग संपर्क कर रहे हैं। मंगलहिया गांव निवासी देवराज शर्मा (50) तथा उनके दो पुत्र अनिल कुमार (20) व सुशील कुमार (18) भी धराली में लापता हो गए हैं। शनिवार को परिजनों ने पुतला बनाकर तीनों का अंतिम संस्कार कर दिया। नरकटियागंज एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सिकटा के सीओ को निर्देश दिया गया है कि वे धराली में गायब लोगों की सूची बनाकर जिला आपदा कार्यालय में समर्पित करें ताकि परिजनों को सरकारी स्तर पर मिलने वाला लाभ मिल सके। एसडीओ ने यह भी कहा है कि सीओ धराली हादसे के लिए उतराखंड प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर लापता लोगों की जानकारी जुटाएं।

## खेत से किसान को उठा ले गया बाघ, गला-सिर खायाःबगहा में लोग बोले- घसीटते हुए ले गया

बगहा. बगहा में सोमवार को बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गई। गांव वालों ने बताया कि 'एक टाइगर जंगल से निकला और खेत में काम कर रहे किसान पर पीछे से अटैक कर दिया। उसके बाद बाघ उसे घसीटता हुआ जंगल में ले गया। इसके बाद आसपास के खेत में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाया।' 'सूचना के बाद वन विभाग की टाइगर ट्रैकर की टीम मौके पर पहुंची। बाघ को ढूंढने के लिए 15 लोग जंगल के अंदर गए। कुछ देर बाद झाड़ियों के किनारे बाघ बैठा हुआ मिला। उसके कुछ दूरी पर गोवर्धना इलाके के रहने वाले किसान मथुरा महतो (65) की लाश पड़ी थी।' वन विभाग ने बताया कि टाइगर किसान के गले और सिर का हिस्सा खा गया है। बॉडी लेने के लिए सीनियर टाइगर ट्रैकर विजय उरांव मौके पर पहुंचे। बाघ को हटाने के लिए वन विभाग की टीम शोर मचाने लगी, तभी उसने विजय उरांव पर हमला कर दिया। इसमें वे घायल हुए हैं। उरांव के पैर में काफी गंभीर चोटें आई हैं। ट्रैकर को रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर का कहना है कि बाघ ने पंजे से हमला किया है।

#### बाघ की पहचान में जुटी टीम

बाघ के जाने के बाद मथुरा महतो का शव लेकर वन विभाग की टीम गांव पहुंची। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए बगहा भेजा गया। वन विभाग का कहना है कि बाघ की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पग पार्क की तस्वीर को देहरादून भेज जा रहा है। बाघ जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में क्यों आया इसे लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है। बाघ के हमले में किसान की मौत के बाद लोग डरे हुए हैं। अकेले खेत में जाने से डर रहे हैं। वन विभाग ने इलाके में अतिरिक्त वनकर्मी तैनात किए हैं। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं। विभाग ने लोगों से अकेले न जाने और बाघ दिखने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है। ट्रैकिंग के लिए 50 वन कर्मियों की टीम तैनात कर दी गई है। बाघ की 24 घंटे निगरानी की जाएगी ताकि आगे कोई घटना ना हो।

## लव स्टोरी में रोड़ा बनी तो टीचर ने छात्रा को गोली से उड़ाया, ग्रामीणों ने फूंक दिया स्कूल

समस्तीपुर . बिहार के समस्तीपुर में कोचिंग जा रही छात्रा को एक टीचर ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। शिवाजीनगर थाना अंतर्गत कोठियां गांव की है। एक निजी स्कूल के शिक्षक ने प्रेम में बाधक बनने पर गोली मारकर उस छात्रा की हत्या कर दी। टीचर ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब छात्रा खेत के रास्ते कोचिंग पढ़ने के लिए बहेड़ी जा रही थी। हत्या का आरोपी युवक एक निजी स्कूल में शिक्षक है। हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने निजी स्कूल को आग के हवाले कर दिया। मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। आरोपी शिक्षक नालंदा जिले का बताया गया है। छात्रा की पहचान परसा पंचायत के वार्ड 1 निवासी विनय कुमार की पुत्री गुड़िया कुमारी (19) के रूप में की गयी है। वह बीपीएससी की तैयारी में जुटी हुई थी। जिसके लिए प्रतिदिन कोचिंग करने बहेड़ी जाती थी। गोली मार हत्या की खबर सुनते ही घटनास्थल पर आसपास के महिला और पुरुषों की भीड़ उमड़ गयी। मृतका के परिजन भी रोते बिलखते पहुंचे। परिजनों का कहना था कि आरोपी शिक्षक ने छात्रा को पूर्व में ही गोली मारने की धमकी दी थी जिस पर छात्रा ने थाना में आवेदन भी दिया था। परिजनों का आरोप है कि आवेदन देने के बाद भी पुलिस ने कोई पहल नहीं की जिससे उक्त शिक्षक ने इस घटना को अंजाम दिया। चर्चा के अनुसार, छात्रा की हत्या करने वाले शिक्षक का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका छात्रा गुड़िया विरोध करती थी। उसी रंजिश में शिक्षक ने इस घटना को अंजाम दिया। इधर घटना के बाद मौके पर डीएसपी संजय कुमार सिन्हा, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, शिवाजीनगर अपर थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार, रोसड़ा थाना अध्यक्ष लालबाबू कुमार, बिरौल थाना, सिंघिया थाना,बहेरी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर लोगो को समझाने की कोशिश कर रही है। लेकिन लोग वरिय पदाधिकारी की बुलाने की मांग पर अरे हुए हैं।आक्रोशित लोगों ने सिंघिया बहेरी दरभंगा मुख्य सड़क को जाम कर आरोपी को गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। जिससे आवागमन बाधित है।

## कोलकाता से पटना आए युवक और नाबालिग लड़की पकड़ाएःवाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को शक हुआ था

पटना. गांधी मैदान थाने की पुलिस ने दो प्रेमी को रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान आशंका के आधार पर हिरासत में लिया। एक लग्जरी गाड़ी में 5 से 6 लोग थे। थाने पर लाकर पूछताछ की गई। लड़की नाबालिग (16 वर्ष) 9वीं की छात्रा है। जबकि, लड़का मृत्युंजय (21 वर्ष) है। लड़की पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। वहीं, लड़का बिहार के मुजफ्फरपुर के सरैया थाना अंतर्गत बासुदेवपट्टी से है। दोनों कोलकाता के एक ही मोहल्ले में आस-पास रहते हैं। दोनों की दोस्ती मोहल्ले से ही हुई थी। बाद में दोनों एक दूसरे से प्रेम करने लगें। दोनों भाग कर मुजफ्फरपुर के बासुदेवपट्टी आए थे। लड़के के पिता ने इस घटना के बारे में स्थानीय सरैया पंचायत के मुखिया के बेटे दिव्यांशु शेखर को बताया। दोनों के बीच बातचीत हुई। मुखिया के बेटे ने लड़की से नंबर लेकर परिजनों से संपर्क किया। परिजनों से बातचीत के बाद लड़की को छोड़ने रविवार की रात में पटना जंक्शन जा रहे थे। इसी बीच गश्ती गाड़ी ने लग्जरी गाड़ी में अकेली लड़की और 5 लड़कों को देखकर शक के आधार पर रोक लिया। पूछताछ के लिए थाने लाया गया। इसके बाद लड़की ने पूरे मामले का खुलासा किया।

## 5 सूत्री मांगों को लेकर पर्यटन निगम का घेरावःचालकों ने कहा- ये ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है, आगे सीएम हाउस का करेंगे घेराव

पटना. बिहार राज्य संविदा पर्यटन चालक संघ की ओर से आज पर्यटन निगम का घेराव किया गया। वे लोग कार्यालय के बाहर बैठे हुए हैं और पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी प्रदर्शनकारी हाथ में बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे हैं। उनकी मुख्य मांगे हैं कि वेतन बढ़ोतरी करके 25 हजार की जाए। अगर उनकी मांगे पूरी नहीं की जाएगी तो ये तो ट्रेलर है अभी पिक्चर बाकी है। आगे वह लोग सीएम हाउस का भी घेराव करेंगे। चालक संघ के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर हम यहां धरना दे रहे हैं। हम लोगों की वेतन वृद्धि तत्काल हो। इसके लिए ठोस नीति नियम बने। 10% हर साल वेतन वृद्धि हो। इसके लिए हम लोगों ने हवाला भी दिया है। जो लोग 10-12 साल सेवा दिया है उन्हें बेरोजगार नहीं होना पड़े। मृत्यु के बाद अनुग्रह अनुदान की राशि सरकार की ओर से देने की बात कही गई है, वो हमलोगों पर लागू किया जाए। हमलोगों पर बोनस और ग्रेच्युटी भी लागू नहीं किया गया है। इन सभी पर हम एक ठोस नीति चाहते हैं। संविदा चालक महेश ने कहा कि हम लोगों को सुबह 8:00 बजे बुलाया जाता है और रात के 10:00 बजे 12:00 बजे तक छोड़ा जाता है। हम लोग से धमकी देकर के ड्यूटी कराया जा रहा है। हम लोग पिछले 12 साल से अपना ड्यूटी कर रहे हैं और हमें 15000 से ज्यादा वेतन नहीं मिल रहा है यह हम लोगो के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। ड्राइवर मुन्ना ने कहा कि हम लोग काफी बार उनसे मिलने गए, मगर वह समय नहीं देते हैं। हमलोग लेटर भी भेजे मगर उसका भी कोई जवाब नहीं मिला। इन लोगों के नजर में ड्राइवर की कोई हैसियत ही नहीं है। एक तरफ बिहार के मुख्यमंत्री रोजगार का नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं और दूसरी तरफ पर्यटन निगम हम ड्राइवरों को बेरोजगार कर रहा है। 4 अगस्त को हमलोग धरना प्रदर्शन करने वाले थे, मगर हमलोग को सूचना आया कि एमडी साहब मिलना चाहते हैं। हमें लगा कि सब ठीक हो जाएगा तो फिर प्रदर्शन का जरूरत ही नहीं पड़ेगा, मगर यहां आने के बाद हमें उल्टा धमकाया जा रहा था। हमें कहा गया कि हम नेतागिरी करते हैं।

# बेगूसराय में बाढ़ का कहर; मां-बेटी समेत 7 लोगों की डूबने से मौत

बेगूसराय. बेगूसराय जिले के बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में डूबने से मां-बेटी समेत सात लोगों की मौत हो गई। शाम्हो प्रखंड क्षेत्र में मां-बेटी व युवक की मौत हो गई जबकि बछवाड़ा में दो, साहेबपुरकमाल, मटिहानी व बरौनी प्रखंड क्षेत्र में एक-एक व्यक्ति की जान बाढ़ के पानी में डूबने से चली गई। बताया गया है कि शाम्हो प्रखंड के धनहा गांव के वार्ड छह के निवासी कुंदन कुमार के सात वर्षीय बेटी नहाने के क्रम में डूबने लगी। उसे बचाने के लिए उसकी मां वंदना कुमारी पानी मे कूद पड़ी। लेकिन, पानी ज्यादा होने के कारण दोनों मां-बेटी पानी



में डूब गईं। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों का शव बाहर निकाला गया। वहीं, अकबरपुर बरारी पंचायत के बिजुलिया ग्राम के वार्ड नौ के निवासी श्याम सुंदर सिंह के 30 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार भी बाढ़ के पानी में डूब गए। बछवाड़ा प्रखंड क्षेत्र में रविवार को दादुपुर पंचायत के वार्ड संख्या- 14 श्रवण टोल में बाढ़ के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रवण टोल, वार्ड संख्या- 14 निवासी महेंद्र यादव के 38 वर्षीय पुत्र अशोक यादव के रूप में की गई है। दूसरी तरफ चमथा दियारे के विद्यापति नगर सीमावर्ती क्षेत्र स्थित मऊ अखाड़ा घाट पर गंगा बाया नदी में स्नान के दौरान एक युवक डूब गया। उसकी पहचान तेघड़ा निवासी रामचंद्र साह के 35 वर्षीय पुत्र संजय साह के रूप में की गई है। मटिहानी प्रखंड के रामदीरी भवानंदपुर टोला निवासी 86 वर्षीय जगदीश सिंह की मौत गंगा नदी की बाढ़ के पानी में डूबने से रविवार की सुबह हो गई। साहेबपुरकमाल प्रखंड क्षेत्र की समस्तीपुर पंचायत के सलेमाबाद दियारा गांव में रविवार को गंगा नदी की बाढ़ के पानी में डूबने से सलेमाबाद निवासी मुन्ना यादव की नातिन व मथार दियारा निवासी रामकृपाल यादव की पुत्री दो वर्षीया अंजलि कुमारी की मौत हो गई। बरौनी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत चकिया थाना क्षेत्र के रुपनगर गांव के समीप रविवार को गंगा स्नान के दौरान डूबने से सिमरिया-दो पंचायत के रुपनगर गांव के वार्ड सं. 05 निवासी भुखन पासवान के 21 वर्षीय पुत्र गौतम पासवान की मौत है। शाम्हो प्रखंड में बाढ़ की विभीषिका बढ़ती ही जा रही है। रविवार को दो अलग अलग घटना में मां-बेटी और एक युवक समेत तीन लोगों की बाढ़ के पानी मे डूबने से मौत हो गई। शाम्हो जिला पार्षद अमित कुमार ने बताया कि प्रखंड के धनहा गांव के वार्ड छह के निवासी कुंदन कुमार के सात वर्षीय बेटी नहाने के क्रम में डूबने लगी। उसे बचाने के लिए उसकी मां वंदना कुमारी पानी मे कूद पड़ी।

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हाउस अरेस्ट? सिब्बल

देश के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों सबसे चौंकाने वाली चर्चा, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की कथित 'गुमशुदगी' को लेकर है। विपक्ष ने अब धनखड के जरिए सरकार को घेरने और निशाना साधने की तैयारी कर ली है। बीते दिनों सपा से राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने एक बयान देकर सरकार को घेरने के लिए नया दांव चल दिया है। सिब्बल ने आरोप लगाया है, पूर्व उप राष्ट्रपति धनखड़ इस्तीफा देने के बाद से सार्वजनिक रूप से उनका कोई भी वजूद दिखाई नहीं दे रहा है। उनका फोन नहीं लग रहा, उनके परिवार की ओर से भी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ रही। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई, तो वह कोर्ट में हेबियस कॉर्पस याचिका दाखिल कर सकते हैं। इस प्रकार कपिल सिब्बल अदालत के माध्यम से धनखड़ को सामने लाने की रणनीति अपना सकते हैं। कपिल सिब्बल के इस बयान के बाद सरकार को या तो जगदीप धनखड़ के बारे में जानकारी देनी होगी। यदि कोई उनसे संपर्क नहीं कर पा रहा है, जिसके लिए सिब्बल हेवियस कॉरपस के माध्यम से उन्हें देश के सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है। कपिल सिब्बल का बयान सतही तौर पर नरम लेकिन राजनीतिक रूप से बेहद सख्त था। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, जब सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को ढूंढ सकती है, तब देश के पूर्व उपराष्ट्रपति का पता क्यों नहीं लगा पा रही है? जगदीप धनखड़ इस्तीफा देने के बाद से चुप क्यों हैं। क्या सरकार ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर रखा है। क्या उनसे जबरदस्ती इस्तीफा लिखवाया गया है। सरकार जल्दबाजी में उपराष्ट्रपति का चुनाव क्यों करा रही है? इस तरह के कई सवाल देशभर में उठने लगे हैं। यह सवाल अपने आप में संकेत है, मामला सिर्फ बीमारी या निजी कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक दबाव या साजिश का हिस्सा हो सकता है। सिब्बल ने अपने बयान में विदेशी उदाहरण भी दिया। जैसे चीन या अन्य देशों में नेताओं का अचानक लापता हो जाना, साधारण घटना मान ली जाती है। वह कहां चले गए इसका पता किसी को नहीं लगता है। ऐसा ही कुछ धनकड़ साहब के साथ तो नहीं हुआ? ऐसी आशंका व्यक्त करके उन्होंने एक राजनीतिक तूफान खड़ा करने की कोशिश की, उनका यह बयान इसी रूप में देखा जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र में इस तरह के बयान असामान्य और चिंताजनक हैं। सिब्बल ने यह भी संकेत दिया, धनखड़ को संभवतः जानबूझकर अलग-थलग करके रखा गया है। इस्तीफे के बाद कोई भी उनसे संपर्क स्थापित नहीं कर पा रहा है। नाही सरकार उनके बारे में बोलने के लिए तैयार है। धनखड का अचानक सार्वजनिक जीवन से पूरी तरह गायब हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। अगर वह बीमार हैं, तो उनकी स्थिति पर आधिकारिक जानकारी सरकार और उनके परिवार द्वारा क्यों नहीं दी जा रही? इसी बीच पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें उन्होंने अपने ऊपर हुए कथित उत्पीड़न का जिक्र करते हुए कहा है, ईमानदार नेताओं को अब सरकार द्वारा फंसाया जा रहा है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जिस तरह से उनकी मृत्यु हुई है। सरकार ने उनके इलाज और अंतिम संस्कार में जिस तरह की उपेक्षा की है। यह बयान कहीं न कहीं सिब्ब्ल द्वारा जो आशंका व्यक्त की गई है, उसको मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। सत्ता से असहमति रखने वाले या अप्रिय हो चुके नेता दबाव और अलगाव की नीति के शिकार होने की ओर इशारा करता है। यह मामला, अब महज़ व्यक्तिगत स्वास्थ्य या निजी गोपनीयता का नहीं रहा। यह सवाल लोकतांत्रिक पारदर्शिता, संवैधानिक पदों की गरिमा और राजनीतिक एवं निजी स्वतंत्रता से जोड़ने की कोशिश विपक्ष कर रहा है। अगर पूर्व उपराष्ट्रपति जैसी ऊंची संवैधानिक हैसियत रखने वाले व्यक्ति को लेकर इस तरह के सवाल उठ रहे हैं तो फिर आम आदमी के बारे में कल्पना करना ही व्यर्थ है। कपिल सिब्बल ने धनखड को लेकर जो कहा है, वह आगे चलकर सरकार की मुसीबतें बढ़ा सकता है। सरकार को चाहिए, वह पूर्व राष्ट्रपति जगदीप धनखड को लेकर आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक करे। कपिल सिब्बल की हेबियस कॉर्पस की चेतावनी राजनीतिक भूचाल ला सकती है। सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा। जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य भी हैं। उनका पेशेवर और राजनीतिक कैरियर है। जब सरकार चुनाव आयोग और वोट चोरी जैसे आरोपों से घिरी हो, ऐसे समय पर सरकार को कपिल सिब्बल के इस बयान को गंभीरता से लेना होगा। अन्यथा एक नया मोर्चा सरकार के खिलाफ खुलने जा रहा है। विपक्ष इस समय बहुत आक्रामक है। विपक्ष अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। कुछ ऐसी ही स्थिति अब सरकार की भी बनने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की लोकप्रियता में लगातार गिरावट देखी जा रही है। सरकार को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए कई मोर्चों पर एक साथ लड़ना पड़ रहा है। यह मुद्दा सिर्फ धनखड या न्यायालय तक सीमित नहीं रहेगा। विपक्षी दल इस बात को समझ चुके हैं। विपक्षी दलों को अब न्यायपालिका में विश्वास नहीं रहा। न्यायालय जाने से उन्हें न्याय मिलेगा? विपक्षी दलों को संदेह था कि न्यायपालिका सरकार के दबाव में काम करती है। अब वह विश्वास में बदल चुका है। न्यायालय सरकार के दबाव में सरकार का बचाव करते हुए नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में विपक्षी दलों ने अब जनता की अदालत में लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। न्यायपालिका की आड़ में अभी तक सरकार हर मामले में बच जाती थी। भविष्य में शायद सरकार के लिए यह संभव नहीं रहेगा। न्यायपालिका के प्रति वह विश्वास आम जनता के मन में नहीं रहा जो, पहले होता था। चुनाव आयोग के मामले में जिस तरह की नूरा कुश्ती सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और सरकार के बीच में देखने को मिल रही है। न्यायपालिका में तारीख पर तारीख देकर मामलों को किस तरह से लटकाया जाता है। उसके बाद विपक्ष ने यह मान लिया है, उसे संविधान के चौथे स्तंभ आम जनता की अदालत में जाने के अलावा अब कोई विकल्प नहीं रह गया है। विपक्ष लगातार इसी तरह की बात कर रहा है। जो सरकार के लिए आगे चलकर बड़ी मुसीबत बन सकता है। कुछ ऐसी ही स्थिति 1975 में देश में देखने को मिली थी। 50 साल बाद एक बार फिर वही स्थिति बनती हुई दिख रही है। आगे क्या होगा इसका भगवान ही मालिक है।

## भारत के महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई जैन को नमन

भारत माता के महान सपूत जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया ऐसे विक्रम अंबालाल साराभाई जैन का 12 अगस्त 1912 को जन्म हुआ था। जन्म दिवस के अवसर पर हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं। डॉ विक्रम साराभाई के नाम को अंतरिक्ष कार्यक्रम से अलग नहीं किया जा सकता यह बात दुनिया को पता है की वह विक्रम साराभाई ही थे, जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया। आपका जन्म अहमदाबाद में श्री अंबालाल साराभाई के प्रतिष्ठित जैन परिवार में हुआ था। आपकी माता जी श्रीमती सरला साराभाई थी। आपकी माता सरला साराभाई ने प्रारंभिक शिक्षा मैंडम मारिया मांटेसरी की तरह शुरू हुए पारिवारिक स्कूल में दिलाई। गुजरात कॉलेज में इंटरमीडिएट तक विज्ञान की शिक्षा पूरी करने के बाद वे सन 1937 में कैंब्रिज इंग्लैंड चले गए, जहां 1940 में प्रणमाकृतिक विज्ञान में ट्रायपोज डिग्री प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने पर वे भारत लौट आए और बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में नौकरी करने लगे। जहां पर वह सी. वी. रमन के निरीक्षण में कॉस्मिक रेंज पर अनुसंधान करने लगे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर वे कॉस्मिक रेज भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अपनी डॉक्ट्रेट पूरी करने के लिए कैंब्रिज लौट गए। सन् 1947 में उष्णकटिबंधीय अक्षांश ट्रॉपीकल लैटीट्यूड्स मैं कैंब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ विक्रम साराभाई को भारत के महान संस्थान निर्माता माना जाता है। उनके द्वारा स्थापित लोकप्रिय संस्थानों में प्रमुख हैं भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला पीआरएल अहमदाबाद, भारतीय प्रबंध संस्थान आई आई एम अहमदाबाद, सामुदायिक विज्ञान केंद्र अहमदाबाद, दर्पण अकादमी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स अहमदाबाद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम्, डॉ विक्रम साराभाई सांस्कृतिक गतिविधियों में भी गहरी रूचि रखते थे। वे संगीत, फोटोग्राफी, पुरातत्व, ललित कलाओं और अन्य अनेक क्षेत्रों से जुड़े रहे। डॉक्टर विक्रम साराभाई के व्यक्तित्व का सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू उनकी रुचि की सीमा और विस्तार तथा ऐसे तरीके थे, जिन्होंने अपने विचारों को संस्था में परिवर्तित किया। सृजनशील वैज्ञानिक, सफल और दूरदर्शी उद्योगपति, उच्च कोटि के प्रवर्तक, महान संस्थाओं के निर्माता, अलग किस्म के शिक्षाविद, कला पारखी, सामाजिक परिवर्तन के ठेकेदार, अग्रणी प्रबंध प्रशिक्षक आदि ऐसी अनेक विशेषताएं उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। उनकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि वे एक ऐसे उच्च कोटि के इंसान थे जिसके मन में दूसरों के प्रति असाधारण सहानुभूति थी, जो भी उनके संपर्क में आता उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। धर्मपत्नी श्रीमती मृणालिनी साराभाई के साथ मिलकर उन्होंने मंच कलाओं की सांस्कृतिक संस्था दर्पण का गठन किया।

## चुनाव आयोग पर फूटा राहुल का एटम बम?

तनवीर जाफ़री

भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है, वहीं यहाँ होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिये चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं। उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है, वहीं इन्हीं चुनावों में प्रायः कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुये जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम ) के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुये हैं। उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, व राज्यसभा सांसद जी.वी.एल. नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुये इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल, 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ईवीएम की विश्वसनीयता का सवाल अब विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में ईवीएम से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी ईवीएम बदलने के तो कभी ईवीएम चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु वीवीपैट मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालाँकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु ईवीएम का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर मंतर पर अनेक बार ईवीएम विरोधी प्रदर्शन भी हुये। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर ईवीएम के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव आयोग ईवीएम पर ही विश्वास जताते रहे। परन्तु अब मामला ईवीएम की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है। और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने।

गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फ़र्ज़ी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी,डुप्लिकेट मतदाता,साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभावः,असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को देशद्रोही और राष्ट्रहित के विरुद्ध क़रार दिया, और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छः महीने की कड़ी मशक़्क़त के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को परमाणु बम का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।

दरअसल राहुल गाँधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक काग़ज़ों के विशाल बण्डल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन काग़ज़ात में से केवल 4 किलो काग़ज़ का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन काग़ज़ात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गयी तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुँच गये कि जब 4 किलो काग़ज़ात फ़र्ज़ी हैं तो शेष सैकड़ों किलो काग़ज़ात भी फ़र्ज़ी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है ? यही वजह है कि अब राहुल गाँधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिये मशीन रिडेबल डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फ़ोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी और SIR करने की कोई आवश्यकता ही नहीं रहेगी। और मशीन डेटा से रोहंगिया , बांग्लादेशी, पाकिस्तानी, नेपाली जो भी फ़र्ज़ी मतदाता होंगे सभी सामने आ जायेंगे।

परन्तु आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग पर इतने गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। पूरी सरकार व प्रधानमंत्री तक को फ़र्ज़ी सरकार का फ़र्ज़ी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है। परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप निराधार, शर्मनाक और लोकतंत्र का अपमान हैं। और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं । उन्होंने कांग्रेस को क़ानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया। याद कीजिये केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिये गए थे। किसने कटवाये थे यह नाम ? क्यों काटे गये ? ऐसी अनियमिताओं की ज़िम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है ? किसके इशारे पर होता है यह काम ? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के ख़िलाफ़ साजिश नहीं ? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पाँच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गये कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद अनजान मतदाताओं की बड़ी भीड़ इकठ्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आये थे ये मतदाता ? चुनाव आयोग को नेता प्रतिपक्ष के प्रत्येक संदेह व आरोप का संतोषजनक उत्तर देना चाहिये ताकि देश और दुनिया यह जान व समझ सके कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। और जो भी ऐसी साज़िशों के स्वयंभू चाणक्य हों उन्हें बेनक़ाब कर उनके विरोध देशद्रोह का मुक़दमा चलना चाहिये। अन्यथा राहुल से हलफ़नामा मांगने जैसी बातें करना तो उनके संगीन आरोपों से मुंह छुपाने का बहाना मात्र प्रतीत होती हैं।


"राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पाँच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गये कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद अनजान मतदाताओं की बड़ी भीड़ इकठ्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आये थे ये मतदाता ? चुनाव आयोग को नेता प्रतिपक्ष के प्रत्येक संदेह व आरोप का संतोषजनक उत्तर देना चाहिये ताकि देश और दुनिया यह जान व समझ सके कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। और जो भी ऐसी साजिशों के स्वयंभू चाणक्य हों उन्हें बेनकाब कर उनके विरोध देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिये।"


## सावन माह में महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन

विनोद तकियावाला

धन्य-धन्य है वह धरा है, जहाँ पतित पावनी गंगा युग युगातरों से निंमल, निश्चल धारा बह रही है, तो वही दूसरी ओर पवर्तराज हिमालय देश के दुशमनों से रक्षा करने के अपना कर्त्तव्य निर्वाह करने को सैदव तत्पर है। ऐसी पवित्र पावन भारत भूमि में जन्म लेने के मानव को तरसते है। बड़ भागी है हम और आप जो जन्म भुमि को भारत माता कहकर पुकारते है। यहाँ के पवित्र कण कण भगवान का वास है, तो हर कंकर में शंकर की दिव्य उपस्थित की झलक दिखती है। इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हमारे धर्मशास्त्रों व वेद उपनिषदों में उल्लेख मिलता है। तभी तो इस पवित्र धरा पर स्वयं राम, कृष्ण, नानक, बुद्ध, महाबीर, कबीर आदि ऋषि-मुनियों, संत- महापुरुषों ना केवल जन्म लिया बल्कि इस पवित्र भूमिअपनी तपोस्थली बनाते हुए सम्पूर्ण श्रृष्टि का जनकल्याण किया है। इसका स्वंय साक्षी बनने का विगत दिनो मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन के दौरान अपने मीडिया मित्रों के संग स्वर्णिम पल का सुःखद आनंद मिला,वे भी सावन के पवित्र माह में स्वयं कालो के काल महाकाल का दर्शन करने का, ऐसा मैंने अक्सर कहते हुए सुना है कि जब आप के पुण्य प्रताप एकत्रित होते है, स्वंय प्रभु ही आप को किसी न किसी को माध्यम बनाकर आप को दर्शन देते है। मेरे साथ भी कुछ ऐसे ही हुआ है। मेरे पास एक परिचित बन्धु का फोन आया कि भाई साहब महाकाल का दर्शन करना चाहेगें आप ? मैंने अचानक बिना सवाल किये कहा कि क्यूँ नही,सदाशिव सदगुरू का दर्शन वे भी सावन के पवित्र माह में। आज मैं आप सभी कालों के काल महाकाल अथार्त महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन के बारे में बता रहा हूँ। यूँ तो यह हमारी नेशनल मीडिया यात्रा थी,हम सभी एक अधिकृत अधिकारी के कुशल नेतृत्व में दिल्ली से इन्दौर हवाई मार्ग से पहुँच गए,जहाँ रानी अहिल्यावाई होल्कर हवाई अड्डे के बाहर हम सभी का आपस मेंऔपचारिक परिचय व स्वागत के बाद सड़क मार्ग से विश्राम स्थल पर पहुँचे,जहाँ हमने दोपहर का भोजन का आनंद लिया। इसके बाद इन्दौर से हमारी मीडिया टीम अपने कर्मक्षेत्र ताजपुर रेलवें पर पहुंचे गए। सर्वविदित रहे कि यहाँ भारतीय रेलवे द्वारा इस स्टेशन पर पायलेट प्रोजेक्ट के अर्न्तगत डायरेक्ट ड्राईव इन्टर लाकिंग सिस्टम परियोजना के प्रयोग के लिए आयोजित की गई थी। यहाँ हमें रेलवे के नवीन तकनीकीयों की बारिकियों के बारे में तथा इस नई तकनीक की जानकारी परियोजना के सम्बन्धित अधिकारी से मिली। यहाँ के अन्य स्थानीय अधिकारीयों व कर्मचारियों के संग हम सभी ने चाय की चुस्कियों का आनंद लेते हुए उनके नए व पुरानें कार्य प्रणाली जैसे रेल फाटक लॉक सिस्टम,रेल आगमन- प्रस्थान की सुचना,हरी झंडी आदि कायों को नजदीक से देखने का मौका मिला। इसमें रेलवे की नई सुरक्षा प्रणाली, रेलगाड़ी अभी किस स्टेशन पर से गुजर रही है-कहाँ पहुँचने वाली आदि सुचनाएँ कन्ट्रोल रूम में लगे हुए मॉनिटर पर देखा। आज के पूर्व निंधारित कार्य से निवृत होकर यहाँ से सभी मीडिया मित्र अपने चेहरों पर थकान की लकीरें सिमट हुए हमारा काफिला ताजपुर रेलवे स्टेशन से इन्दौर के लिए वापसी के लिए रवाना हुई। तभी मेरी कार में हमारे सहयात्री सुश्री रानी सिंह राजपुत व विभागीय अधिकारी जिसका नाम घनश्याम सिंह यादव जी,जो काफी ही शांत स्वाभाव व एक सुलझें व अनुभवी अधिकारी से जो कि एकअच्छे व्यक्ति है। उन्होंने हमदोनों की चेहरे की थकान को भापते हुए कहा कि आपलोग अभी ही थक गए हो,अभी तो आपको महाकाल के दर्शन भी कराने है। तभी मेरे मुँह से हाँ निकाला,मुझसे आपनें वादा किया है। शुक्रिया साहब आपका, तभी तपाक से रानी मैंडम बोली कि क्या हमलोगों यहाँ से महाकालेश्वर मंदिर का दर्शन करनें जायेंगे। मंदिर दर्शन के नाम से हम तीनों की आज थकान दुर हो गई। तभी मैंने हाँ, मैंने तो अपने लिए भारतीय वस्त्र भी लाये है। जिसे धारण कर हमअपने सद्गुरु शंकर अर्थात कालों के काल महाकाल महाकालेश्वर के दिव्य मंदिर दर्शन करने जायेंगे। आप को नही चलना मैंडम जी है क्या। तपाक से रानी मैंडम ने हम दोनों इंगित करते हुए कहा कि क्यों नही हम जायेंगे क्यूँ नहीं, हम जायेंगे-जायेंगें , - - लेकिन आपलोग स्वार्थी हो। जब आप को पता था विनोद सर कि प्रेस कवरेज के बाद हम सभी को बाबा महाकालेश्वर का दर्शन करने हेतू मंदिर जाने वाले है तो आप ने हमें क्यो नही बतलाया !अगर मुझे भी पता होता तो हम भी भारतीय वस्त्र व परिधान अपने संग अपने आराध्य प्रिय भगवान भोलेनाथ के दिव्य ज्योति स्वरूप महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन करते। मैं आप से बहुत ही नाराज हूँ। आपको इसके लिए पैलेन्टी लगेगी। क्यूँ सर ?इस पर दोनों सहयात्री इस पर एकमत थें। मैंने वस्तुस्थित व मैंडम की मनोस्थित को भापते हुए बड़े ही चालाकी व चुतराई से काम लेते हुए कहा कि बाँस आपके आदेश का अरक्षण पालन होगा। किन्तु मेरे पास तो आप का चलन्त-फिरन्त यंत्र सम्पर्क अंक अर्थात मोबाईल न तो था नही, अभी भी नही है। इतने में हम तीनों के आज थकान दुर हो गई। मैं आपको बताना भुल गए कि हमारी इस मात्रा 8 कारों का काफिला था। जिसमें मेरे कार का न०2 था। चुँकि मेरे वाली कार में अधिकृत अधिकारी व कार का चालक जो कि गुजरात का रहने वाला व स्थानीय जगह की बारिको से चिर परिचत था तथा कार न ० -3 में ट्रेफिक किलयर करने हेतू साईरन थी। जो हमारे कार के आगे व शेष 6 कारें पीछे पीछे चल रही था। शाम के समय हम उजैन्न के मंदिर प्रांगन में पहुँच गए। मंदिर प्रागण प्रोटोकाल के अनुसार सभी कारें पार्किंग स्थल पर खड़ी करें,इस के पूर्व मैंने अपने आराध्य सद्गुरु देव द्वारा आर्शीवाद स्वरूप मिले गेरुवा बस्त्र घोती व कुत्ता धारण करते ही मुझे सन 2000 में इस दिव्य प्रांगन मे सद्गुरु देव माँ के दिव्य सान्धिय व सामीप्य बिताये यादे ताजी हो गई। जब स्वयं गुरुदेव -गुरु माँ जी ने इसी मंदिर परिसर में अपने शिवहस्त हाथों से तिलक लगाते हुए विशेष आर्शीवाद दिये थे। तभी मैंने हाँ यहाँ के दर्शन के लिए मैंने बिना सवाल जबाब अपनी सहमति दे दी यें मंदिर के प्रांगन में साधना के क्रम में सुःखद अनुभुति मिली। आप को बता दे कि महाकालेश्वर का यह प्राचीन व पौराणिक मन्दिरभारत के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक प्राचीन दिव्य शिव मंदिर है,जिसका अपना ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व है। जिसका स्पष्ट उल्लेख हमारे पुराणों व धर्मग्रंथों में मिलता है।


"मंदिर प्रागण प्रोटोकाल के अनुसार सभी कारें पार्किंग स्थल पर खड़ी करें,इस के पूर्व मैंने अपने आराध्य सद्गुरु देव द्वारा आर्शीवाद स्वरूप मिले गेरुवा बस्त्र घोती व कुत्ता धारण करते ही मुझे सन 2000 में इस दिव्य प्रांगन में सद्गुरु देव माँ के दिव्य सान्धिय व सामीप्य बिताये यादे ताजी हो गई। जब स्वयं गुरुदेव -गुरु माँ जी ने इसी मंदिर परिसर में अपने शिवहस्त हाथों से तिलक लगाते हुए विशेष आर्शीवाद दिये थे। तभी मैंने हाँ यहाँ के दर्शन के लिए मैंने बिना सवाल जबाब अपनी सहमति दे दी ये मंदिर के प्रांगन में साधना के क्रम में सुःखद अनुभुति मिली। आप को बता दे कि महाकालेश्वर का यह प्राचीन व पौराणिक मन्दिरभारत के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक प्राचीन दिव्य शिव मंदिर है,जिसका अपना ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व है।"


## प्रकृति की नाराज़गी से भयंकर सैलाब

किशन सनमुखदास भावनानी

बात अगर हम, भारत के हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं, की करें तो बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारीनुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया- क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा? भारत के हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं। बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारी नुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया- क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा? इस लेख में हम धराली और किन्नौर की घटनाओं का विस्तारपूर्वक विश्लेषण करेंगे, और यह समझने की कोशिश करेंगे कि कैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, असंवेदनशील विकास, और पर्यावरणीय चेतावनियों की अनदेखी ने इन शांत पर्वतीय क्षेत्रों को विनाश के मुहाने पर ला खड़ा किया। बात अगर हम जलवायु परिवर्तन और मानवीय हस्तक्षेप की करें तो जलवायु परिवर्तन और उससे उत्पन्न प्राकृतिक आपदाएं अब केवल भविष्य की चेतावनी नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई बन चुकी हैं। हर वर्ष हम सैकड़ों जानें, करोड़ों रुपये की संपत्ति, और बहुमूल्य पर्यावरणीय संसाधन खोते जा रहे हैं। इन सबके पीछे यदि कोई सबसे बड़ा कारण है तो वह है-मानव का प्रकृति में अनियंत्रित हस्तक्षेप। अब भी समय है कि हम अपनी विकास की परिभाषा को पुनः गढ़ें-एक ऐसी परिभाषा जो सतत हो, समावेशी हो, और पारिस्थितिकी के अनुकूल हो। यदि हमने अब भी नहीं सीखा,तो प्रकृति का प्रतिशोध कहीं अधिक विनाशकारी होगा,जिसकी कीमत पूरी मानवता को चुकानी पड़ेगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नाराज़ प्रकृति की नाराज़गी से भयंकर सैलाब- प्रकृति की मानवीय कृतिय क़े लापरवाही की चेतावनी तो नहीं ?प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन दिए-मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया ?धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही- क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है? या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है?

# कई शारीरिक समस्याओं से बचाव करता है आंवला और शहद का एक साथ सेवन



**आंवला और शहद का इस्तेमाल सदियों से घरेलू उपचार के तौर पर किया जा रहा है। इस बात से सभी अच्छे से वाकिफ होंगे कि ये दोनों सामग्रियां स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होती हैं। आंवला और शहद दोनों में अलग-अलग औषधीय गुण होते हैं, लेकिन इन दोनों का सेवन अगर साथ में किया जाए, तो असर दोगुना हो सकता है, जिससे कई शारीरिक समस्याओं से बचाव और उनके जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।**

## आंवला और शहद के फायदे

आंवला और शहद दोनों ही सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं, लेकिन दोनों को मेडिकल ट्रीटमेंट नहीं माना जा सकता है। इनका सेवन समस्या से बचाव और उनके प्रभाव को कुछ हद तक कम करने में लाभकारी हो सकता है। वहीं, कोई अगर गंभीर रूप से बीमार है, तो डॉक्टरी इलाज जरूरी है।

### 1. पाचन में मददगार

शहद में कई ऐसे गुण होते हैं जो पाचन तंत्र को ठीक रखने में मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि आयुर्वेद में भी पाचन संबंधित परेशानियों के लिए इसे वरदान समान बताया है। वहीं, आंवले में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रख सकता है। इसके अलावा, नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से पाचन क्रिया मजबूत हो सकती है। यह हाइपरएसिडिटी व अन्य कई पाचन संबंधित परेशानी से निजात दिलाने में मददगार साबित हो सकता है। इस आधार पर यह माना जा सकता है कि आंवला और शहद का सेवन पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद कर सकता है।

### 2. डायबिटीज के लिए आंवला रस और शहद के फायदे

एनसीबीआई (नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन) पर उपलब्ध एक शोध के अनुसार, आंवला में एंटी-डायबिटिक प्रभाव होते हैं, जो बढ़े हुए ब्लड शुगर की समस्या को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इसी तरह मधुमेह में शहद के भी कुछ फायदे देखे जा सकते हैं। दरअसल, एक शोध के मुताबिक शहद का उपयोग डायबिटीज के मरीजों के वजन को ब्लड लिपिड को कम करने में मदद कर सकता है। हालांकि, शोध में मधुमेह के मरीजों में इसके उपयोग को लेकर सावधानी बरतने की भी सलाह दी गई है।

### 3. सर्दी-खांसी में लाभदायक

आंवला और शहद का सेवन सर्दी-खांसी में भी फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, आंवला में मौजूद विटामिन-सी सर्दी से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, एक शोध में बताया गया है कि आंवला पाउडर को शहद के साथ लेने से सूखी खांसी में राहत मिल सकती है। वहीं, एक शोध में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बच्चों में खांसी और कोल्ड के लिए शहद को लाभकारी बताया है। इस तरह कहा जा सकता है कि आंवला और शहद का इस्तेमाल सर्दी-खांसी पर असरदार हो सकता है।

### 4. इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक

इम्यून सिस्टम के कमजोर होने पर शरीर कई रोगों की चपेट में आ सकता है। ऐसे में आंवला का इस्तेमाल रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर सकता है। एक शोध में इस बात का जिक्र मिलता है कि आंवला व्हाइट ब्लड सेल्स (इम्यून सिस्टम का एक अहम भाग) को बढ़ा सकता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकता है। वहीं, शहद भी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मददगार साबित हो सकता है। एनसीबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध एक रिसर्च पेपर के अनुसार, शहद का सेवन शरीर में एंटीबॉडी के उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकता है। बता दें कि एंटीबॉडी एक प्रोटीन है जिसे इम्यून सिस्टम रिलीज करता है। वहीं, एंटीबॉडी शरीर को एंटीजन यानी बैक्टीरिया, वायरस, फंगस व परजीवियों से बचाने का काम करता है।

### 5. पीलिया में मददगार

एनसीबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध एक शोध में इस बात का जिक्र मिलता है कि शहद का उपयोग पीलिया के हानिकारक प्रभावों को रोकने में प्रभावी साबित हो सकता है। वहीं, एक शोध में आंवले से बने टॉनिक का उपयोग पीलिया की बीमारी में लाभकारी बताया गया है। इसलिए, हम कह सकते हैं कि आंवला और शहद का सेवन पीलिया में फायदेमंद हो सकता है।

### 6. अस्थमा में आंवला और शहद के लाभ

शहद दमा यानी अस्थमा में भी कारगर हो सकता है। एनसीबीआई पर उपलब्ध एक रिसर्च के मुताबिक, शहद का सेवन और इससे सूंघने से अस्थमा में कुछ हद आराम मिल सकता है। वहीं, शहद में मौजूद एंटीइंफ्लेमेट्री गुण सांस नली में सूजन को कम कर सकते हैं। वहीं, आंवले में मौजूद एंटी इन्फ्लामेट्री गुण अस्थमा की गंभीरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च के अनुसार, आंवले के जूस के साथ शहद को लेने से अस्थमा के लक्षण जैसे सांस लेने में दिक्कत को कम करने में मदद मिल सकती है।

### 7. त्वचा के लिए आंवला रस और शहद के लाभ

आंवला को आयुर्वेद में त्वचा के लिए फायदेमंद माना गया है। एक अध्ययन के मुताबिक आंवले में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान को बचा सकता है। वहीं, इसका इस्तेमाल सनस्क्रीन व एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स में भी किया जाता है एक अन्य शोध के अनुसार, आंवला में स्किन व्हाइटनिंग एजेंट भी होते हैं, जो त्वचा की रंगत में सुधार कर सकते हैं। जहां तक शहद का सवाल है, तो शहद त्वचा को कुदरती रूप से मॉइस्चराइज कर सकता है। शहद में एंटी माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा को बैक्टीरियल संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं, जो त्वचा को सूजन से राहत दिलाने के साथ संक्रमण को बढ़ने से रोकने में मददगार हो सकते हैं। इन तथ्यों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि त्वचा के लिए आंवला और शहद उपयोगी हो सकते हैं।

### 8. बालों के लिए आंवला रस और शहद के फायदे

आंवला और शहद का इस्तेमाल बालों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। एक शोध के अनुसार, आंवले का नियमित रूप से इस्तेमाल बालों की ग्रोथ में सहायक हो सकता है। एक अन्य शोध में भी कहा गया है कि आंवला युक्त शैम्पू और तेल स्कैल्प और बालों को पोषण देने के साथ बालों को समय से पहले सफेद होने से बचा सकते हैं। बात करें शहद की, तो यह सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस (स्किन एलर्जी, जो स्कैल्प पर पपड़ी जमने और लाल त्वचा का कारण बनती है) और डैंड्रफ की रोकथाम में उपयोगी साबित हो सकता है। इसके अलावा, शहद का इस्तेमाल बालों के झड़ने की समस्या में भी लाभकारी हो सकता है। इसलिए, यह माना जा सकता है कि बालों के लिए आंवला रस और शहद के फायदे कई हैं।



## आंवला और शहद का उपयोग

- आंवला और शहद का उपयोग किस तरह से किया जा सकता है, यह आप निम्न बिंदुओं के जरिए आसानी से समझ सकते हैं।
- सूखी खांसी से राहत के लिए आंवला पाउडर में शहद मिलाकर सेवन करने से फायदा हो सकता है।
- आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आंवले के जूस में शहद मिलाकर ले सकते हैं।
- बाहरी इस्तेमाल की बात करें, तो आंवला पाउडर में शहद मिलाकर बालों में लगाया जा सकता है।
- आंवले के पल्प में शहद मिलाकर सेवन कर सकते हैं।
- शहद में आंवले को भिगोकर मुरब्बा तैयार कर सकते हैं।
- दही के साथ आंवला और शहद का उपयोग फेस मास्क बनाने के लिए किया जा सकता है।

## आंवला और शहद के नुकसान

***जिस तरह आंवला रस और शहद के फायदे कई हैं, वैसे ही इसके कई नुकसान भी हैं। ये नुकसान कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों या अधिक मात्रा में लेने से हो सकते हैं। नीचे दिए गए बिंदुओं के जरिए जानिए आंवला और शहद के नुकसान।***

### आंवला के नुकसान

- आंवले में ब्लड प्रेशर कम करने के गुण पाए जाते हैं। ऐसे में जिन लोगों को लो ब्लड प्रेशर की समस्या है, उन्हें आंवले का सेवन डॉक्टरी परामर्श पर करना चाहिए, क्योंकि इससे उनका ब्लड प्रेशर और कम हो सकता है।
- लो ब्लड शुगर से ग्रसित लोगों को डॉक्टर की सलाह पर ही आंवले का सेवन करना चाहिए, क्योंकि इसमें एंटीडायबिटिक (ब्लड शुगर को कम करने वाला) गुण पाया जाता है, जो लो ब्लड शुगर के मरीजों में रक्त शर्करा को और भी कम कर सकता है।
- आंवला विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है। वहीं, आंवले का अधिक मात्रा में सेवन विटामिन-सी की अधिकता का कारण बन सकता है। इससे किडनी स्टोन का जोखिम बढ़ सकता है।
- प्रेगनेंसी में आंवला खाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### शहद के नुकसान

- शहद के कारण एनाफिलेक्सिस हो सकता है। यह एक प्रकार का एलर्जिक रिएक्शन है। इससे त्वचा का लाल होना, सांस लेने में दिक्कत, पित्ती, छाती में दर्द व जकड़न जैसी समस्या हो सकती है।
- शहद में फ्रुक्टोज अधिक मात्रा में होता है। वहीं, शरीर में इसका अवशोषण ठीक तरीके से न होने की वजह से दस्त की समस्या हो सकती है।
- शहद के अधिक सेवन से बोटुलिनम पॉइजनिंग (क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम बैक्टीरिया के कारण) हो सकती है। इससे धुंधला दिखाई देना, निगलने में दिक्कत व मांसपेशियों में कमजोरी जैसी परेशानियां हो सकती हैं।
- जिन लोगों को लो ब्लड शुगर की समस्या रहती है, उन्हें डॉक्टर की सलाह के बाद ही शहद का सेवन करना चाहिए, क्योंकि फ्रुक्टोज की मौजूदगी के कारण अधिक शहद के सेवन से ब्लड शुगर लेवल अस्थिर हो सकता है।



# बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला 'सन ऑफ सरदार-2' का जादू




**कुल 42 करोड़ रुपये का कारोबार**

*अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' से जहां दर्शकों और निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका अब तक का सफर निराशाजनक रहा है। रिलीज के 10 दिन पूरे होने के बावजूद फिल्म शुरुआत से ही दर्शकों को खींचने में जूझती नजर आई। यहां तक कि वीकेंड पर भी इसकी कमाई में कोई खास उछाल नहीं आया। अब फिल्म की 10वें दिन की कमाई सामने आ गई है।*

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक 'सन ऑफ सरदार-2' ने 9वें दिन शनिवार 4 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को इसका कलेक्शन घटकर सिर्फ 3.75 करोड़ रुपये रह गया। इस तरह फिल्म ने 10 दिनों में कुल 42 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। बताया जा रहा है कि 'सन ऑफ सरदार-2' का बजट करीब 150 करोड़ रुपये है।

'सन ऑफ सरदार-2' का निर्देशन पंजाबी सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर विजय कुमार अरोड़ा ने किया है, जिन्होंने इसी फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू किया है। इस बार अजय देवगन की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के साथ बनी है। फिल्म में नीरू बाजवा, रोशनी वालिया, कुब्रा सैत, दीपक डोबरियाल, साहिल मेहता, चंकी पांडे और रवि किशन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आते हैं। अजय ने इस फिल्म में अभिनय के साथ-साथ सह-निर्माता की जिम्मेदारी भी निभाई है।

# टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' का दमदार टीजर रिलीज

*बॉलीवुड स्टार टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बागी 4' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस एक्शन-पैक्ड फिल्म का निर्देशन ए. हर्ष ने किया है, जो 'बजरंगी' और 'वेधा' जैसी हिट कन्नड़ फिल्मों के लिए मशहूर हैं। साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। हाल ही में मेकर्स ने 'बागी 4' का धमाकेदार टीजर रिलीज किया है, जिसमें टाइगर का खतरनाक लुक और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखने को मिल रहे हैं।*

इस फिल्म के जरिए मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज संधू बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। बचपन से ही अभिनय की शौकीन हरनाज अब तक दो पंजाबी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। फिल्म में सोनम बाजवा और संजय दत्त भी अहम भूमिकाओं में हैं। संजय दत्त एक खतरनाक विलेन के रूप में दिखाई देंगे। टीजर में टाइगर और संजय के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिल रही है, जबकि बाकी सितारे भी दमदार एक्शन करते नजर आ रहे हैं।

'बागी 4' 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गौरतलब है कि 'बागी' फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2016 में आई थी, जबकि इसका दूसरा भाग 2018 और तीसरा भाग 2020 में रिलीज हुआ था। तीनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। जहां पहली 'बागी' का निर्देशन सब्बीर खान ने किया था, वहीं 'बागी 2' और 'बागी 3' का निर्देशन अहमद खान ने संभाला था।



# ऋतिक रोशन की फिल्म 'वॉर-2' सिनेमाघरों में 14 अगस्त को देगी दस्तक



*ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर 'वॉर-2' अब रिलीज से सिर्फ कुछ दिन दूर है। 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। एडवांस बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है, और अब रिलीज से महज तीन दिन पहले फिल्म की प्रमोशनल रणनीति का खुलासा हो गया है।*

'वॉर-2' की रिलीज को भव्य बनाने के लिए निर्माताओं ने कई अहम फैसले लिए हैं। उन्होंने देशभर के सिनेमाघरों को आवश्यकताओं की एक सूची भेजी है। सिंगल-स्क्रीन थिएटरों को साफ निर्देश दिया गया है कि वे किसी अन्य फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं करेंगे और पूरी तरह 'वॉर 2' को ही दिखाएंगे। यही नियम दो और तीन स्क्रीन वाले सिनेमाघरों पर भी लागू होगा। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने यह भी तय किया है कि दो-स्क्रीन वाले थिएटरों में 'वॉर 2' के कम से कम 12 शो अनिवार्य रूप से चलाए जाएंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, तीन-स्क्रीन वाले सिनेमाघरों में 'वॉर-2' के कम से कम 18 शो रोजाना दिखाना अनिवार्य होगा। 4, 5 और 6 स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स को 21, 27 और 30 शो प्रतिदिन चलाने होंगे। 7-स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स में यह संख्या 36 होगी, जबकि 8 स्क्रीन वाले में 42, 9 स्क्रीन वाले में 48 और 10 या उससे अधिक स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स में कम से कम 54 शो रोजाना अनिवार्य होंगे। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस एक्शन एंटरटेनर में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी।

# दिल्ली में सांसदों के लिए बने 184 फ्लैट्स:पीएम मोदी ने उद्घाटन किया; आधुनिक सुविधाओं और टेक्नोलॉजी से लैस

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए बनाए गए 184 नए फ्लैट्स का उद्घाटन किया। ये सभी फ्लैट्स टाइप-7 के मल्टी-स्टोरी अपार्टमेंट हैं। पीएम मोदी ने 'सिंदूर' का पौधा भी लगाया। इसके अलावा श्रमजीवियों से मुलाकात की। उद्घाटन के दौरान पीएम ने कहा- इन चार टावरों को बहुत सुंदर नाम दिए गए हैं, कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली, जो भारत की चार महान नदियों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लाखों लोगों को जीवन देती हैं। ये नए फ्लैट्स इसलिए बनाए गए क्योंकि सांसदों के लिए आवास की कमी थी। सीमित जमीन होने के कारण यहां ऊंची इमारतों का निर्माण किया गया, जिससे जगह का बेहतर इस्तेमाल हो और रखरखाव का खर्च कम हो।



### नए फ्लैट्स में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी

नए बने फ्लैट्स का यह कॉम्प्लेक्स पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें ग्रीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा बचाने वाला है। प्रोजेक्ट को जीआरआईएचए 3-स्टार रेटिंग के मानकों और 2016 के नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों के अनुसार बनाया गया है। हर फ्लैट करीब 5 हजार स्क्वायर फीट के कारपेट एरिया का है, जिसमें सांसदों के रहने के साथ-साथ उनके दफ्तर, स्टाफ के कमरे और सामुदायिक केंद्र की सुविधा भी है। सभी इमारतें भूकंप-रोधी हैं और सुरक्षा के लिए मजबूत इंतजाम किए गए हैं।

### निर्माण में नई तकनीक का इस्तेमाल

इन फ्लैट्स में मोनोलिथिक कंक्रीट और एल्यूमिनियम शटरिंग का इस्तेमाल किया गया, जिससे बिल्डिंग मजबूत बनी और समय पर काम पूरा हुआ। यह कॉम्प्लेक्स दिव्यांग-हितैषी है, ताकि सभी लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें। उद्घाटन के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, आवास समिति (लोकसभा) के सभापति डॉ. महेश शर्मा समेत कई सांसद मौजूद रहे।

### इस कानून के तहत मिलते हैं आवास

दरअसल, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत साल 1922 में एक विभाग बनाया गया था, डायरेक्टरेट ऑफ स्टेट्स। इसी विभाग के पास पूरे देश में केंद्र सरकार की संपत्तियों की देखभाल का जिम्मा होता है। मंत्रियों और सांसदों के बंगलों और फ्लैट की देखभाल भी इसी के पास होती है। आवंटन और घर खाली कराने का जिम्मा भी इसी का होता है। वैसे सांसदों को आवास मुहैया कराने में इस विभाग के साथ ही लोकसभा और राज्यसभा की आवासीय समिति भी बड़ी भूमिका निभाती है। आवास का आवंटन जनरल पूल रेजिडेंशियल एकोमोडेशन एक्ट के तहत किया जाता है।

### कैबिनेट मिनिस्टर और वरिष्ठ सांसदों के बंगले एक जैसे

वरिष्ठता और कैटेगरी के आधार पर आवास का आवंटन होता है। सबसे छोटे टाइप-I से टाइप-IV तक के आवास केंद्रीय कर्मचारियों और अधिकारियों को दिए जाते हैं। इसके बाद टाइप-VI से टाइप-VIII तक के बंगले और आवास केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और सांसदों को आवंटित होते हैं। पहली बार चुने गए सांसदों को आमतौर पर टाइप-V बंगले दिए जाते हैं। वहीं, अगर कोई सांसद एक से ज्यादा बार चुनकर आता है तो उसको टाइप-VII और टाइप-VII वाला बंगला भी आवंटित किया जा सकता है। यही टाइप-VIII वाला बंगला कैबिनेट मंत्रियों, सुप्रीम कोर्ट के जज, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व उपराष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री और वित्त आयोग के अध्यक्ष को भी आवंटित किया जाता है।

### सबसे बड़ा और अच्छा होता है टाइप-VIII का बंगला

दरअसल, टाइप-VIII के बंगले सबसे अच्छी श्रेणी के माने जाते हैं। यह बंगला करीब तीन एकड़ क्षेत्रफल में फैला होता है। इसकी मेन बिल्डिंग में पांच बेडरूम होते हैं। इसके अलावा एक हॉल, एक डायनिंग रूम और एक स्टडी रूम भी होता है। गेस्ट के लिए एक रूम और एक सर्वेंट क्वार्टर भी होता है। ऐसे सभी बंगले जनपथ, त्यागराज मार्ग, अकबर रोड, कृष्णा मेनन मार्ग, सफदरजंग रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग और तुगलक रोड पर बने हैं।

## दिल्ली से भी खरीद सकेंगे टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारें:वर्ल्डमार्क कॉम्प्लेक्स में खुला कंपनी का दूसरा शोरूम




नई दिल्ली: टेस्ला की इलेक्ट्रिक गाड़ियां आज से दिल्ली (11 अगस्त) से भी खरीद सकेंगे। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी ने भारत में अपना दूसरा शोरूम खोल दिया है। नया टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर, एयरोसिटी वर्ल्डमार्क 3 बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर है। इससे पहले कंपनी ने 15 जुलाई को भारत में अपना पहला शोरूम मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के मेकर मैक्सिटी मॉल में खोला था। एयरोसिटी वर्ल्डमार्क कॉम्प्लेक्स में टेस्ला का दूसरा शोरूम 8,200 स्क्वायर फीट में बना है, जो इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है। ये इलाका दिल्ली का हाई-एंड बिजनेस और हॉस्पिटैलिटी हब है, जहां लग्जरी होटल्स, बड़ी कंपनियों के ऑफिस और हाई-प्रोफाइल रिटेल स्टोर्स हैं। टेस्ला का ये लोकेशन चुनना साफ दिखाता है कि वो अमीर और टेक-जागरूक ग्राहकों को टारगेट कर रहा है। टेस्ला स्टोर लोगों के लिए एक एक्सपीरियंस सेंटर के तौर पर काम करेगा। यानी यहां न सिर्फ कंपनी की इलेक्ट्रिक गाड़ियां बेची जाएंगी, बल्कि लोग टेस्ला की टेक्नोलॉजी और फीचर्स को भी करीब से देख सकेंगे। 2024 में आई भारत की नई ईवी पॉलिसी के मुताबिक, अगर टेस्ला 4,150 करोड़ रुपए निवेश करता है, तो इम्पोर्ट ड्यूटी 70% से घटकर 15% जाएगी। इससे भविष्य में कंपनी की कारों की कीमतें कम हो सकती हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि टेस्ला गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्यों में फैक्ट्री लगाने पर विचार कर रही है, लेकिन फिलहाल कंपनी भारत में सिर्फ इंपोर्टेड कारें बेचने पर ध्यान दे रही है।

## एक माह से लापता युवती का शव संदिग्ध हालत में मिला, परिजनों ने दिया धरना

कोटा,(ईएमएस)। राजस्थान के कोटा जिले के ग्राम पंचायत गोयंदा की कविता कंवर (19) एक महीने पहले लापता थी, जिसका शव रविवार सुबह बुरनखेड़ी गांव में संदिग्ध हालत में मिला। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण उग्र हो गए और आरोपी की गिरफ्तारी, रेप-हत्या का मामला दर्ज करने, लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर पुलिस चौकी के सामने घंटों तक धरने पर बैठे रहे। जानकारी के मुताबिक कविता कंवर की मां तंवर बाई ने बताया कि एक माह पहले रामगंजमंडी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। एफआईआर दर्ज होने के अगले ही दिन उन्हें पता चला कि बुरनखेड़ी निवासी हीरालाल धाकड़ उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मां का आरोप है कि वह कई बार थाने जाकर बेटी को खोजने की गुहार लगाती रही, लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस जांच में सामने आया कि युवती आरोपी हीरालाल धाकड़ के साथ प्रेम प्रसंग के चलते भोलवाड़ा में रह रही थी। शनिवार रात उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी शव को लेकर बुरनखेड़ी गांव आया और अपने घर के बाहर रखकर युवती के परिजनों को फोन कर मौत की सूचना दी, फिर फरार हो गया। सुबह करीब 6 बजे गोयंदा गांव के ग्रामीण और राजपूत करणी सेना के सदस्य बुरनखेड़ी पहुंचे, जहां बुरनखेड़ी निवासी आरोपी हीरालाल धाकड़ के घर पर शव मिला।

## तेलंगाना में भारी बारिश का अलर्ट, सीएम ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण

हैदराबाद,(ईएमएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तेलंगाना के कई जिलों में 17 अगस्त तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, 13 अगस्त से 17 अगस्त के बीच कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है, साथ ही बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस बीच, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार रात हुई मूसलाधार बारिश से प्रभावित हैदराबाद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था में सुधार करने और भविष्य में जलभराव रोकने के निर्देश दिए। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने चेतावनी जारी करते हुए आगे भी शहर के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की बात कही है, जबकि कुछ क्षेत्रों में 30-50 मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज हो सकती है। विगत रात हुई बारिश में अंबरपेट में 11 सेंटीमीटर और हिमायतनगर में 10 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार भारी बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडु ने किया संघ के नवनिर्मित कार्यालय का दौरा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु ने रविवार को केशव कुंज स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नवनिर्मित कार्यालय का दौरा किया और वहां की सुविधाओं की सराहना की। यह उनका नवीनीकरण के बाद संघ कार्यालय का पहला दौरा था। पूर्व उपराष्ट्रपति नायडु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि आज सुबह अपने मित्रों श्री तुम्मला रंगा राव और डॉ. के. श्रीनिवास के साथ नई दिल्ली के केशव कुंज में नवनिर्मित संघ कार्यालय का दौरा किया और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने इस अवसर की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा कीं और कहा, कि इस इमारत की सबसे प्रभावशाली बात इसकी शास्त्रीय भारतीय वास्तुकला के साथ-साथ इसमें उपलब्ध आधुनिक सुविधाएं और सुख-सुविधाएं हैं।

## भारत-नेपाल सीमा पर चीनी नागरिक गिरफ्तार, बिना वीजा के कर रहा था प्रवेश

महाराजगंज,(ईएमएस)। यूपी के महाराजगंज में भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली इलाके में एक 62 साल के चीनी नागरिक को बिना वीजा और वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि नेपाल से भारत आ रहे झांग योंग को रविवार शाम सशस्त्र सीमा बल ने सोनौली इलाके में नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसके पास चीन का पासपोर्ट था, लेकिन भारत में प्रवेश के लिए वैध वीजा और दस्तावेज नहीं थे। उन्होंने बताया कि चीनी नागरिक के पास मिला पासपोर्ट 14 नवंबर 2034 तक के लिए वैध है और उसके पास से नेपाल का पर्यटक वीजा भी मिला है जिसकी वैधता 25 जुलाई 2025 तक ही थी।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-सरकार पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती:ये समानता के अधिकार का उल्लंघन

### सेना की कानूनी विंग में आरक्षण नीति रद्द की

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल शाखा में पुरुष और महिला अधिकारियों के लिए 2:1 अनुपात में आरक्षण देने की नीति को रद्द कर दिया। जेएजी सेना की कानूनी विंग है, जहां अधिकारी कानूनी सलाह, कोर्ट-मार्शल मामलों और सैनिकों और उनके परिवारों की कानूनी जरूरतों को देखते हैं। दो महिला उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह नीति मनमानी है और संविधान के तहत सभी को मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सरकार केवल पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती। महिलाओं की सीटें सीमित करना गलत है। असली जेंडर न्यूट्रैलिटी का मतलब है कि सबसे योग्य उम्मीदवार चुने जाएं। दरअसल, दो महिला उम्मीदवार मेरिट लिस्ट में 4वें और 5वें नंबर पर थीं, लेकिन महिलाओं के लिए केवल 3 सीटें होने के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। जबकि उनसे कम अंक वाले पुरुष उम्मीदवार चुने गए।



वहीं, कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता को तुरंत सेना में शामिल करने का आदेश दिया गया, जबकि दूसरी को राहत नहीं मिली क्योंकि उसने याचिका के दौरान ही नौसेना जॉइन कर ली थी।

### कोर्ट बोला-भरपाई के लिए महिलाओं के लिए कम से कम 50% सीटें रिजर्व करें

जेएजी में कुल 9 पदों में भर्ती होनी थी, इसमें 2:1 अनुपात में आरक्षण के आधार पर 6 पुरुषों और 3 महिलाओं का चयन किया गया। इस पर जस्टिस मनमोहन और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि पिछले सालों में महिलाओं को कम मौके मिलने की भरपाई के लिए कम से कम 50% सीटें महिलाओं को दी जाएं, लेकिन अगर महिलाएं पुरुषों से ज्यादा मेरिट में हैं तो उन्हें 50% तक ही सीमित करना भी गलत होगा।

### 6 अगस्त- दिल्ली हाईकोर्ट बोला-महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब क्यों नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को महिलाओं को सीडीएस (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए भारतीय सैन्य अकादमी, नौसेना अकादमी और वायुसेना अकादमी में शामिल न करने को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की बेंच ने बुधवार को कहा, महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब नहीं मिल रही। यह मामला गंभीर है और केंद्र सरकार को इसका जवाब देना होगा। अगली सुनवाई नवंबर 2025 में होगी। याचिका वकील कुश कालरा ने दायर की थी।

# बैंक से 14 करोड़ का सोना, 5 लाख कैश लूटा: 15 मिनट में दिया अंजाम

**जबलपुर:** जबलपुर से 50 किलोमीटर दूर खितौला इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने सोमवार सुबह 11 बजे बैंक लूट लिया। लुटेरों ने बैंक कर्मचारियों को कट्टा दिखाकर धमकाया। फिर 15 मिनट में 14 किलो 800 ग्राम सोना और 5 लाख 70 हजार रुपए नकद लेकर भाग निकले। लूटे गए सोने की अनुमानित कीमत साढ़े 14 करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर दी है। पूरे जबलपुर सहित कटनी, मंडला, डिंडोरी पुलिस को अलर्ट किया गया है। जबलपुर पुलिस के मुताबिक, वारदात इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की है। यहां छह युवक तीन बाइकों पर सवार होकर आए। बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर एक-एक कर अंदर पहुंचे। कुछ देर बैंक कर्मचारियों की वर्किंग देखते रहे। फिर कट्टा निकालकर अधिकारियों और कर्मचारियों को धमकाने लगे। वे बार-बार गोली मारने की धमकी दे रहे थे। जब लुटेरे बैंक के बाहर निकल गए, तब अधिकारियों ने खतरे का सायरन बजाया।

### सुबह 8 से 9 बजे के बीच खोला बैंक

अब तक की पुलिस जांच में सामने आया है कि इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक सोना गिरवी रखकर लोन देने का काम करता है। बैंक खुलने का समय सुबह 10.30 बजे है, लेकिन त्योहार के कारण पिछले कुछ दिनों से यह सुबह 8 से 9 बजे के बीच खुल रहा है। वारदात के समय सुरक्षा गार्ड भी तैनात नहीं था। सीसीटीवी में 4 बदमाश नजर आ रहे हैं। हालांकि, बैंक स्टाफ ने पुलिस के सामने बदमाशों की संख्या 6 होने का दावा किया है।

### अलग-अलग दिशा में भागे बदमाश

सीएसपी भगत सिंह गठोरिया ने बताया कि पुलिस ने बैंक और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि बैंक से बाहर निकलने के बाद लुटेरे अलग-अलग रास्ते भागे हैं। पुलिस बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। जानकारी मिलते ही डीआईजी अतुल सिंह, एसपी संपत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। खितौला, सिहोरा के आसपास पुलिस डॉग स्क्वाड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ लुटेरों की तलाश की जा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- दिल्ली-एनसीआर में कुत्तों को पकड़कर नसबंदी करें: इन्हें शेल्टर होम में रखा जाए

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली और एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। कोर्ट ने कहा, इस काम में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी और अगर कोई व्यक्ति या संगठन इसके बीच में आया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि दिल्ली, एमसीडी और एनएमडीसी जल्द से जल्द सभी इलाकों, खासकर संवेदनशील क्षेत्रों से कुत्ते उठाएं। जरूरत हो तो इसके लिए अलग बल बनाएं।

दरअसल, कोर्ट ने 28 जुलाई को खुद नोटिस लेते हुए यह मामला उठाया था, जब संसद में पेश एक रिपोर्ट में दिल्ली-एनसीआर में रेबीज के बढ़ते मामलों और बच्चों व बुजुर्गों की मौत पर चिंता जताई गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट के 5 अहम आदेश

- 8 हफ्तों में पर्याप्त स्टाफ और सीसीटीवी के साथ डॉग शेल्टर बनाएं और नसबंदी के बाद कुत्तों को न छोड़ें।
- 6 हफ्तों में 5,000 कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू करें, संवेदनशील इलाकों से शुरुआत करें, बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करें।
- दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में रोजाना पकड़े गए कुत्तों का रिकॉर्ड रखें, नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई होगी।
- एक हफ्ते में डॉग बाइट और रेबीज के लिए हेल्पलाइन बनाएं, 4 घंटे में कार्रवाई कर कुत्ते को नसबंदी के बाद न छोड़ें।
- रेबीज वैक्सीन का पूरा स्टॉक और उपलब्धता की रिपोर्ट दें।

### 28 जुलाई- सुप्रीम कोर्ट ने रेबीज से मौतों को डराने वाला बताया

सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को आवारा कुत्तों के हमलों के कारण रेबीज से होने वाली मौतों की घटनाओं पर खुद नोटिस लिया था। कोर्ट ने इसे बेहद चिंताजनक और डराने वाला बताया था। इससे पहले पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने 22 जुलाई को लोकसभा में बताया था कि 2024 में 37 लाख से ज्यादा डॉग बाइट्स के मामले आए। इसके अलावा 54 लोगों की मौत रेबीज से हुई। रिपोर्ट दिल्ली में छह साल की बच्ची छवि शर्मा की मौत से जुड़ी हुई है। उसे 30 जून को एक कुत्ते ने काट लिया था। इलाज के बावजूद 26 जुलाई को उसकी मौत हो गई। इस संबंध में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था कि रिपोर्ट के तथ्य बेहद परेशान करने वाले हैं। कोर्ट ने कहा था कि हर दिन दिल्ली और आसपास इलाकों में कुत्तों के काटने के सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में सबसे ज्यादा आ रहे हैं। कई मामलों में रेबीज फैल रहा है। बेंच ने रिपोर्ट को जनहित याचिका के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया है।

## ओडिशा के तटीय इलाकों को मिलेगा समुद्र का मीठा पानी, केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ

भुवनेश्वर,(ईएमएस)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को गंजम जिले के छत्रपुर उपमहाद्वीप के माटीखाल स्थित इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) परिसर में खारे समुद्री जल को मीठा बनाने के लिए सी वाटर रिजर्व ऑस्मोसिस जल आपूर्ति परियोजना का शुभारंभ किया। यह परियोजना समुद्री जल को शुद्ध करेगी और लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय मंत्री प्रधान ने इकाई का निरीक्षण किया और शुद्धिकरण के बाद पानी का स्वाद भी चखा। उन्होंने कहा कि गंजम एक तटीय जिला होने से यहां के लोग लंबे समय से स्वच्छ पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। भूजल में उच्च लवणता और मीठे पानी के सीमित संसाधनों के कारण पेयजल की उपलब्धता चुनौती बनी रही है। यह परियोजना जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में माटीखाल और आसपास के क्षेत्र के लोगों को मीठे पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इस पानी की कीमत मात्र 11 पैसे प्रति लीटर होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह इजराइल खारे पानी को शुद्ध करके इस्तेमाल करता है, उसी तरह ओडिशा के तटीय इलाकों को भी इस तकनीक का लाभ मिलेगा।

# भारत बोला- परमाणु हथियार लहराना पाक की आदत: हमें सुरक्षा करना आता है

टेक्सास: भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा- परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं। ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है।

### मुनीर बोले- हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं

दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रॉपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था, 'भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे।' आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गये एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे।

# तिरुवनंतपुरम-दिल्ली एअर इंडिया फ्लाइट की चेन्नई में लैंडिंग: कांग्रेस सांसद बोले- रनवे पर दूसरा प्लेन खड़ा था; डीजीसीए बोला- मलबा होने की आशंका थी

**चेन्नई:** तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट AI2455 की रविवार रात चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरलाइंस ने तकनीकी गड़बड़ी और खराब मौसम को इसकी वजह बताया। एयर ट्रैफिक ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के अनुसार फ्लाइट ने रात 8:17 बजे उड़ान भरी। इसे 10:45 बजे दिल्ली पहुंचना था। फ्लाइट में मौजूद कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने X पर लिखा, चेन्नई में जब इमरजेंसी लैंडिंग की पहली कोशिश हुई तो सामने (रनवे) दूसरा प्लेन खड़ा था। पायलट प्लेन को दोबारा हवा में ले गया और दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग हो सकी। उन्होंने लिखा कि फ्लाइट में कई सांसद और अन्य यात्री सवार थे। एक बड़ा हादसा करीबी से टला है। सोमवार सुबह वेणुगोपाल ने कहा- पायलट ने खुद अनाउंसमेंट करके कहा था कि रनवे पर दूसरा प्लेन है। अब एयरलाइन झूठ बोल रही है। मैंने इस मामले में डीजीसीए से भी बात की है। हालांकि वेणुगोपाल के दूसरा प्लेन रनवे पर होने की बात से AI ने इनकार किया।




इधर, मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि पायलट ने मौसम रडार खराब होने की आशंका के चलते फ्लाइट को चेन्नई मोड़ा था। वहीं, ट्रैफिक कंट्रोल ने रनवे पर मलबा होने की आशंका के चलते विमान को लैंडिंग से रोका था। हालांकि फिर ये आशंका गलत होने पर फ्लाइट की लैंडिंग कराई गई।

### केसी वेणुगोपाल ने X पोस्ट में बताया पूरा घटनाक्रम...

तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI2455, जिसमें मैं, कई सांसद और सैकड़ों यात्री सवार थे, आज हादसे के बहुत करीब पहुंच गई। उड़ान पहले देरी से शुरू हुई। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही तेज झटके (टर्बुलेंस) लगे। करीब एक घंटे बाद कैप्टन ने बताया कि फ्लाइट में सिग्नल की खराबी है और इसे चेन्नई डायवर्ट किया जा रहा है। करीब दो घंटे तक हम चेन्नई एयरपोर्ट के ऊपर चक्कर लगाते रहे। पहली बार उतरने की कोशिश में एक डरावना पल आया, जब पता चला कि रनवे पर दूसरा विमान था। कैप्टन ने तुरंत विमान को ऊपर उठाया, जिससे सभी की जान बच गई। दूसरी कोशिश में फ्लाइट सुरक्षित उतरी। हम पायलट की सूझबूझ और किस्मत से बच गए। यात्रियों की सुरक्षा किस्मत पर नहीं छोड़ी जा सकती। मैं डीजीसीए और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री से आग्रह करता हूं कि इस घटना की तुरंत जांच करें, जिम्मेदारी तय करें और सुनिश्चित करें कि ऐसी चूक दोबारा कभी न हो।

### एअर इंडिया ने कहा- रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था

एअर इंडिया ने X पर केसी वेणुगोपाल की पोस्ट के जवाब में लिखा- हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि चेन्नई की ओर फ्लाइट डायवर्ट करने का फैसला सावधानी के तौर पर लिया गया था, क्योंकि विमान में तकनीकी समस्या और खराब मौसम की स्थिति थी। चेन्नई एयरपोर्ट पर पहली लैंडिंग की कोशिश के दौरान चेन्नई एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने गो-अराउंड का निर्देश दिया था। यह किसी दूसरे विमान के रनवे पर होने की वजह से नहीं था।

# गाजा में खाने के लिए कतारों में खड़े 26 फिलिस्तीनियों पर बरसाई गोलियां, मौत

दीर अल-बलाह,(ईएमएस)। गाजा पट्टी में खाने के लिए कतारों में खड़े 26 फिलिस्तीनी नागरिकों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मीडिया रिपोर्ट में अस्पताल के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमास के कब्जे में मौजूद इजराइली बंधकों के परिजनों ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियान तेज करने की पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजनाओं के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास गाजा पट्टी में खाद्य आपूर्ति काफिले के मार्गों और निजी सहायता वितरण केंद्रों के पास मदद की आस में कतारों में खड़े लोगों के शव लाए गए। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में वे 10 लोग शामिल हैं, जो नवनिर्मित मोराग कॉरिडोर के पास सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। यह कॉरिडोर दक्षिणी शहर राफा और खान यूनिस को अलग करता है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक उत्तरी गाजा में जिकिम क्रॉसिंग के पास खाद्य सहायता का इंतजार कर रहे छह लोग भी गोलीबारी में मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मध्य गाजा में उन्होंने पहले चेतावनी स्वरूप चलाई गई गोलियों की आवाज सुनी, जिसके बाद गाजा



ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन की ओर से संचालित एक खाद्य वितरण केंद्र के पास लोगों की भीड़ पर गोलीबारी की गई। शरणार्थी शिविर स्थित आवदा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इजराइली गोलीबारी में चार लोग मारे गए। मध्य गाजा में जीएचएफ के खाद्य वितरण केंद्र से कुछ दूरी पर मदद का इंतजार कर रहे शख्स ने कहा कि पहले इजराइली सैनिकों ने हवा में गोली चलाई, फिर वे लोगों पर गोलियां बरसाने लगे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि खान यूनिस और राफा में जीएचएफ स्थलों तक पहुंचने का प्रयास करते समय छह अन्य फलस्तीनियों की मौत हो गई। अस्पतालों ने बताया कि गाजा शहर में एक बंदरगाह के पास हवाई हमले में तीन लोग, जबकि खान यूनिस में एक तंबू पर हुए हमले में चार लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना ने हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन हमास पर नागरिक क्षेत्रों से हमले करने का आरोप लगाया है।

### इज़रायली हमलों में 5 पत्रकारों की मौत, इसमें एक हमास का लड़ाका था

इजरायली सुरक्षा बल गाजा में ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। इन हमलों में एक स्थानीय चैनल के कम से कम 5 पत्रकार मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर प्रेस के लिए एक तंबू को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मारे गए सात लोगों में पांच पत्रकार भी शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में पत्रकार अनस अल-शरीफ और मोहम्मद क़रीक़ेह, साथ ही कैमरामैन इब्राहिम ज़हीर, मोआमेन अलीवा और मोहम्मद नौफ़ल शामिल हैं। दूसरी तरफ, इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि अल शरीफ़ हमास सेल का प्रमुख था और इजरायली नागरिकों और आईडीएफ (इज़रायली) सैनिकों पर रॉकेट हमलों को बढ़ावा देने के लिए ज़िम्मेदार था। इस बयान में गाज़ा में मिली ख़ुफ़िया जानकारी और दस्तावेज़ों को सबूत के तौर पर उद्धृत किया गया है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि अल-शरीफ को गाजा युद्ध की धारदार रिपोर्टिंग करने के कारण निशाना बनाया गया है और इजरायल के पास उसके आतंकी होने के कोई सबूत नहीं है। अल जज़ीरा ने अल शरीफ़ को गाज़ा के सबसे बहादुर पत्रकारों में से एक बताते हुए कहा कि यह हमला गाज़ा पर कब्ज़े की आशंका में उठ रही आवाज़ों को दबाने की एक हताश कोशिश है। पत्रकार समूहों और अल जज़ीरा ने हत्याओं की निंदा की। इस हमले के तुरंत बाद, इजरायली सेना ने एक बयान में संवाददाता अनस अल-शरीफ को निशाना बनाने की बात स्वीकार की है और उसे आतंकवादी करार देते हुए कहा कि वह हमास में एक आतंकवादी सेल के प्रमुख के रूप में काम कर चुका था। 28 वर्षीय अल-शरीफ अपनी मौत से कुछ क्षण पहले ही गाजा शहर पर हो रहे तीव्र इजरायली बमबारी की रिपोर्टिंग करते हुए दिखाई दिए। सोशल मीडिया एक्स पर शरीफ ने इस हमले की रिपोर्टिंग करते हुए एक पोस्ट जारी किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह पोस्ट उनके एक मित्र द्वारा पोस्ट की गई है, जो उनके अकाउंट से उनकी मौत की सूचना मिलने के बाद प्रकाशित की गई है। अल-शरीफ के पोस्ट में लिखा गया है, अगर मेरे ये शब्द आप तक पहुंचें तो जान लें कि इजरायल मुझे मारने और मेरी आवाज को दबाने में सफल हो गया है।

## ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने किया ऐलान, सितंबर में फिलिस्तीन को देंगे मान्यता

कैनबरा,(ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने ऐलान किया है कि उनका देश सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीनी राज्य को औपचारिक मान्यता देगा। यह कदम दो हफ्ते पहले उनकी उस बात से उलट है, जिसमें उन्होंने कहा था कि निकट भविष्य में वह ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे। अल्बानीज ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) की प्रतिबद्धताओं के आधार पर हम फिलिस्तीनी लोगों के अधिकार को स्वीकार करेंगे। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर इसे साकार करने के लिए काम करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम एंथनी अल्बानीज ने इस कदम को एक वैश्विक प्रयास का हिस्सा बताया जो मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने साफ कहा कि हमास को किसी भी फिलिस्तीनी राज्य में कोई जगह नहीं दी जाएगी। साथ ही उन्होंने इजराइल पर गाजा में मानवाधिकारों के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी करने का आरोप लगाया। गाजा की स्थिति को उन्होंने दुनिया की सबसे भयानक स्थिति से भी ज्यादा बदतर बताया है। पीएम अल्बानीज ने कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने कुछ अहम वादे किए हैं, जिनके आधार पर यह फैसला लिया गया है। इनमें हमास को सरकार से बाहर रखना, गाजा का विसैन्यीकरण और 2006 के बाद से लंबित चुनाव कराना शामिल है। इसके अलावा, फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने इजराइल के शांति और सुरक्षा के अधिकार को स्वीकार करने, उकसावे पर रोक लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय निगरानी और आतंकवादियों के परिवारों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता को बंद करने का आश्वासन दिया है। अल्बानीज का मानना है कि मध्य पूर्व में हिंसा के चक्र को तोड़ने और गाजा में संघर्ष, पीड़ा और भुखमरी को खत्म करने का सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड, जापान, इजराइल और फिलिस्तीनी प्राधिकरण अध्यक्ष महमूद अब्बास के साथ इस मुद्दे पर बातचीत की। नेतन्याहू के साथ उनकी चर्चा सभ्य और लंबी रही, लेकिन उन्होंने कहा कि इजराइली पीएम के तर्क पुराने हैं। इससे पहले, नेतन्याहू ने रविवार को कुछ यूरोपीय देशों की इस पहल की आलोचना की थी।

## इक्वाडोर के नाइट क्लब में गोलीबारी, 8 की मौत

क्विटो,(ईएमएस)। इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास के ग्रामीण क्षेत्र सांता लूसिया स्थित एक नाइट क्लब में रविवार को हुई गोलीबारी में आठ लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह इलाका देश के सबसे खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि हमलावर भारी हथियारों से लैस थे और मोटरसाइकिलों व दो वाहनों पर सवार होकर आए थे। गोलीबारी में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि नाइट क्लब में गोलीबारी का कारण क्या था। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है और हमलावरों की तलाश जारी है।

## रूस के कुरिल द्वीप में आया भूकंप, जापान में फटा ज्वालामुखी

### तीन हजार किमी ऊपर तक उठा राख का गुबार, लोगों को सतर्क रहने की सलाह

टोक्यो,(ईएमएस)। जापान के किरिशिमा पर्वत श्रृंखला पर स्थित शिनमोएडके ज्वालामुखी में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। इस विस्फोट से तीन हजार मीटर से ज्यादा ऊंचाई तक राख का गुबार उठा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले जापान के पड़ोस में मौजूद रूस के कुरिल द्वीप पर भूकंप के झटके लगे। कागोशिमा और मियाजाकी प्रांतों की सीमा पर स्थित यह ज्वालामुखी 27 जून से रुक-रुक कर फट रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को हुए विस्फोट से निकली राख उत्तर-पूर्व की ओर बह रही है और यह मियाजाकी प्रांत के तकानाबे तक पहुंच सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी है कि मियाजाकी प्रांत के कोबायाशी और ताकाहारू और कागोशिमा प्रांत के किरिशिमा में मध्यम स्तर की राख गिरने की संभावना है। छोटी ज्वालामुखी चट्टानें क्रेटर के उत्तर-पूर्व में करीब 14 किलोमीटर की दूरी तक गिर सकती हैं एजेंसी ने लोगों को सतर्क



रहने की सलाह दी है। ज्वालामुखी के क्रेटर से तीन किलोमीटर के दायरे में बड़े ज्वालामुखी चट्टानों और दो किलोमीटर के दायरे में गर्म राख के प्रवाह से सावधान रहने को कहा है। 22 जून को यह ज्वालामुखी 2018 के बाद पहली बार फटा था। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक विस्फोट के बाद राख का गुबार 500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई तक पहुंच गया। रिपोर्टों के मुताबिक धुआं मियाजाकी प्रान्त की ओर पूर्व दिशा में बह गया था और उस समय जापान की राष्ट्रीय प्रसारण एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कोई ज्वालामुखी चट्टानें गिरने की पुष्टि नहीं हुई थी। ज्वालामुखी चेतावनी स्तर 2, जो क्रेटर के पास प्रवेश को प्रतिबंधित करता था, उस क्षेत्र में कुछ समय तक लागू रहा। अधिकारियों ने क्रेटर के 2 किलोमीटर के दायरे में सावधानी बरतने की सलाह दी, क्योंकि करीब एक किलोमीटर के दायरे में बड़े ज्वालामुखी चट्टानों और पायरोक्लास्टिक प्रवाह का खतरा था। निवासियों को सतर्क रहने को कहा गया है, विशेष रूप से हवा की विपरीत दिशा में, जहां राख और छोटे पत्थर लंबी दूरी तक विस्फोट के साथ जा सकते हैं। देश की मौसम एजेंसी ने बताया कि पिछले वर्ष, दक्षिण-पश्चिमी जापान के कागोशिमा प्रान्त में सकुराजिमा नामक ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ था, जिसके कारण शिखर से 3,400 मीटर ऊपर तक धुआं उठ रहा था।

## ट्रंप ने भारत–पाक शांति की पहल की तो उन्हें 'थैंक्यू' बोलने में क्या हर्ज है

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से व्यापारिक तनाव बढ़ गया है। इससे भारतीय मूल की अमेरिकी निवेशक और रिपब्लिकन पार्टी की इकलौती मेगाडोनर आशा जडेजा मोटवानी ने भारत को सलाह दी है कि वह ट्रंप के इरादों और सोच को समझने के लिए सीधे संवाद करें और अगर ट्रंप ने भारत–पाकिस्तान शांति के लिए पहल की है तो उन्हें 'थैंक्यू' बोलने में कोई हर्ज नहीं है।

मोटवानी का कहना है कि कूटनीति में आभार जताना रिश्तों को मजबूत करता है, चाहे पहल पूरी तरह सफल रही हो या नहीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं रिपब्लिकन पार्टी की एकमात्र भारतीय-अमेरिकी मेगाडोनर हूं। मैं 100 फीसदी सही न रहूं, लेकिन ट्रंप के दिमाग में क्या चल रहा है उसके काफी करीब जरूर रहूंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आशा मोटवानी ने कहा कि ट्रंप ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और सीनेटर मार्को रुबियो को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने का काम सौंपा था। उनका कहना है कि यह सफल हुआ या नहीं यह मुद्दा नहीं है, उनकी नीयत नेक थी। हमें उन्हें एक फूल और कार्ड देकर 'थैंक्यू' कहना चाहिए। शायद मैं यह भारत की ओर से कर दूं। उन्होंने ट्रंप की आर्मेनिया–अजरबैजान शांति पहल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह नेताओं के बीच बैठे, हाथ थामे। इससे पता चलता है कि शांति उनके दिल के करीब है अगर इसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलता है तो यह रूस–यूक्रेन में भी शांति प्रयासों को बल देगा।

मोटवानी ने ट्रंप से अपील की कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते को प्राथमिकता दी जाए। उनका तर्क है कि भारत का विशाल बाजार अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से अहम है और यह अवसर किसी अन्य एशियाई देश के मुकाबले अलग है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस–यूक्रेन में शांति की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है जो अमेरिका के हित में है। फेडरल इलेक्शन रिकॉर्ड के मुताबिक 31 मई 2024 को आशा मोटवानी ने रिपब्लिकन नेशनल कमिटी को 1,23,900 अमेरिकी डॉलर का दान दिया था।

## पाकिस्तान पंजाब प्रांत में बारिश ने मचाई तबाही, अब तक 166 की मौत

लाहौर,(ईएमएस)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश के कारण हुई मौतों की संख्या 166 हो गई है। सियालकोट और झेलम में दो और लोगों की मौत के बाद यह आंकड़ा बढ़ा है। इस दौरान प्रांत के कई शहरों में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई है। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक सियालकोट में सबसे ज्यादा 78 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद लाहौर में 43.4, गुजरांवाला में 36.8, चकवाल 23 मिमी, अटक 13.6, मंगला 12.2, गुजरात 10.6, नारोवाल, रावलकोट 4, इस्लामाबाद एयरपोर्ट 3.9 मिमी और मंडी बहाउद्दीन 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। प्रांतीय अधिकारियों ने 8 अगस्त के आंकड़ों के आधार पर बताया कि इस मानसून सीजन में 164 लोगों की मौत हुई है और 82 लोग घायल हुए। इसके अलावा पंजाब में 121 पशुधन मारे गए हैं और 216 घर नष्ट हो गए हैं। मॉडल टाउन, कोट लखपत, पेको रोड, टाउनशिप, ग्रीन टाउन, फैक्ट्री एरिया, मुस्लिम टाउन और गार्डन टाउन सहित कई इलाकों में जल जमाव की सूचना है। निश्तार पार्क स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बाढ़ के कारण 'इंडिपेंडेंस फैमिली फन रेस' को रद्द कर दिया गया है साथ ही बारिश के कारण लाहौर में 120 से अधिक फीडर ट्रिप होने से बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने कई नदियों में निम्न-स्तरीय बाढ़ की चेतावनी जारी की है। वहीं सिंधु नदी पर चश्मा बैराज में निम्न-स्तर की बाढ़ की सूचना मिली है, लेकिन तरबेला, कालाबाग, तौनसा, गुड्डू, सक्खर और कोटरी बैराज में जल प्रवाह सामान्य है। रावी नदी के बसंतर नाले में मामूली बाढ़ है, लेकिन मुख्य धारा अप्रभावित है। कोह-ए-सुलेमान रेंज और डेरा गाजी खान डिवीजन में पहाड़ी नालों से बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। नदियों, नहरों और जलधाराओं के किनारे तैराकी और स्नान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है और धारा 144 लागू कर दी गई है और निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## फिलिस्तीनी एक्शन ग्रुप पर लगा बैन, लंदन में हुआ विरोध प्रदर्शन, 466 गिरफ्तार

लंदन,(ईएमएस)। इजराइल के गाजा सैन्य कार्रवाई और एक प्रमुख फिलिस्तीनी एक्शन ग्रुप को बैन करने के खिलाफ लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर में फिलिस्तीन समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लंदन पुलिस ने 466 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इसे लंदन के इतिहास में अब तक किसी भी विरोध प्रदर्शन के दौरान सबसे बड़ी सामूहिक गिरफ्तारी बताई जा रही है।

प्रदर्शनकारियों के मुताबिक यह ब्रिटिश राजधानी में किसी एक विरोध प्रदर्शन में अब तक की सबसे बड़ी सामूहिक गिरफ्तारी है। लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए। ये सभी गाजा के खिलाफ इजराइली हमलों का विरोध कर रहे थे। हाथों में तख्तियां और जुबान पर इजराइल विरोधी नारे थे। तख्तियों पर लिखा था मैं नरसंहार का विरोध करता हूं। मैं फिलिस्तीन एक्शन का समर्थन करता हूं। कुछ तस्वीरें और वीडियो भी कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किए गए। इसमें आंदोलनकारी जमीन पर बैठकर हैण्ड्स ऑफ गाजा का नारा लगाते दिखे। कुछ वीडियो में पुलिस प्रदर्शनकारियों को पकड़कर ले जाती नजर आई और उनके इस एक्शन पर भीड़ चिल्ला-चिल्लाकर कह रही



है, शर्म करो। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने भी एक्स पर इस पूरे वाकये की जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि पार्लियामेंट स्क्वायर पर फिलिस्तीन एक्शन का समर्थन करने के आरोप में 466 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए लोगों के अलावा और आठ गिरफ्तारियां हुईं। पांच मामले पुलिस अधिकारियों पर हमला करने के भी हैं। इससे पहले भी पुलिस ने एक पोस्ट में 365 लोगों को गिरफ्तार किया था और बताया था कि अच्छी बात ये रही कि इसमें कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

## अमेरिका का एफ–35 विमान में आई खराबी, जापान में की आपात लैंडिंग

टोक्यो,(ईएमएस)। अमेरिका का फाइटर जेट विमान एफ-35 फिर एक बार तकनीकी खामी के कारण सुर्खियों में है। ताजा मामला जापान का है जहां ब्रिटेन के स्वामित्व वाले एक अमेरिकी एफ-35बी स्टेल्थ फाइटर ने रविवार को इमरजेंसी लैंडिंग की। जापान के कागोशिमा प्रांत के एक हवाई अड्डे पर विमान में अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण उतारना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विमान ट्रेनिंग मिशन पर था और ब्रिटिश कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ तैनात था। इस घटना ने एक बार फिर एफ-35 की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ये पहला मौका नहीं है। करीब दो महीने पहले एक ब्रिटिश एफ-35बी को 'टेक्निकल स्नैग' के कारण केरल के कोचीन एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। वह विमान कई हफ्तों तक वहीं कोचीन एयरपोर्ट पर ही खड़ा रहा, क्योंकि



उसके स्पेयर पार्ट्स और तकनीकी टीम को लाने में लंबा समय लग गया। तब भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया में एफ-35 की तकनीकी जटिलताओं और रखरखाव पर भारी लागत की चर्चा हुई थी। बता दें अमेरिका लंबे समय से चाहता है कि भारत एफ-35 स्टेल्थ फाइटर खरीदे, लेकिन भारतीय वायुसेना इसके पक्ष में नहीं है। इसके पीछे वजहें साफ हैं कि इस विमान की अत्यधिक रखरखाव लागत, बार-बार तकनीकी खराबी और लॉजिस्टिक सपोर्ट में देरी। भारत पहले ही सुखोई, राफेल और स्वदेशी तेजस को लेकर काम कर रहा है और उसकी प्राथमिकता स्वदेशी एएमसीए प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना है। ऐसे में एक ऐसा प्लेटफॉर्म खरीदना, जो लगातार तकनीकी खामियों की वजह से चर्चा में हो न तो रणनीतिक रूप से फायदेमंद है और न ही आर्थिक रूप से। ट्रंप और बाइडेन की टीम ने भारत को कई बार इस विमान को बेचने का ऑफर दिया, लेकिन रक्षा मंत्रालय ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। जापान और केरल की घटनाओं से पता चलता है कि यह विमान भले ही कागज पर स्टेल्थ डिजाइन, हाई-टेक एवियोनिक्स और मल्टी-रोल क्षमता के साथ शानदार हो लेकिन जमीनी हकीकत में इसकी विश्वसनीयता सवालों के घेरे में है, तो ट्रंप अगर आपका 'स्टार प्लेन' बार-बार रनवे पर खड़ा रह जाए, तो भारत उसे रनवे पर उतारने से पहले ही डील को 'नो डील' में बदल देगा।

## परिजनों ने तीसरी बार लगाई याचिका कहा- निमिषा प्रिया को तत्काल दें फांसी

सना,(ईएमएस)। यमन की अदालत भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को फांसी की सजा सुना चुकी है। लेकिन इस सजा को कुछ समय से लिए टाल दया गया था। अब तीसरी बार मृतक महदी के परिजनों ने याचिका दायर कहा है कि अपराधी प्रिया को किसी भी हालत में माफी नहीं देना है, बल्कि उसे तत्काल प्रभाव से फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

केरल की नर्स निमिषा प्रिया जिस शख्स की हत्या के जुर्म में यमन की जेल में कैद है, उस मृतक के भाई ने तीसरी बार याचिका दायर कर निमिषा प्रिया को फांसी देने की मांग की है। मृतक तलाल अब्दो महदी के भाई अब्दुल फत्ताह महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा है कि उसने निचली अदालत द्वारा निमिषा को दी गई सजा के तुरंत क्रियान्वयन की मांग को लेकर यमन के डिप्टी अटॉर्नी जनरल (एजी) से तीसरी बार आवेदन दिया है और उनसे मुलाकात की है। फत्ताह ने डिप्टी अटॉर्नी जनरल को लिखा एक पत्र भी सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिस पर कथित तौर पर तलाल के उत्तराधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। इस पत्र में तलाल की हत्या को यमन के इतिहास में अभूतपूर्व बताया गया है और निमिषा प्रिया को तत्काल सजा देने की मांग की गई है।

## जेलेंस्की ने दी चेतावनी कहा- युद्ध के दौरान कब्जाया गया यूक्रेनी इलाका रूस को नहीं देंगे

कीव,(ईएमएस)। अगले हफ्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक होने वाली है। ये बैठक हो इसके पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने स्पष्ट रुप से चेतावनी देते हुए कहा कि युद्ध के दौरान रूस ने यूक्रेन के एक इलाके में जबरियां कब्जा कर लिया है। इस इलाके को किसी भी सूरत में रूस को नहीं देंगे। दरअसल, यूक्रेनी अधिकारियों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विश्लेषकों के अनुसार, तीन साल से ज्यादा के इस महायुद्ध में रूसी सेना यूक्रेन के 20 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है और ट्रंप ने भी संकेत दिया है कि कब्जा किए यूक्रेनी हिस्सों को रूस को देने में कोई आपत्ति नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों घोषणा की कि वे 15 अगस्त को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे, जहां वे रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए वार्ता करेंगे। ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच एक युद्धविराम समझौता नजदीक है, जिसमें यूक्रेन को कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्र सौंपने पड़ सकते हैं। यूरोप के कई नेता भी जेलेंस्की के समर्थन में खड़े हुए हैं और यूक्रेन के पक्ष में अपनी एकजुटता जताई है, खासकर ऐसे वक्त में जब अमेरिका और रूस के बीच शांति वार्ता की उम्मीदें जगी हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, यह बैठक वैश्विक राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण है, लेकिन जेलेंस्की का यह कड़ा रुख संकेत देता है कि शांति वार्ता में जटिल चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। यूक्रेन की जमीन को लेकर कोई समझौता आसान नहीं होगा। इस बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच किसी भी समझौते से दोनों पक्षों को पूरी तरह खुश नहीं किया जा सकता है। उनका मानना है कि ऐसा कोई भी शांति समझौता जो दोनों देशों द्वारा स्वीकार किया जाए, दोनों के लिए असंतोषजनक होगा।

## मुनीर ने अमेरिका से दी भारत को परमाणु हमले की धमकी कहा- आधी दुनिया ले डूबेंगे

वाशिंगटन,(ईएमएस)। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ परमाणु धमकी दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। यह अपनी तरह का पहला मामला है जब किसी देश के सेना प्रमुख ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के खिलाफ परमाणु धमकी दी हो।टैम्पा में आयोजित एक ब्लैक-टाई डिनर में पहुंचने मुनीर ने वहां मौजूद लोगों से कहा, हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगा कि हम डूब रहे हैं, तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। मुनीर ने अमेरिकी राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ पाकिस्तानी प्रवासियों से भी मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने निवर्तमान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल कुरील के सेवानिवृत्ति समारोह और एडमिरल ब्रैड कूपर के कार्यभार ग्रहण समारोह में भाग लिया। मुनीर ने कुरिल्ला के नेतृत्व और अमेरिका-पाकिस्तान सैन्य संबंधों में उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने ने सैन्य सहयोग पर चर्चा के लिए ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन से भी मुलाकात की और उन्हें पाकिस्तान आने का निमंत्रण दिया। यह मुनीर का पिछले दो महीनों में दूसरा अमेरिका दौरा था। जून में उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निजी लंच पर मुलाकात की थी। मुनीर ने भारत के साथ चार दिनों के संघर्ष के बाद दो महीनों में अपनी दूसरी अमेरिकी यात्रा के दौरान सिंधु नदी के नियंत्रण को लेकर भारत पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम भारत के बांध बनाने का इंतजार करेंगे और जब वह ऐसा करेगा, तो हम इसे दस मिसाइलों से नष्ट कर देंगे। द प्रिंट के मुताबिक, उन्होंने आगे कहा, सिंधु नदी किसी भारतीय परिवार की जागीर नहीं है। हमारे पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं है, अल्हम्दुलिल्लाह। आसिम मुनीर ने भारत की तुलना हाईवे पर दौड़ती मर्सिडीज से और पाकिस्तान को कंकड़-पत्थरों से भरे डंप ट्रक से की। उन्होंने कहा, भारत हाईवे पर फरारी की तरह चमकती हुई मर्सिडीज है, लेकिन हम बजरी से भरा एक डंप ट्रक हैं। अगर ट्रक कार से टकराता है, तो किसका नुकसान होगा? मुनीर ने दावा किया कि भारत खुद को एक विश्व गुरु के रूप में पेश करना चाहता है, लेकिन वास्तव में वह इससे बहुत दूर है। उन्होंने कनाडा में एक सिख नेता की हत्या, कतर में आठ भारतीय नौसेना अधिकारियों की गिरफ्तारी और कुलभूषण जाधव मामले का जिक्र करते हुए दावा किया कि ये घटनाएं भारत की अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद में कथित संलिप्तता का अकाट्य प्रमाण हैं।

### मुनीर अपने ही देश का उड़ाने लगे मजाक बोले- भारत मर्सिडीज है तो पाकिस्तान खटारा ट्रक

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर अमेरिका में रह रहे पाकिस्तानियों के बीच अपने देश की शेखी बघारने के लिए गए। हालांकि इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए एक बात कह दी, जिससे सोशल मीडिया पर उनका और पाकिस्तान का ही मजाक बनने लगा। दरअसल जनरल मुनीर ने भारत और पाकिस्तान की स्थिति की तुलना करते हुए कहा, भारत किसी हाईवे पर दौड़ती चमचमाती मर्सिडीज की तरह है और हम बजरी से भरे खटारा ट्रक हैं। अगर यह ट्रक कार से टकरा जाए, तो नुकसान किसका होगा?

मुनीर की यह 'खुद की जुबान से खुद की फजीहत' वाली तुलना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लोग लिखने लगे कि पाकिस्तान का डंप ट्रक मर्सिडीज तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाएगा या पलट जाएगा।भाषण में मुनीरने पाकिस्तान की दशकों से बिगड़ी आर्थिक हालत के बावजूद भविष्य को उज्ज्वल बताया। फ्लोरिडा में पाकिस्तानियों के बीच उन्होंने कहा कि अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और चीन के साथ रिश्ते मजबूत हो रहे हैं और 64 प्रतिशत युवा आबादी देश की ताकत है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान में तेल और खनिजों की भारी संपदा है, जिससे देश आर्थिक दलदल से बाहर निकलेगा- वही सपना जो 50 साल पहले पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने दिखाया था। हकीकत यह है कि दशकों तक उधार के पैसों पर सैन्य खर्च करने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए व्यापार के नाम पर बहुत कम है। अमेरिका के साथ उसका द्विपक्षीय व्यापार महज 10 अरब डॉलर है, जबकि भारत का अमेरिका से व्यापार 135 अरब डॉलर के आसपास है। मुनीर ने अपने भाषण में पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के एक कथन को भी अपनाते हुए कहा कि अमेरिका में आकर बसना 'ब्रेन ड्रेन नहीं, बल्कि ब्रेन गेन' है। वहीं मनीर जब पाकिस्तानियों को ये झूठे सपने दिखा रहे थे तभी होटल के बाहर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

# विराट , रोहित के संन्यास को लेकर अभी जल्दबाजी में फैसला नहीं करना चाहता बीसीसीआई

मुम्बई (ईएमएस)। पिछले कुछ समय से एकदिवसीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के करियर को लेकर कई सवाल उठे हैं। जिसमें एक ये भी है कि क्या ये दोनो 2027 विश्व कप खेल पायेंगे ? वहीं इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक कोई संकेत नहीं दिये हैं। एकदिवसीय विश्वकप को अभी दो साल हैं ऐसे में बीसीसीआई का ध्यान अभी अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप पर है। माना जा रहा है कि बीसीसीआई विराट और रोहित के एकदिवसीय करियर को लेकर अभी कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता है। ये दोनो ने ही टी20 और टेस्ट क्रिकेट को से संन्यास ले लिया है और अभी ये दोनो एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। विराट और रोहित की मैदान पर वापसी इसी माह बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज होनी थी पर इस दौरे को ही रद्द कर दिया गया जिससे मैदान पर उतरकर खेलने का इनका इंतजार बढ़ गया है। भारतीय टीम को अब अपनी अगली एकदिवसीय सीरीज 19 से 25 अक्टूबर के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के मैदान पर खेलनी है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों ही एक दिवसीय क्रिकेट खेलते या नहीं। बीसीसीआई के कुछ सदस्यों का ये भी मानना है कि ऑस्ट्रेलिया सीरीज की तैयारी के लिए दोनों खिलाड़ी पहले इंडिया-ए के लिए कुछ मैच खेलें। इंडिया ए को ऑस्ट्रेलिया-ए टीम से खेलना है। ऑस्ट्रेलिया-ए टीम भारत दौरे पर तीन लिस्ट-ए मैच खेलेगी। ये मुकाबले 30 सितंबर, 3 और 5 अक्टूबर को कानपुर में खेले जाएंगे। विराट और रोहित का एकदिवसीय में जबरदस्त रिकार्ड रहा है। इसके बाद भी उम्र इनके खिलाफ जा रही है। 2027 विश्वकप तक रोहित की उम्र 40 के करीब जबकि विराट की 39 के पास होगी। ऐसे में इन्हें अवसर अवसर मिलना बेहद



कठिन हैं। ये भी कहा जा रहा है कि ये दोनो स्वयं बोर्ड को अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बतायेंगे। अभी टीम का ध्यान फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप और उससे पहले की तैयारियों पर है। विराट ने हाल ही में लंदन में अभ्यास शुरु कर दिया है। उन्होंने इससे जुड़ी अपनी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में जारी की हैं। वहीं रोहित भी कुछ ही समय में अभ्यास करने जा रहे हैं। वहीं इससे पहले एक रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि बीसीसीआई 25 अक्टूबर को सिडनी में दोनों को विदायी मैच देने पर विचार कर रहा है पर बोर्ड ने ऐसी किसी बातचीत से माना किया है।

### एक दिवसीय विश्वकप जीतने के बाद संन्यास लेना चाहते हैं रोहित : कोच दिनेश लाड

भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा है कि वह 2027 विश्वकप जीतकर संन्यास लेना चाहते हैं। रोहित 2023 विश्वकप के फाइनल में मिली हार से निराश थे और अब संन्यास से पहले ये खिताब भारत को जिताना चाहते हैं। वहीं हाल ही में जिस प्रकार से युवाओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है ऐसे में रोहित के लिए आगे खेलना काफी कठिन होता जा रहा है क्योंकि उनकी उम्र भी बढ़ती जा रही है,ऐसे में वह टीम की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। वह अभी एकदिवसीय क्रिकेट ही खेल रहे हैं। कोच लाड ने कहा है कि रोहितका इस समय एक ही लक्ष्य है और वह है एकदिवसीय विश्व कप जीतना। इसके बाद वह इस प्रारुप से भी संन्यास ले लेंगे। रोहित ने टी20 विश्व कप के बाद टी20 क्रिकेट को छोड़ दिया था। लाड ने कहा, "जब रोहित टी20 विश्वकप के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप भी जीतना चाहते थे पर टीम फाइनल में हार गयी जिसके बाद उन्होंने टेस्ट से संन्यास ले लिया। अब वह केवल एकदिवसीय विश्वकप पर ही ध्यान दे रहे हैं। इसके बाद ही वह संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं।"रोहित और विराट कोहली अब सीधे अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली एकदिवसीय सीरीज में खेलेंगे, क्योंकि अगस्त में बांग्लादेश में होने वाली एकदिवसीय और टी20 सीरीज रद्द हो गई है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी में समय लगेगा। रोहित और विराट ने अंतिम बार चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेला था।

# ऋषभ तोड़ सकते हैं धोनी के रनों का रिकार्ड : चोपड़ा



नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आने वाले समय में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रनों के मामले में पीछे छोड़ देंगे। ऋषभ ने अभी तक 47 टेस्ट मैचों में 44.50 की औसत से 3427 रन बनाए हैं। इसमें आठ शतक शामिल हैं। वहीं धोनी के नाम छह शतक है। धोनी ने अपने करियर में 90 टेस्ट मैच खेले हैं। चोपड़ा ने कहा, खेलों और रनों की संख्या के मामले में धोनी शीर्ष पर हैं। उन्होंने 90 मैच, 144 पारियां खेली हैं जिनमें 38.09 की औसत से 4876 रन बनाए हैं और उनके नाम छह शतक हैं। वहीं ऋषभ ने पिछले पांच सालों में छह शतक लगाए हैं। चोपड़ा ने कहा, अगर हम कुल मिलाकर देखें, तो ऋषभ पंत आठ शतक लगा चुके हैं और धोनी छह शतक लगा चुके हैं। ऋषभ रनों की संख्या के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह एमएस धोनी से 1400 रन पीछे हैं और लगभग आधे मैच खेल चुके हैं। अगर वह और खेलेंगे, तो तय है कि वह धोनी से आगे निकल जाएंगे।

इंग्लैंड के हाल के टेस्ट दौरे की 7 पारियों में इस बल्लेबजा ने 68.42 की शानदार औसत से 479 रन बनाए जिसमें लीड्स के हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में लगाए गए दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, अगर हम इंग्लैंड में किसी विकेटकीपर द्वारा बनाए गए सबसे ज़्यादा रनों पर नजर डालें, तो ऋषभ इंग्लैंड में 1000 रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने चार शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 13 मैचों और 24 पारियों में 1000 से ज़्यादा रन बनाए हैं। ऐसे इंग्लैंड में उनकी मूर्तियां बननी शुरू हो सकती हैं। चोपड़ा ने आगे साथ ही कहा, अगर हम दुनिया के अब तक के सभी टेस्ट विकेटकीपरों की सूची देखें, तो ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट ने 96 मैचों में 47.60 की औसत से 5570 रन बनाए हैं। वह उनसे काफी आगे हैं। हालांकि गिलक्रिस्ट भी पीछे छूट सकते हैं क्योंकि पंत उनसे लगभग 2250 रन पीछे हैं। ऐसे में उनका भारतीय टीम का शीर्ष विकेटकीपर बनना तय है।

# एशिया कप में हो सकती है श्रेयस की वापसी, बुमराह को दिया जा सकता है आराम

मुम्बई (ईएमएस)। अगले माह होने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नोमेंट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा अभी होनी है। भारतीय टीम एशिया कप में अपना पहला मैच यूएई से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में होगा। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को शामिल किये जाने की संभावना नहीं है। बुमराह को इस दौरान आराम दिया जाएगा। वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को लंबे समय के बाद टीम में वापसी की संभावना है। श्रेयस का प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट के साथ ही आपीएल 2025 में भी काफी अच्छा रहा था। वहीं पैर के अगूठे में फैक्चर के कारण विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इसमें शायद ही खेल पाये। ऋषभ को इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज के चौथे मैच में एक गेंद लग गयी थी।

एशिया कप से भारतीय टीम की 2026 टी20 विश्व कप की तैयारियों का भी पता चलेगा। विश्वकप अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। . ऐसे में टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन के पास एक अच्छा दल तैयार करने का अच्छा अवसर रहेगा। एशिया कप में भारतीय टीम को पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इसमें सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी



करेंगे। सूर्यकुमार अभी सर्जरी के बाद (रिहैब) पुनर्वास प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। टूर्नामेंट में साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को भी जगह मिल सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हालांकि वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत इस एशिया कप में आराम दिया जा सकता है। भारत की संभावित एशिया कप 2025 टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, रियान पराग, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा।

### एशिया कप के लिए उपकप्तान बनाये जा सकते हैं शुभमन

भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया जा सकता है। वहीं इससे पहले ऑलरांडर हार्दिक पंड्या को उपकप्तान का दावेदार बताया जा रहा था। पंड्या की राह में बाधा उनकी फिननेस है। वहीं शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। इससे ये सीरीज 2-2 से बराबरी पर रही। शुभमन ने इंग्लैंड दौरे में 700 से अधिक रन बनाये थे। ऐसे में उनको टी20 टीम में शामिल किया जाना तय है। इस टूर्नोमेंट में पारी की शुरुआत करते हैं या तीसरे नंबर पर उतरते हैं। अभी तक टी20 में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की जोड़ी ने ही पारी की शुरुआत की है। वहीं शुभमन का प्रदर्शन आईपीएल में अच्छा रहा है। पिछले तीन सत्र में उन्होंने 890 रन 157.80 की स्ट्राइक रेट से, 426 रन 147.40 की स्ट्राइक रेट से, और 650 रन 155.88 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। उनकी बेहतर स्ट्राइक रेट और निरंतर रन बनाने की क्षमता ने उनके टी20 टीम में वापसी के मामले को मजबूत किया है। एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा। इसमें भारतीय टीम 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया 14 सितंबर को अपने दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी। वहीं सर्जरी के बाद उबर रहे टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के एशिया कप तक फिट होने की उम्मीद है।

### अर्शदीप एशिया कप के पहले ही मैच में पूरे कर सकते हैं अपने 100 विकेट

भारतीय क्रिकेट टीम के बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एशिया कप के पहले ही मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम लीग स्तर पर दूसरे मैच में पाकिस्तान से खेलेगी। अर्शदीप के पास अपने पहले ही मैच में अपने 100 विकेट पूरे करने का अवसर है। अर्शदीप ने अबतक भारतीय टीम की ओर से 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 99 विकेट लिए हैं। ऐसे में अगर अर्शदीप एशिया कप में एक भी विकेट ले लेते हैं, तो वह इस प्रारुप में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर युजवेंद्र चहल टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं, चहल ने 80 मुकाबलों में 96 विकेट लिए हैं जबकि हार्दिक पांड्या ने 114 मैचों में 94 विकेट अपने नाम किये हैं। अर्शदीप ने अब तक 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। एशिया कप का पहला मुकाबला अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच होगा। इसमें भारतीय टीम के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। इसमें भाग ले रही आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीमें हैं जबकि ग्रुप-बी में श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और हांगकांग हैं। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी, जिसमें शीर्ष पर रहने वाली टॉप-2 टीमों के बीच खिताबी मुकाबला होगा।



लंदन में क्रिस्टल पैलेस व लीवरपूल के बीच मैच में जीत के बाद ट्रॉफी उठाये हुए क्रिस्टल के मार्क गूही व अन्य खिलाड़ी।

### सैमसन बोले, राजस्थान रॉयल्स छोड़कर कहीं और जाने का सवाल ही नहीं

मुम्बई (ईएमएस)। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि वह राजस्थान रॉयल्स में ही बने रहेंगे और उनका रॉयल्स छोड़कर कहीं और जाने का कोई इरादा नहीं है। हाल ही में कई रिपोर्ट ऐसी आई थीं जिनमें कहा जा रहा था कि वह चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) जा रहे हैं और वहां उन्हें कप्तान बनाया जा सकता है। वहीं अब सैमसन ने स्वयं कहा है कि राजस्थान ही उनके लिए सभी कुछ है। ये भी कहा गया कि सीएसके उन्हें एक ऑल-कैश डील के जरिए अपनी टीम में शामिल करना चाहती है। इन अफवाहों और अटकलों के बीच, सैमसन ने कहा कि रॉयल्स के साथ जुड़ाव से उनकी जिंदगी ही बदल गयी।



चीन में नीदरलैंड की सेनी मिजर महिलाओं की केबल वेकबोर्ड के फाइनल में खेलती हुई।

# मैक्सवेल के कैच से ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया

डार्विन (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर दी। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने एक बेहद मुश्किल कैच पकड़कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी से ज्यादा चर्चा मैक्सवेल के कैच की रही। इसी कैच पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रियान रिकेलटन पेवेलियन लौटे। रिकेलटन ने 71 रन बनाये थे और वह टीम को जीत दिलाने जा रहे थे पर मैक्सवेल के लिए कैच ने मैच पलट दिया। इस मैच में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में जीत के लिए 21 रन चाहिए थे और उसके पास तीन विकेट थे पर वह असफल रही। बेन ड्वार्शुइस की गेंदब पर रिकेलटन ने एक ऊंचा शॉट लगाया और गेंद छह रनों के लिए जा रही थी पर तभी मैक्सवेल ने बाउंड्री लाइन के अंदर से छलांग लगाकर हवा में ही कैच लपक लिया और गिरने से पहले ही गेंद को अपने पीछे बाउंड्री के अंदर उछाल दिया।

# सैमसन के जाने पर पराग सहित ये तीन होंगे रॉयल्स में कप्तानी के दावेदार

मुम्बई (ईएमएस)। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के अपनी आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स को छोड़कर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) जाने कीं संभावनाएं हैं। सैमसन जैसे अनुभवी खिलाड़ी की कमी पूरी करना रॉयल्स के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि वह कप्तानी के साथ ही बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी संभालते हैं। वह टीम के सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके जाने के बाद रॉयल्स को नये कप्तान की तलाश करनी होगी और इसके लिए रियान पराण , यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल प्रबल दावेदार हैं।

**रियान पराग** : पराग ने आईपीएल 2025 में भी सैमसन के चोटिल होने के कारण कई मैचों में कप्तानी की थी। रियान एक अच्छे बल्लेबाज हैं और यवा हैं ऐसे में वह एक कप्तान के तौर पर एक बेहतर विकल्प हैं। रियान ने टीम के लिए 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। वह बल्लेबाजी के साथ ही स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। इसके अलावा उनका क्षेत्ररक्षण भी अच्छा है।

**यशस्वी जायसवाल** : यशस्वी जायसवाल एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वह भरतीय टेस्ट टीम में भी शामिल हैं। वह तीनों ही प्रारुपों में खेलते हैं। ऐसे में भविष्य को देखते हुए उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**ध्रुव जुरेल** : जुरेल एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे में भी ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण विकेटकीपिंग की थी। जुरेल एक अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं जो हार प्रकार के हालातों में खेल सकते हैं। उन्हें घरेलू मैचों में भी कप्तानी का अनुभव है। उन्होंने अकेले ही राजस्थान को कई मैचों में जीत दिलायी है। विकेटकीपर बल्लेबाज होने के कारण वह सैमसन के स्वाभाविक विकल्प हो सकते हैं।

# अब सलामी बल्लेबाज के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाना चाहते हैं लाबुशेन

मेलबर्न (ईएमएस)। हाल में खराब फार्म के कारण ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम से बाहर हुए बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का कहना है कि वह टीम में वापसी के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज भी खेलने के लिए तैयार हैं। लाबुशेन ने ये बात इसलिए कही हैं क्योंकि टीम को आगामी एशेज सीरीज के लिए एक अच्छे सलामी बल्लेबाज की जरुरत है। ऐसे में लाबुशेन इस अवसर का इस्तेमाल करना चाहते हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्यलूटसी) 2025 के फाइनल के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से उन्हें बाहर



कर दिया गया था जिससे वह परेशान हैं। अब लाबुशेन चाहते हैं कि वह पारी की शुरुआत करें क्योंकि डेविड वार्नर के संन्यास के बाद से ही टीम के पास कोई अच्छा सलामी बल्लेबाज नहीं है। अब तक स्टीव स्मिथ सहित जिसे भी अवसर दिया गया है वह असफल रहा है।

लंबे समय से तीसरे नंबर पर खेल रहे इस खिलाड़ी को लगातार खराब प्रदर्शन के बाद जून और जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे से बाहर कर दिया गया था। 31 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, मेरे लिए बाहर होने का समय मुश्किल था, क्योंकि आप कभी भी टीम से बाहर नहीं होना चाहते, लेकिन जैसे ही चयनकर्ताओं की बातें सुनी मेरा दिमाग तुरंत इस ओर चला गया। इससे मुझे सोचने का मौका मिला और मीडिया के दबाव से भी मुक्ति मिली, जो कह रहा था, मार्नस को जाना होगा। एक निर्णायक मोड़ जरूर आता है, लेकिन यही वह चीज है जिससे मैं आगे बढ़ता हूं, संदेह करने वालों को गलत साबित करना और अपने लिए रास्ता बनाना। वेस्टइंडीज के उन टेस्ट मैचों में न खेल पाने से मुझे आराम से बैठकर सोचने का मौका मिला, मैं यहीं रहना चाहता हूं और मैं वहां ऐसे ही पहुंचूंगा।

इस क्रिकेटर ने डब्यलूटीसी के फाइनल में भी पारी की शुरुआत की थी, लेकिन बड़े स्कोर नहीं बनाए थे। हालांकि, सैम कॉन्स्टस ने जिस तरह संघर्ष किया है, उसे देखते हुए एक अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा के साथ वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। ऐसे में नंबर 3 पर लाबुशेन की जगह कैमरोन ग्रीन को उतारा जा सकता है जबकि चार पर स्मिथ खेलते हुए नजर आएंगे। दूसरे ओपनर उस्मान ख्वाजा होंगे, जो संभवतः उनकी आखिरी सीरीज हो सकती है।

# रोहित और विराट से आगे बढ़कर युवाओं को अवसर दें चयनकर्ता : देवांग

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता रहे देवांग गांधी ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली का भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान रहा है। इसमें किसी को भी कोई संदेह नहीं है पर भविष्य को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रोहित शर्मा और विराट कोहली से आगे निकलकर युवाओं को अवसर दे। देवांग के अनुसार रोहित और विराट ने भारतीय क्रिकेट को काफी आगे पहुंचाया है पर समय किसी का इंतज़ार नहीं करता। देवांग ने कहा, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, साई सुदर्शन जैसे युवाओं को आप बाहर कैसे रख सकते हैं। इस खिलाड़ियों ने साबित किया है कि वे हर प्रकार के हालातों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। साथ ही कहा कि जब एक बार जब कोई खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर लेता है और उसके पास काफी बेहतर क्षमता आ जाती है जिसका लाभ उसे एकदिवसीय में मिलता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन एक साथ मिलकर कोई फैसला लें। ये भी देखा जाना चाहिये कि अगर रोहित और विराट को रखा जाता है तो क्या वे अगले दो साल तक खेल सकते हैं। गांधी ने कहा, अगर एक साल में हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं जहां उनमें से कोई एक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो हमारे पास उसके जगह किसी और को शामिल करने का विकल्प होना चाहिये। कप्तानी का सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है और चयनकर्ताओं को इस पर फैसला लेना होगा। शुभमन पहले ही टेस्ट मैचों में कप्तानी के लिए अपने को साबित कर चुके हैं और अपनी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए, वह अभी देश के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज हैं, जिनका औसत 59.04 और स्ट्राइक रेट 99.56 है। शुभमन गिल के प्रदर्शन ने उन्हें टीम का सम्मान दिलाया है, जिससे एकदिवसीय कप्तानी के लिए वह फिट बैठते हैं।

## किरमानी से मिलती है नई पीढ़ी को प्रेरणा : सिराज

हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सैयद किरमानी की आत्मकथा लाइफ बिहाइंड ऐंड बियॉन्ड द ट्वेंटी टू याड्र्स का हैदराबाद में विमोचन हुआ। किरमानी की आत्मकथा के विमोचन कार्यक्रम में मोहम्मद अजहरुद्दीन, मोहम्मद सिराज सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। इस अवसर पर सिराज ने कहा कि 1983 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे किरमानी से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। सिराज ने कहा, सर जब आपने 1983 में विश्वकप जीता था तब हम पैदा तक नहीं हुए थे। इस दौरान सिराज ने कहा कि आपकी कहानी हौसला बढ़ाने वाली और प्रेरक है। मैंने कई खिलाड़ियों से सुना है कि विकेट के पीछे आपके रिफ्लेक्सेज असाधारण थे। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सब कुछ देने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।' जवाब में इस पूर्व विकेटकीपर ने भी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी के लिए सिराज की प्रशंसा की। किरमानी ने कहा, 'आपने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मेरी तरफ से आपको बधाई। आपने देश को गौरव प्रदान किया है। वह आक्रामकता एकदम दिल से थी। मेरी कामना है कि आपको हर तरह की सफलता मिले।' पूर्व कप्तान अजहर ने भी किरमानी की तारीफ करते हुए कहा, यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने इसे हैदराबाद में भी रिलीज किया है। वह भविष्य में बहुत से विकेटकीपरों और क्रिकेटरों का मार्गदर्शन करेंगे। मैं निश्चित तौर पर सभी युवा विकेटकीपरों से उनके पास जाने की गुजारिश करूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि वह एक बेहतरीन विकेटकपर रहे हैं।

## वेंगसरकर ने बुमराह पर निशाना साधा, वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए आईपीएल नहीं खेलते

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को वर्कलोड मैनेजमेंट की जरुरत है तो उसे आईपीएल नहीं खेलना चाहिये। वेंगसरकर ने अपने इस बयान से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर निशाना साधा है। वेंगसरकर ने कहर कि अगर बुमराह को आराम की जरुरत थी तो उन्हें आईपीएल 2025 नहीं खेलना चाहिए था जिससे वह तरोताजा रहते और इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैच खेल पाते। साथ ही कहा कि बुमराह सभी मैच खेलते तो संभव है कि सीरीज 2-2 से ड्रॉ की बजाय भारतीय टीम को इसमें जीत मिली होती। वहीं इंग्लैंड दौरे से पहले ही टीम प्रबंधन ने साफ कर दिया था कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट ही खेलेंगे। पूर्व मुख्य चयनकर्ता रहे वेंगसरकर ने कहा कि भारत-इंग्लैंड सीरीज के महत्व को देखते हुए बीसीसीआई, चयनसमिति और भारतीय टीम प्रबंधन को बुमराह को आईपीएल 2025 खेलने नहीं देना था। इस सीरीज में हमारे लिए फिट और तरोताजा बुमराह सबसे अधिक फायदेमंद होते। साथ ही कहा कि अगर मैं भारत का मुख्य चयनकर्ता होता तो मैं बुमराह को समझाता कि उनके लिए आईपीएल नहीं भारतीय टीम से खेलना जरुर है। इस तरह की सीरीज शायद चार साल में एक बार होती है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज काफी रोमांचक थी और बुमराह लगभग सभी टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध होते तो भारतीय टीम इसमें जीत दर्ज करती। बुमराह ने पीठ की चोट की सर्जरी करायी है। ऐसे में वह अपनी पीठ पर अधिक दबाव नहीं दे सकते। बुमराह इसी कारण यूएई में हुई चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाये थे।

## अब बंगाल अंडर-23 पुरुष टीम के कोच बने साहा

कोलकाता (ईएमएस)। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋधिमान साहा अब कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर रहे साहा को बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने अंडर-23 पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। साह ने कोच की जिम्मेदारी संभालते हुए पहले अभ्यास सत्र में आत्मविश्वास और टीम वर्क पर जोर दिया। साहा ने खिलाड़ियों से कहा कि एक टीम के रूप में हमें अपने कौशल पर ध्यान देना चाहिए और साथी खिलाड़ियों की सहायता करनी चाहिए। हमें अपने पर भरोसा करके और प्रशिक्षण में जो हमने किया है, उसे अपने मैचों में अमल में लाना चाहिये।

इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने साल 2010 से 2021 के बीच 40 टेस्ट मैचों में भारतीय टीम की ओर से खेला है। इसके अलावा नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी वह शामिल रहे। पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के दौर में होने के कारण उन्हें काफी कम अवसर मिले। धोनी के संन्यास के बाद ही उन्हें आसानी से टीम में जगह मिली पर युवा ऋषभ पंत के आने के बाद से ही फिर उनके हाथ से विकेटकीपिंग निकल गयी। साहा ने करीब 170 आईपीएल मैच भी खेले हैं। वह कोलकाता नाइटराइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस जैसी टीमों में रहे हैं।

## रदरफोर्ड और रोस्टन की पारी से वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को हराया, सीरीज बराबर

त्रिनिदाद (ईएमएस)। शेरफेन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज की अच्छी बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को पांच विकेट से रहा दिया। इसी के साथ ही वेस्टइंडीज ने इस सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। इस मैच में पाक टीम के अनुभवी बल्लेबजा बाबर आजम अपना खाता भी नहीं खोल पाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान 37 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना और तभी एक बार फिर बारिश आ गई, ऐसे में पाकिस्तान की पारी यहीं समाप्त हो। डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर वेस्टइंडीज को 35 ओवर में 181 रनों का संभावित लक्ष्य मिला था। जो उसने खराब शुरुआत के बाद भी रोस्टन और रदरफोर्ड की पारी से हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की भी शुरुआत कोई खास नहीं रही. लेकिन बाद में उसके बल्लेबाज जम गए।

चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा। वहीं रफोर्ड ने 33 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए। चेज और ग्रीव्स (31 गेंदों पर 26 रन) ने छठे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने आजम को शून्य पर ही आउट कर दिया। वहीं मोहम्मद रिज़वान भी असफल रहे और 23 गेंद में 4 रन ही बना पाये। इसके बाद हुसैन तलात ने पारी संभालने का प्रयास किया। वहीं अंत में हसन नवाज ने तेजी से रन बनाने का प्रयास कियाकी लड़खड़ाती शुरुआत 181 के आसान दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान वेस्टइंडीज टीम ने शुरुआत में ही दो विकेट खो दिये।

# अमेरिका को चीन में चिप बिक्री से 15% हिस्सा मिलेगा: एनवीडिया-एएमडी की सरकार से डील; अप्रैल में एआई चिप बेचने पर रोक लगाई थी

**वॉशिंगटन:** अमेरिका की दो बड़ी चिप बनाने वाली कंपनियां, एनवीडिया और एएमडी अब चीन में अपनी एआई चिप की बिक्री से होने वाली कमाई का 15% हिस्सा अमेरिकी सरकार को देंगी। इस तरह से रेवेन्यू का हिस्सा लेना बिल्कुल नया और अनोखा कदम है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में तीन लोगों के हवाले से ये जानकारी दी है।



### 15% रेवेन्यू शेयरिंग डील के बाद दिया चिप बेचने का लाइसेंस

पिछले महीने ट्रम्प प्रशासन ने एनवीडिया को चीन में अपनी H20 एआई चिप बेचने की इजाजत देने की बात कही थी, लेकिन लाइसेंस नहीं दिए गए थे। फिर बुधवार को एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की और इस 15% रेवेन्यू शेयरिंग की डील पक्की की। इसके दो दिन बाद ही अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने इन चिप्स की बिक्री के लिए लाइसेंस जारी करना शुरू कर दिया। यानी, अमेरिकी सरकार अब एनवीडिया के चीन में बिजनेस की एक तरह से पार्टनर बन गई है। एएमडी की MI308 चिप भी इस डील का हिस्सा है। अप्रैल में ट्रम्प प्रशासन ने इस चिप की चीन में बिक्री पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब इस सौदे के तहत बिक्री की इजाजत मिल गई है।

### पहले भी अंतरराष्ट्रीय सौदों में दखल दे चुका है ट्रम्प प्रशासन

ट्रम्प प्रशासन पहले भी अमेरिकी कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय सौदों में दखल दे चुका है। जैसे, जून में जापान की निप्पॉन स्टील को यूएस स्टील में निवेश की मंजूरी दी गई। इसमें सरकार ने कंपनी में तथाकथित गोल्डन शेयर लिया। गोल्डन शेयर किसी कंपनी में सरकार या किसी खास निवेशक को मिलता है। इसके जरिए वो कंपनी के बड़े फैसलों पर खास कंट्रोल रख सकते हैं, भले ही उनकी हिस्सेदारी कम हो।

### डील से सरकार को करीब 17,000 करोड़ मिलेंगे

बर्नस्टीन रिसर्च के मुताबिक, इस डील से सरकार को 2 बिलियन डॉलर (करीब 17,000 करोड़) मिल सकते हैं। एनवीडिया इस साल के अंत तक चीन में करीब 1.31 लाख करोड़ की अपनी H20 चिप बेच सकती है। एएमडी की बिक्री 7 हजार करोड़ तक हो सकती है।

### एआई चिप्स बेचना अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा

ट्रम्प और बाइडन प्रशासन में नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की चीन निदेशक रह चुकी लिजा टोबिन ने कहा, "यह एक गलत कदम है। इससे चीन को और दबाव डालने का मौका मिलेगा। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को कॉरपोरेट मुनाफे के लिए बेच रहे हैं।" एनवीडिया के प्रवक्ता केन ब्राउन ने कहा कि कंपनी अमेरिकी सरकार के नियमों का पालन करती है। उन्होंने कहा, "हमने महीनों से चीन में H20 चिप्स नहीं भेजीं, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि निर्यात नियम हमें चीन और दुनिया भर में प्रतिस्पर्धा करने का मौका देंगे।"

### H20 चिप एनवीडिया की सबसे बेहतरीन चिप नहीं

वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने पिछले महीने सीएनबीसी पर कहा था कि H20 चिप एनवीडिया की सबसे बेहतरीन चिप नहीं है, बल्कि यह उनकी "चौथी सबसे अच्छी" चिप है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य है कि वह चीन से हमेशा एक कदम आगे रहे, और इसलिए, चीन को सबसे अच्छी चिप्स नहीं बेची जाएंगी।

# देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने तत्काल भूमि सुधार जरूरी: सीआईआई

**- भारत में संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया जटिल और महंगी**




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने 2047 तक भारत को एक अग्रणी मैन्युफैक्चरिंग और निवेश केंद्र बनाने के लिए बड़े और तत्काल भूमि सुधारों की जरूरत पर बल दिया है। सीआईआई ने कहा कि जबकि देश ने कई क्षेत्रों में तेजी से सुधार किए हैं, भूमि संबंधित चुनौतियां औद्योगिक विकास में बाधा उत्पन्न कर रही हैं और निवेशकों को हतोत्साहित कर रही हैं। सीआईआई के अनुसार, भारत का मजबूत नीतिगत ढांचा, विशाल घरेलू बाजार, युवा कार्यबल और औद्योगिक क्षमता इसे वैश्विक निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। हालांकि, इन अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए भूमि सुधार आवश्यक है। सीआईआई ने सुझाव दिया है कि केंद्र और राज्यों के बीच भूमि नीति के समन्वय के लिए जीएसटी जैसी परिषद बनाई जाए, क्योंकि भूमि प्रशासन राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है। औद्योगिक भूमि बैंक को केवल सूचना टूल से अपग्रेड कर एक डिजिटल राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए, जो सीधे डिजिटल माध्यम से भूमि आवंटन करे। भारत में संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया जटिल और महंगी है। इसमें औसतन नौ प्रक्रियाएं शामिल हैं, 58 दिन लगते हैं और लागत लगभग 8 फीसदी होती है, जबकि न्यूजीलैंड जैसे देशों में यह प्रक्रिया केवल 3.5 दिनों में पूरी हो जाती है। सीआईआई ने प्रत्येक राज्य में आवंटन, बदलाव, विवाद समाधान और जोनिंग के लिए एकीकृत भूमि प्राधिकरण स्थापित करने की भी सिफारिश की है। इसके अलावा, भूमि उपयोग बदलाव को डिजिटल बनाने, स्टाम्प शुल्क को सभी राज्यों में 3–5 प्रतिशत तक युक्तिसंगत करने और भूमि विवादों को कम करने के लिए निर्णायक भूमि स्वामित्व बदलाव की जरूरत पर जोर दिया गया है। सीआईआई ने कहा कि भूमि विवादों के कारण निवेशकों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है, जिसे कम करना जरूरी है। सीआईआई का मानना है कि इन सुधारों से भारत 2047 तक वैश्विक औद्योगिक और निवेश केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है।

# राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत बकाया सब्सिडी जल्द मिलेगी, लंबित भुगतान की प्रक्रिया को पूरा करने की तैयारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक की लंबित सब्सिडी भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी कर रहा है। इस सब्सिडी वितरण में पिछले कुछ समय से देरी चल रही थी, जिसका मुख्य कारण पहले के सख्त नियम थे। पिछले नियमों के अनुसार, संयंत्रों को लगातार तीन महीने तक 80 प्रतिशत क्षमता से काम करना जरूरी था। यह शर्त कई परियोजनाओं के लिए कठिन साबित हुई क्योंकि बिना उचित खरीद व्यवस्था के संयंत्र अपनी पूरी क्षमता पर नहीं चल पाए। वे आमतौर पर 60 से 70 प्रतिशत क्षमता पर ही संचालित होते रहे। मंत्रालय ने इस समस्या को समझते हुए 27 जून को दिशानिर्देशों में संशोधन किया। नए नियमों के तहत टिकाऊ उत्पादन के बजाय संयंत्र की क्षमता और कुशलता के आधार पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अब एक दिन के निरीक्षण के आधार पर भी सब्सिडी जारी की जा सकेगी। इससे निवेशकों को राहत मिलेगी और सब्सिडी वितरण की प्रक्रिया तेज होगी। अधिकारियों ने बताया कि अब सब्सिडी वितरण फिर से शुरू हो गया है और कुछ महीनों में लगभग 200 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान कर दिया जाएगा। बायोमास पेलेट डेवलपर्स ने बताया कि मॉनसून के दौरान संयंत्र को पूरी क्षमता से चलाना मुश्किल होता है, इसलिए निरीक्षण मॉनसून के बाद किया जाएगा। निरीक्षण के बाद भुगतान में लगभग एक महीने का समय लगेगा।

### जुलाई में किराना दुकानों और सुपरमार्केट में 3 अरब यूपीआई लेनदेन

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2025 में किराना दुकानों और सुपरमार्केट में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से तीन अरब से अधिक लेनदेन किए गए, जिनकी कुल राशि 64,881.98 करोड़ रही। यह पहली बार है जब एनपीसीआई ने इतनी विस्तृत श्रेणीवार जानकारी साझा की है। एक समीक्षा से पता चलता है कि लेनदेन की मात्रा के आधार पर किराना और सुपरमार्केट की श्रेणी ने जुलाई में कुल पीयर-टु-मर्चेंट यूपीआई लेनदेन का लगभग एक चौथाई हिस्सा दर्ज किया। वहीं ऋण वसूली एजेंसियां मूल्य के आधार पर शीर्ष पर रहीं, जिन्होंने 16.13 करोड़ लेनदेन के जरिये 93,857 करोड़ की वसूली की। यह दर्शाता है कि यूपीआई अब केवल खरीदारी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वित्तीय सेवाओं में भी इसका उपयोग बढ़ रहा है। जुलाई में यूपीआई के जरिए कुल 19.46 अरब लेनदेन हुए, जिनकी कुल राशि 25.08 लाख करोड़ रही। इनमें से 63.63 फीसदी लेनदेन व्यापारियों को किए गए, जबकि शेष व्यक्ति-से-व्यक्तिलेनदेन थे। व्यापारी लेनदेन की संख्या 12.38 अरब रही, जिनका मूल्य 7.34 लाख करोड़ रहा। यूपीआई से भुगतान की प्रमुख श्रेणियों में राशन, दवा, ईंधन, रेस्तरां, बिजली और अन्य जरूरी सेवाएं शामिल हैं।

### टाटा समूह के शीर्ष अधिकारियों के वेतन में औसतन 19% वृद्धि

नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त वर्ष 2025 में टाटा समूह की विभिन्न कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के वेतन में औसतन 19.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। समूह की वार्षिक रिपोर्ट्स से यह साफ होता है कि वेतन वृद्धि मुख्य रूप से कंपनियों के बेहतर मुनाफे, प्रदर्शन आधारित बोनस, और रणनीतिक जिम्मेदारियों के विस्तार के कारण हुई है। उपभोक्ता उत्पाद, आतिथ्य और तकनीक क्षेत्र की कंपनियों में वेतन वृद्धि सबसे अधिक रही। ट्रेंट के एमडी का वेतन लगभग दोगुना होकर 13.5 करोड़ हो गया, जबकि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के सीईओ का वेतन 28.4 फीसदी बढ़कर 13 करोड़ हुआ। इंडियन होटल्स के एमडी पुनीत चटवाल का वेतन 19.2 फीसदी बढ़कर 23 करोड़ पर पहुंच गया। तेजस नेटवर्क्स के सीईओ का वेतन सबसे अधिक 343 फीसदी की वृद्धि के साथ 16.8 करोड़ हो गया। हालांकि कंपनी ने स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष के आंकड़ों में वैरिएबल वेतन शामिल नहीं था। आईटी सेक्टर में, टीसीएस के सीईओ का वेतन मात्र 4.6 फीसदी बढ़कर 26.5 करोड़ हुआ, जबकि टाटा स्टील के एमडी का वेतन 0.9 फीसदी घटकर 17.3 करोड़ रहा। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि टाटा समूह में वेतन वृद्धि, क्षेत्रीय प्रदर्शन और नेतृत्व की जिम्मेदारियों के अनुरूप तय की जा रही है।

# अब निर्यातकों को लोन देने से घबरा रहे हैं बैंक, पैसा डूबने का है खतरा

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ (शुल्क) दोगुना करने के फैसले के बाद, भारतीय बैंक अब निर्यातकों के नए लोन आवेदनों की कड़ी जांच कर रहे हैं। इस जांच में खास तौर पर अमेरिका के बाजार में उनकी हिस्सेदारी और व्यापार निरंतरता के लिए उनके पास क्या योजना है, इस पर फोकस किया जा रहा है। ब्लूमबर्ग न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पांच बड़े बैंकों के अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे अपने निर्यात-आधारित ग्राहकों, खासकर कपड़ा, रत्न और आभूषण उद्योगों से जुड़े लोगों की वित्तीय स्थिति की गहराई से समीक्षा कर रहे हैं। बैंकों के अधिकारियों ने बताया कि नए एक्सपोर्ट फाइनेंसिंग प्रपोजल या उसके नवीनीकरण के समय अब उधारकर्ताओं से अधिक बारीकी से सवाल पूछे जा रहे हैं। कई निर्यात ऑर्डर फिलहाल होल्ड पर हैं, क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी जारी है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक हफ्ते में भारतीय उत्पादों पर टैरिफ को दोगुना कर 50% तक पहुंचा देने से निर्यातक चिंता में हैं। इस फैसले का असर खासकर श्रम-प्रधान उद्योगों पर पड़ा है, जो पहले ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे थे। इन उद्योगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से राहत की मांग की है। भारतीय बैंक चिंतित हैं कि यह व्यापार युद्ध कहीं फिर से बैलेंस शीट पर दबाव न बना दे, जैसा कि कुछ साल पहले देश को डूबे हुए कर्जों की समस्या से जूझना पड़ा था। इसलिए बैंक अब आंतरिक रूप से यह मूल्यांकन कर रहे हैं कि किन क्लाइंट्स की आय अमेरिका से सबसे ज्यादा जुड़ी हुई है। कुछ निर्यातक अमेरिकी टैक्स से बचने के लिए उत्पादन को भारत से बाहर शिफ्ट करने, नए बाजारों में विस्तार करने और अमेरिका में अधिग्रहण करने की रणनीति अपना रहे हैं। हालांकि कुछ कंपनियां नुकसान सहने की स्थिति में हैं, लेकिन उन्हें बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे प्रतिस्पर्धियों से दीर्घकालिक नुकसान की आशंका है, जहां से आयात पर अमेरिका में कम टैक्स लगता है। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने संसद में कहा कि सरकार निर्यातकों से बातचीत कर रही है और "राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी।" वहीं रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने ब्याज राहत, ड्यूटी ड्रॉबैक और वर्किंग कैपिटल पर ब्याज स्थगन जैसे उपायों की मांग की है।

अब तक रेटिंग एजेंसियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है, लेकिन कंपनियों को डर है कि यदि रेटिंग गिरी तो कर्ज लेने की लागत बढ़ जाएगी। मुंबई स्थित क्रिएटिव गारमेंट्स प्रा. लि. के निदेशक राहुल मेहता ने कहा कि सरकार को कोविड-काल जैसी आपातकालीन नीति अपनानी चाहिए, और बैंकों को ब्याज दर कम करने का निर्देश देना चाहिए। साथ ही कच्चे माल पर आयात शुल्क हटाने की भी मांग की जा रही है।

## दैनिक पंचांग

**12 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.00 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कन्या | 08.12 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.22 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.37 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.53 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.58 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.45 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.17 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.48 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | वृष | 23.28 बजे से |
| | | मिथुन | 01.26 बजे से |
| | | कर्क | 03.40 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 224 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 08.41 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 11.52 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 18.54 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.41 बजे तदनन्तर बव 19.40 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 14°57' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872434 **जूलियन दिन** 2460899.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 17 **विशेष** कजरी तीज, संकष्टी चतुर्थी, बहुला चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7375

**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

**शब्द पहेली - 7374 का हल**

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6916

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 15 | 49 | 36 | | | 12 | 20 | |
| 20 | | 4 | | 2 | | 7 | | 8 | 20 |
| 23 | 7 | | 3 | | | | 3 | | 14 |
| | | 6 | | 9 | | 7 | | 5 | 41 |
| | | | 5 | | 8 | | 2 | | 34 |
| 35 | | 5 | | 7 | | 6 | | | |
| 43 | 2 | | 6 | | 4 | | 8 | | |
| 19 | | 8 | | | | 8 | | 3 | 24 |
| 18 | 5 | | 7 | | 4 | | 2 | | 16 |
| | 20 | 24 | | | 28 | 54 | 17 | 18 | |

**अंकजाल 6915 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 16 | 20 | 25 | | 19 | 21 | 16 | 20 | |
| 13 | 2 | 5 | 6 | | 4 | 7 | 8 | 8 | 27 |
| 18 | 5 | 4 | 9 | | 2 | 7 | 5 | 8 | 22 |
| 15 | 7 | 5 | 3 | | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 27 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | | 6 | 8 | 7 | 21 |
| | 15 | 18 | 18 | 30 | | 28 | 22 | 23 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5860

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 3 | | 2 | 5 |
| | 32 | 2 | 31 | | 32 | |
| 2 | | 5 | | | 7 | |
| | 27 | | 26 | 1 | 39 | 6 |
| | 1 | 3 | | | 6 | |
| 7 | 33 | | 32 | 7 | 38 | |
| 3 | | 1 | | 5 | | 2 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5859 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 25 | 1 | 28 | 6 | 41 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 38 | 4 | 24 | 4 | 29 | 4 |
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | 45 | 7 | 33 | 7 | 25 | 2 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1919 प्रसिद्ध वैग्यानिक विक्रम अम्बालाल साराभाई का जन्म.

1922 आयरिश गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति आर्थर ग्रिफिथ का निधन.

1955 जर्मन उपन्यासकार टामस मान का निधन.

1960 प्रथम संचार उपग्रह इको प्रथम का प्रक्षेपण हुआ.

1978 चीन और जापान के बीच शांति और मैत्री संधि हुई.

1983 फाकलैंड युद्ध के दौरान जब्त ब्रिटिश संपत्ति को अर्जेन्टीना ने मुक्त कर दिया.

1985 जापानी विमान दुर्घटना में 524 यात्री मारे गए.

1998 प्रसिद्ध गायिका शमशाद बेगम का निधन.

2000 रूस की परमाणुचालित पन्डुब्बी कुर्स्क डूब गई.

2003 नासिक में गोदावरी नदी के कुसावर्त तीर्थ में सिंहस्थ मेले का पहला शाही स्नान शुरु.

2007 मोहम्मद हामिद अंसारी नए उपराष्ट्रपति बने

## गणित पहेली - 5220

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 2 | | 15 | | 3 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 5 | | 2 | | 5 | = | 5 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 20 | | 2 | | 12 | = | 38 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 10 | | 5 | = | 15 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 33 | | 22 | | 5 | | 15 | = | 12 / 70 |

### संकेत

*खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.*

## गणित पहेली - 5219

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | ÷ | 1 | + | 8 | - | 5 | = | 23 |
| + | | x | | x | | + | | - |
| 40 | - | 35 | x | 8 | - | 25 | = | 15 |
| - | | + | | - | | - | | + |
| 35 | + | 60 | - | 49 | - | 25 | = | 21 |
| + | | - | | + | | + | | - |
| 2 | x | 48 | - | 30 | - | 40 | = | 26 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 27 | + | 47 | - | 45 | + | 45 | = | 3 / 74 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 6907

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | म | मा | डॉ. | न | गे | न्द्र | सिं | ह | क | वि |
| हा | न | सू | ह | म | ल | जी | स | ल | न | ज |
| सु | वी | गो | द | अं | नो | त | र | थ | ल | टी. |
| कु | र | दा | पा | ल | क | ह | ना | ह | व | ए |
| मा | जे. | न | ष | ल | म | मी | र | म्म | सी | स. |
| र | मी | ए | स | जि | स्वा | क | प | सिं | गु | कृ |
| से | ह | बु | म. | टी | म | मी | टे | बी. | ह | ष्ण |
| न | पू | सु | पा | लिं | पं. | सौ | ल | बी. | ना | मू |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | ने | ने | टं | न | र्ति |
| आ | र. | के. | त्रि | वे | दी | दो | ह | ड | क | थ |
| टी. | ए | न | शे | ष | न | इ | ह | न | ह | धी |

शब्दजाल में "भारत के प्रमुख 10 चुनाव आयुक्तों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

सुकुमार सेन, डॉ. नगेन्द्रसिंह, टी. स्वामीनाथन, टी.एन.शेषन, मनोहरसिंह, टी.एस. कृष्णमूर्ति, बी.बी.टंडन, एन.गोपालस्वामी, जे.एम. लिंगदोह, आर.के. त्रिवेदी

**शब्दजाल - 6906 का हल**

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# संक्षिप्त खबरें

## डालटनगंज स्टेशन के पार्किंग में बेकाबू कार ने आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को रौंदा



**पलामूः** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के न्यू पार्किंग में रविवार रात नशे में धुत एक कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए आधा दर्जन यात्रियों को रौंद दिया. जख्मी यात्रियों में दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं. सूचना मिलने पर टीओपी 2 की पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में ले लिया है. जख्मी यात्रियों को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भेजा गया. दोनों बच्चों की स्थिति गंभीर बताई गई है. सभी यात्री हैदरनगर के रहने वाले हैं और डिज्नीलैंड मेला देखने के लिए पहुंचे थे. टीओपी 2 प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार नशे में धुत कार (जेएच 01 एफ 9466) के चालक ने तेजी और लापरवाही से कार चलाते हुए स्टेशन पार्किंग में बैठे यात्रियों को रौंद दिया और पास के गड्ढे में गिर गया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और चालक को हिरासत में ले लिया है. उसकी मेडिकल जांच कराई जा रही है. जख्मी यात्रियों को इलाज के लिए भेजा गया है. घटना के बाद जख्मी यात्रियों के परिजनों ने चालक की पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया. कार को पत्थर मार कर क्षतिग्रस्त भी कर दिया. यात्रियों में घटना को लेकर भारी आक्रोश था. घटनास्थल पर काफी देर तक चीख पुकार मची हुई थी. जख्मी बच्चों में हैदरनगर थाना क्षेत्र के बंदुआ गांव की रहने वाली निधि कुमारी और उसका भाई अंशु कुमार, अशोक चौधरी एवं अन्य शामिल हैं. कार चालक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी के रूप में हुई है. कार चालक पूरी तरह से नशे में धुत था. नशे में होने के कारण ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था. मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने सोमवार को बताया कि कार चालक को हिरासत में लिया गया है. मामले में आगे की छानबीन की जा रही है. कार चालक नशे में था और उसने कई लोगों को रौंद दिया.

## सीआईएसएफ जवान ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारी और सुरक्षा जवानों को पीटा



**पलामूः** मेदिनीनगर में सीआईएसएफ के एक जवान ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारी और जवानों की पिटाई कर दी. पकड़े जाने के बाद जवान ने टाउन थाना में जमकर हंगामा किया और पुलिस अधिकारियों को भद्दी-भद्दी गालियां भी दी. पूरे मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सीआईएसएफ जवान गोविंद कुमार चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. गोविंद कुमार चंद्रवंशी पलामू के चैनपुर का रहने वाले हैं और फिलहाल जमशेदपुर इलाके में तैनात हैं. दरअसल, मेदिनीनगर इलाके में रक्षाबंधन मेला के दौरान कई इलाकों में जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी. जिसे ट्रैफिक प्रभारी एएसआई समाल अहमद के नेतृत्व में टाउन थाना क्षेत्र के सद्दीक मंजिल चौक के पास जाम हटाकर ट्रैफिक को सुचारू किया जा रहा था. इसी क्रम में सीआईएसएफ जवान मौके पर पहुंचे और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी एवं जवानों से उलझ गए. इस दौरान जवान ने ट्रैफिक प्रभारी एएसआई समाल अहमद और एक जवान को पीट दिया.

## पीएलएफआई का झारखंड बंद, मार्टिन केरकेट्टा के एनकाउंटर पर उठाया सवाल



**रांचीः** झारखंड में माओवादियों के बाद पुलिस के लिए सबसे ज्यादा सिर दर्द बने पीपुल्स लिब्रेशन फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएलएफआई ने 11 अगस्त को झारखंड बंद बुलाया है. इस बाबत संगठन के केंद्रीय कमेटी सदस्य अमृत होरो के हवाले से प्रेस रिलीज जारी कर पीएलएफआई सुप्रीमो मार्टिन केरकेट्टा की एनकाउंटर में हुई मौत पर सवाल खड़ा किया गया है. संगठन ने बंद का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है. हालांकि, इस धमकी को आम जनजीवन पर कोई असर नहीं दिख रहा है. पीएलएफआई की दलील है कि 6 अगस्त को गुमला पुलिस ने मार्टिन केरकेट्टा का एनकाउंटर किया था. संगठन ने इसको फर्जी एनकाउंटर बताया है. साथ ही बलिदान व्यर्थ नहीं जाने की धमकी दी है. संगठन की ओर से कहा गया है कि मार्टिन केरकेट्टा आदिवासी थे, इसलिए जानबूझकर उनका फर्जी एनकाउंटर किया गया है. वहीं पीएलएफआई द्वारा झारखंड बंद को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने मार्टिन केरकेट्टा के प्रभाव वाले क्षेत्र में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश जारी किया है.

## निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित



**जमशेदपुरः** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने रविवार, 10 अगस्त को रिवर व्यू एन्क्लेव टेल्को कॉलोनी के सामुदायिक हॉल में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में 27 लड़कियों को एचपीवी टीका लगाया गया, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल की डॉ. वनिता पांडे ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. टाटा मेमोरियल अस्पताल ने इस टीकाकरण अभियान में चिकित्सा सहायता प्रदान की और रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने टीके का योगदान दिया. इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष पुनीत कोटिया, सदस्य रोटेरियन इंदिरा धर, रोटरी साथी रश्मि श्रीवास्तव और रोटरी साथी डॉ. जांकी उपस्थित थे. रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने इस आयोजन के माध्यम से समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की. जिसका उद्देश्य युवाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित करना है. इसे सफल बनाने में सोनल सिंह, सीमा अजीज, दयाली सेनगुप्ता, निभा सिंह, तपस सिंहा, भावना झा, मौसमी बनर्जी एवं परमजीत आदि का योगदान रहा.

## झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री से मिले बंधु तिर्की



**रांचीः** झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से सोमवार को राज्य के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मुलाकात की. इस दौरान बंधु तिर्की ने पेसा कानून को लेकर तैयार प्रारूप में आवश्यक संशोधन से संबंधित सुझाव का दस्तावेज सौंपा. मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात के बाद बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड जैसे प्रदेश के लिए पेसा कानून महत्वपूर्ण है. इसलिए पेसा कानून का प्रभावशाली तरीके से लागू होना जरूरी है. पंचायती राज विभाग ने बेहतर प्रयास किया है और इसी प्रयास को सफल बनाने के लिए उन्होंने कुछ जरूरी सुझाव वर्तमान मंत्री को दिए हैं. ये सुझाव ग्राम सभा की मजबूती और गांव के विकास सहित राज्य की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित रखने के लिहाज से बहुमूल्य है.

### झारखंड हाईकोर्ट ने डीजीपी और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिया आदेश

# कोयला या अन्य खनिजों की ट्रांसपोर्टिंग से नहीं हो प्रदूषण

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने रामगढ़ के बसंतपुर कोल वाशरी से हो रहे प्रदूषण को रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान पक्ष सुना. पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने पर्यावरण प्रदूषण, सड़क की खराब स्थिति और ध्वनि प्रदूषण के मामलों पर दो सप्ताह का समय देते हुए राज्य सरकार, डीजीपी और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जवाब दायर करने का निर्देश दिया.

**निर्देशों का सख्ती का कराएं पालन-खंडपीठः** झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि इस दौरान राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) यह सुनिश्चित करें कि माइनिंग तथा कोयले या खनिजों की ट्रांसपोर्टिंग से किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं हो.









कोयला या खनिज ढोनेवाले ट्रकों को तिरपाल से ढंकना अनिवार्य किया गया है, ताकि धूल ना फैले, इसे सुनिश्चित किया जाये. राज्य के डीजीपी व झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड निर्देशों का सख्ती से पालन कराएं. ट्रकों में प्रेशर हॉर्न, मल्टी टोन हॉर्न, अनधिकृत लाइट्स (विशेषकर लाल व नीली बत्ती), झंडे लगा कर चलनेवाले वाहनों या अन्य किसी भी प्रकार के शोर करनेवाले उपकरणों आदि पर कार्रवाई सुनिश्चित करें.

**वाहनों पर राजनीतिक या धार्मिक झंडों का प्रदर्शन है प्रतिबंधितः** झारखंड में किसी भी वाहन पर बिना अनुमति के राजनीतिक या धार्मिक झंडों का प्रदर्शन प्रतिबंधित है. इसके लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली-1989 के अध्याय-पांच का पूर्ण अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए. प्रतिवादियों द्वारा दायर किये जानेवाले जवाब में की गयी कार्रवाई की भी जानकारी देने का निर्देश दिया. मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने एक सितंबर की तिथि निर्धारित की. इससे पूर्व प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने पैरवी की. वहीं प्रतिवादियों की ओर से जवाब दायर करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया.

**इन्होंने दायर की है जनहित याचिकाः** खुशीलाल महतो व अन्य की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी है. याचिका में कहा गया है कि कोयला लाने-ले जाने का काम होता है. इस दौरान कोयला का डस्ट भी उड़ता है. कोयला से प्रदूषण हो रहा है. आसपास में बड़ी आबादी रहती है. लोग प्रदूषण की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे हैं. पेयजल भी प्रदूषित हो रहा है. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने रामगढ़ डालसा सचिव को विभिन्न बिंदुओं पर स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था. डालसा सचिव ने रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें कहा गया था कि कोल वाशरी से लगभग 400 मीटर पहले की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है, जिससे ग्रामीणों को धूल और भारी वाहनों के शोर से परेशानी हो रही है. इस पर पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने सीसीएल को निर्देश दिया था कि वह गांव तक सड़क की मरम्मत कराए और मानसून के बाद सड़क का कालीकरण करें.

## नक्सलियों के टॉप कमांडर जमीन में पैसा कर रहे इन्वेस्ट, पुलिस जांच में हुए कई खुलासे

**पलामूः** नक्सली संगठन के टॉप कमांडर जमीन में पैसे इन्वेस्ट कर रहे हैं. नक्सलियों के टॉप कमांडर लेवी के पैसे से जमीन की खरीदारी कर रहे हैं. अधिकतर जमीन शहरी क्षेत्र में खरीदे जा रहे हैं, जिसमें लाखों रुपये इन्वेस्ट किया जा रहा है.



दरअसल, पलामू जोन में नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) और झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के टॉप कमांडरों के खिलाफ संपत्ति का आकलन किया जा रहा है. इसी जांच में कई खुलासे हुए हैं. जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि नक्सलियों के टॉप कमांडर अपने रिश्तेदार या करीबियों के माध्यम से जमीन में पैसे इन्वेस्ट कर रहे हैं. साथ ही अन्य तरह की संपत्तियों को भी अर्जित किया जा रहा है. नक्सलियों के टॉप कमांडरों ने बिहार और झारखंड के कई इलाकों में जमीन खरीदा है. जेजेएमपी के एक टॉप कमांडर ने लातेहार के मनिका और लातेहार में कई बड़े प्लॉट खरीदे हैं. भाकपा माओवादी से जुड़े कमांडर ने बिहार के गया एवं औरंगाबाद इलाके में बड़े पैमाने पर जमीन खरीदा है.

### एटीएस की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

## आतंकी संगठनों से जुड़े हैं झारखंड के 285 लोग

**रांचीः** आपको यह जानकर हैरानी होगी कि झारखंड राज्य के 285 लोग देश-विदेश में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं. इसका खुलासा एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड (एटीएस) द्वारा तैयार एक खुफिया रिपोर्ट में किया गया है. संदिग्ध लोगों की सूची में वैसे आतंकियों के नाम शामिल हैं, जो पूर्व में किसी आतंकी घटना में शामिल होने के आरोप में जेल जा चुके हैं या उन पर केस दर्ज है. या फिर वह वर्तमान में बरी होकर या जमानत पर बाहर आ चुके हैं. इन लोगों की गतिविधियों पर समय-समय पर एटीएस के द्वारा निगरानी रखने का भी काम किया जाता है. इसलिए एटीएस द्वारा इनके नाम के अलावा पूरा पता, पिता का नाम और उनके मोबाइल नंबर आदि भी एकत्र करके रखे गये हैं.



**इन आतंकी संगठनों से जुड़े हैं झारखंड के लोगः** एटीएस की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में रहनेवाले लोगों का नाम अब तक जिन आतंकी संगठन से जुड़कर सामने आ चुका है, उनमें इंडिया मुजाहिद्दीन से लेकर सिम्मी, लश्कर-ए-तैयबा, एक्यूआइएस, आइएसआइएस सहित अन्य आतंकी संगठन शामिल हैं. एटीएस की पूरी रिपोर्ट विभिन्न आतंकियों की झारखंड या राज्य के बाहर से गिरफ्तारी और उनसे पूछताछ में आये संदिग्ध लोगों के नाम और पते के आधार पर तैयार की गयी है.

**पाकुड़ जिले से सबसे अधिक संदिग्ध मिलेः** राज्यभर के 285 लोगों में से सबसे अधिक पाकुड़ जिले के 113 लोग आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं. राजधानी रांची की बात करें तो, यहां से कुल 49 लोग आतंकी संगठनों में शामिल हैं. वहीं बोकारो, खूंटी, लातेहार, चतरा और गोड्डा से सबसे कम 1-1 लोग देश-विदेश में सक्रिय आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं.

**पाकुड़ और साहेबगंज में फैल रहा पीएफआइ का जालः** रिपोर्ट के अनुसार आतंकी संगठन पीएफआइ का जाल सबसे ज्यादा पाकुड़ और साहेबगंज में फैला हुआ है. दूसरे आतंकी संगठन एक्यूआइएस ने रांची, हजारीबाग, लोहरदगा और जमशेदपुर में अपना जाल फैला रखा है. इसी तरह सिम्मी से जुड़े सर्वाधिक संदिग्ध रांची, हजारीबाग, लोहरदगा और जमशेदपुर में हैं. आइएसआइएस का जाल हजारीबाग, लोहरदगा, गढ़वा, गोड्डा और जमशेदपुर में है. लश्कर-ए-तैयबा हजारीबाग और जमशेदपुर में पैर फैलाने की कोशिश में लगा है. आइवाइएफ हजारीबाग और रामगढ़ में युवाओं को बरगला रहा है. हिज्ब उत तहरीर की मौजूदगी इस समय खूंटी और धनबाद में दिख रही है.

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत



**पाकुड़ः** थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई. पहली घटना थाना क्षेत्र के आबुआ दमदुमी गांव में हुई, जहां अजय राय रविवार को बकरी चराने के लिए खेत की ओर गया था. दोपहर करीब चार बजे तेज बारिश और वज्रपात शुरू होने पर वह बचने के लिए खजूर के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया. इस दौरान सीधे उस पर बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे. महेशपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया. वहीं दूसरी घटना बागडूबा गांव में हुई, जहां महेश्वर हेंब्रम अपने खेत देखने गए थे. शाम करीब चार बजे बारिश और वज्रपात के दौरान वे भी इसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण खेत पहुंचे और शव को घर ले आए. परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने का निर्णय लेते हुए पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया.

# साहिबगंज में गंगा नदी का रौद्र रूप

### 1600 घरों में घुसा पानी, बाढ़ प्रभावित स्कूल दो दिन रहेंगे बंद

**साहिबगंजः** गंगा नदी में आई बाढ़ को देखते हुए साहिबगंज में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के सभी स्कूलों को दो दिनों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश के अनुसार, आज 11 अगस्त और कल 12 अगस्त को स्कूल बंद रहेंगे. यह आदेश जिला शिक्षा विभाग द्वारा रविवार देर रात जारी किया गया है.

गौरतलब है कि साहिबगंज में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. गंगा नदी में खतरे का निशान 27.25 मीटर निर्धारित किया गया है. जबकि सोमवार सुबह 6 बजे तक यह 28.62 मीटर मापा गया है जो खतरे के निशान से 1 मीटर 37 सेमी अधिक है. यानी गंगा अब एचएफएल (हाई फ्लड लेवल) की ओर बढ़ने लगी है. ऐसे में दियारा इलाका जलमग्न हो गया है और शहरी क्षेत्र में पानी घुस गया है.

साहिबगंज नगर परिषद के 28 वार्डों में से 11 वार्ड बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं. लगभग 1600 घरों के लगभग 8000 लोग प्रभावित हुए हैं. घरों के आसपास पानी भर जाने से स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है. दियारा क्षेत्र और शहर के कई स्कूलों में पानी घुस गया है. इसे देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है.



दियारा क्षेत्र के जलमग्न होने से शहर के 11 वार्ड प्रभावित हुए हैं. सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 13 हबीबपुर हुआ है. इस वार्ड के 400 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया है. पानी घुसने से वार्ड नंबर 22 चानन गांव सबसे ज्यादा प्रभावित है. इसके अलावा वार्ड नंबर 2, 3, 4, 7, 11, 17, 18, 23, 24 के लोग प्रभावित हैं. शहर की भरतिया कॉलोनी में भी पानी घुस गया है. घरों में कमर तक पानी भर जाने के कारण लोगों ने चौक बाजार स्थित ए.एम.के. बड़ी धर्मशाला में शरण ली है. इस मोहल्ले में 104 कॉलोनियां हैं जो बाढ़ के कारण दूसरी जगहों पर चली गई हैं.

गौरतलब है कि झारखंड के साहिबगंज जिले से होकर गंगा नदी बहती है, जो सावन और भादो के महीने में भारी बारिश के दौरान उफान पर रहती है. गंगा नदी बक्सर से फरक्का तक बहती है. नेपाल से छोड़ा गया पानी सहायक नदियों कोसी नदी के माध्यम से गंगा में प्रवेश करता है, जिससे गंगा का रौद्र रूप और भी उग्र हो जाता है. इससे बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं.

## बिहार की तरह झारखंड में भी होगा वोटरों का एसआइआर, क्या होंगे इसके फायद

**रांचीः** बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी चुनाव आयोग वोटरों का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) करने जा रहा है. यह जानकारी गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने देवघर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी. उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम राजीव से गांधी ने ही वोट देने की उम्र सीमा को 18 वर्ष करने के साथ-साथ एक वोटर का नाम सिर्फ एक जगह पर रखने की घोषणा की थी. उसके बाद संसद में इसकी मंजूरी ने मिली.



वर्तमान में बिहार में चुनाव आयोग भी यही कर रहा है. एक व्यक्ति का तीन चार जगह नाम है, तो आप उसी जगह वोट देंगे, जहां आप रह रहे हैं.

**झारखंड में बांग्लादेशियों से छिनेगा वोट डालने का अधिकारः** सांसद ने कहा कि एसआइआर होने से झारखंड में बांग्लादेशियों को वोट डालने का अधिकार नहीं मिलेगा. सांसद ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग का गलत इस्तेमाल हमेशा कांग्रेस ने किया है. सांसद डॉ दुबे ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सवाल खड़ा करने वाली कांग्रेस सहित विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा पर घटिया राजनीति कर रहे हैं. वहीं, राहुल गांधी चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर खुद घिर गये हैं, उन्हें माफी मांगनी चाहिए.

**क्या है एसआइआर?ः** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) के तहत मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है. गलत या दोहरे नाम हटाए जाते हैं. साथ ही मृत मतदाताओं के नाम भी सूची से हटाए जाते हैं. यह आमतौर पर विधानसभा या लोकसभा चुनावों से पहले किया जाता है. एसआइआर का मुख्य उद्देश्य फर्जी वोटिंग को रोकना है.

## श्रावणी मेला में रेलवे हुआ मालामाल, छप्पर फाड़ आमदनी से टूटे सभी रिकॉर्ड





श्रावणी मेला 2025 समाप्त हो चुका है. इस साल श्रावणी मेले के दौरान रेलवे ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है. यात्रियों की संख्या और रेलवे की आय दोनों में बंपर बढ़ोतरी दर्ज हुई है. मालूम हो श्रावणी मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए करीब 60 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था. रेलवे से मिली जानकारी अनुसार, मेला के दौरान यात्रियों की आवाजाही में 21.06 प्रतिशत और रेलवे की आय में 13.48 प्रतिशत वृद्धि हुई है.

**रेलवे को 12.81 करोड़ रुपये की आयः** श्रावणी मेले के दौरान 11 जुलाई से 9 अगस्त तक जसीडीह, देवघर, बासुकिनाथ और बैद्यनाथधाम स्टेशनों से कुल 17,05,412 यात्रियों ने सफर किया, जिससे रेलवे को 12.81 करोड़ रुपये की आय हुई. रेलवे की ओर से एमयूटीएस टिकट व्यवस्था से भी 64 लाख रुपये की अतिरिक्त आमदनी हुई है.

# डूरंड कप टूर्नामेंट में भारतीय सेना एफटी ने की जीत दर्ज, लेकिन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने से चूके

**जमशेदपुरः** भारतीय सेना फुटबॉल टीम ने दो गोल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 1 लद्दाख एफसी को 4-2 से हराया। यह मुकाबला 134 वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ग्रुप सी में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला गया। इस जीत से सेना के छह अंक ही गए और वे ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर पहुंच गए, लेकिन दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान की टीमों में जगह बनाने के लिए आवश्यक गोल अंतर (+5) में कम (+2) रहने के कारण उनका अभियान वहीं समाप्त हो गया। सभी 43 मुकाबले सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क (सोनी तेन 2 एचडी) पर लाइव प्रसारित हो रहे हैं और सोनीलिव प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किए जा रहे हैं।



भारतीय सेना टीम के कोच मनीप वाहि ने अपनी शुरुआती एकादन में तीन बदलाव किए गोलकीपर सैयद बिन अब्दुल कादिर, डिफेंडर प्रेम कुमार एसके और फॉरवर्ड शुभम राणा को गगनदीप सिंह, शफील पीपी और बांगदेन तामांग की जगह 4-4-2 फॉर्मेशन में उतारा। वहीं, 1 लद्दाख एफसी के मुख्य कोच राजन मणि ने 4-3-3 फॉर्मेशन में केवल दो बदलाव किए फॉरवर्ड लेरिंग नामग्याल और ए. रीगन को कार्तिक गोविंद स्वामी और ए. अजय की जगह शामिल किया। मैच की शुरुआत में सेना ने आवश्यक गोल अंतर हासिल करने के उद्देश्य से तेज मिडफील्ड इंटरचेंज और किनारों से आक्रमण किया, जिसमें विग्नेश बेलन और क्रिस्टोफर कामेई अहम रहे। नष्ट्राख ने पलटवार में पी. कमलेश की रफ्तार और सिंजू की हवाई क्षमता का सहारा लिया। दोनों ओर में शुरुआती मौके बने। 10वें मिनट में लद्दाख के तेज आक्रमण की कप्तान सुनील के अंतिम क्षण के टैकल ने रोका, जबकि मेना के लिए लिटन शिल ने दूरी से एक सूचसूरत हॉट लगाया, जिसे गोलकीपर ने संभाल लिया। मिडफील्ड में तीव्र टक्कर और लगातार प्रेसिंग ने संकेत दे दिए थे कि यह मैच रक्षात्मक नहीं होने वाला, और इसके बाद गोलों की बारित शुरू हुई।

भारतीय सेना एकटी ने दो जीत और छह अंकों के साथ डूरंड कप सफर खत्म किया, जबकि लद्दाख एफसी का प्रेरणादायी हेब्यू अभियान एक अंक के साथ समाप्त हुआ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।